ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
डालटनगंज एवं रांची (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आश्विन शुक्ल पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 23 अक्टूबर 2023 • वर्ष-30 • अंक-10 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

### शुभकामनाएं


राष्ट्रीय नवीन मेल के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, हॉकरों एवं शुभचिंतकों को 'दुर्गा पूजा एवं दशहरा' की हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश की सूचना

'दुर्गा पूजा एवं दशहरा' के अवसर पर राष्ट्रीय नवीन मेल कार्यालय 23 व 24 अक्टूबर (सोमवार एवं मंगलवार) को बंद रहेगा। अत: अखबार का अगला अंक 26 अक्टूबर (गुरुवार) को प्रकाशित होगा।

### नवरात्र : नौवां दिन

**मां सिद्धिदायिनी दुर्गा**



सिद्धगंधर्व यक्षाद्यैर सुरैरमरै रपि।
सेव्यमाना सदाभूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी॥

**ध्यानमंत्र** – जो देवी सिद्धों, गन्धर्वों, यक्षों, असुरों और देवों द्वारा भी सदा सेवित होने वाली सिद्धिदायिनी दुर्गा सिद्धि प्रदान करने वाली हों।

## झारखंड के चार देवी पीठों में होता है 16 दिनों का नवरात्र अनुष्ठान, उमड़ रहे श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** नवरात्र में यूं तो मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-आराधना होती है, लेकिन झारखंड के चार देवी पीठ ऐसे हैं जहां शारदीय नवरात्रि पर 16 दिनों का अनुष्ठान होता है। विशिष्ट परंपराओं, मान्यताओं और ऐतिहासिक कहानियों वाले इन देवी स्थलों पर हर नवरात्र में बड़ी तादाद में श्रद्धालु जुटते हैं। इस वर्ष 15 अक्टूबर को नवरात्रि की शुरूआत हुई है, जिसका समापन 24 अक्टूबर को होगा।

झारखंड के इन चार मंदिरों में 9 अक्टूबर को जिउतिया (जीवित्पुत्रिका व्रत) नामक पर्व के अगले दिन यानी आश्विन कृष्ण पक्ष नवमी को कलश स्थापना के साथ नवरात्रि के अनुष्ठान प्रारंभ हो गये थे। जिन देवी पीठों में 16 दिनों का नवरात्रि अनुष्ठान होता है, उनमें लातेहार जिले के चंदवा स्थित उग्रतारा मंदिर, बोकारो जिले के कोलबेंदी मंदिर, चाईबासा स्थित केरा मंदिर और सरायकेला-खरसावां में राजागढ़ स्थित मां पाउड़ी मंदिर शामिल हैं।

16 दिनों की नवरात्रि आराधना के पीछे की मान्यता के बारे में आचार्य संतोष पांडेय बताते हैं कि भगवान राम ने लंका विजय के लिए बोधन कलश स्थापना कर 16 दिनों तक मां दुर्गा की आराधना की थी। झारखंड के कई राजघरानों ने इस परंपरा को चार-पांच सौ वर्षों से जारी रखा है। संभवतः पूरे भारतवर्ष में और किसी स्थान पर 16 दिनों के नवरात्रि अनुष्ठान की परंपरा नहीं है। इन चार मंदिरों में से लातेहार के चंदवा स्थित मां उग्रतारा नगर मंदिर की मान्यता सिद्ध शक्तिपीठ के रूप में है। यह मंदिर हजारों साल पुराना बताया जाता है। शारदीय नवरात्रि में सामान्य तौर पर 16 दिनों का नवरात्रि अनुष्ठान तो यहां होता ही है, जिस वर्ष नवरात्रि वाले महीने के साथ मलमास जुड़ा हो, उस वर्ष 45 दिनों का नवरात्रि अनुष्ठान होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर तीन वर्ष पर एक वर्ष ऐसा होता है, जिसमें 12 के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## महाअष्टमी पर भक्तों ने की महागौरी की पूजा



लोहरदगा में एक पूजा पंडाल में स्थापित की गई मां दुर्गे की भव्य मूर्ति।

### झारखंड स्थापना दिवस पर शुरू होगा आपकी सरकार-आपके द्वार का तीसरा चरण

# बड़े पैमाने पर योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर 15 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की जनता को कई तोहफे देंगे। इसी दिन से आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू होगा। इस अभियान के तहत लोगों से विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का आवेदन लिया जाएगा और निर्धारित समय में उसे पूरा किया जाएगा। स्थापना दिवस को लेकर सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

जानकारी के अनुसार राज्य स्थापना दिवस के मौके पर ही रांची स्मार्ट सिटी परिसर में अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का शिलान्यास किया जाएगा। यह अस्पताल 250 बेड का होगा। पहले चरण में यहां ओपीडी की शुरूआत की जाएगी। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी का तोहफा भी दिया जाएगा।

राज्य के गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए अबुआ आवास योजना की शुरूआत राज्य स्तर पर की जाएगी। इस योजना के तहत गरीबों को तीन कमरे का मकान दिया जाएगा। करीब 16 हजार 320 करोड़ से अधिक की इस योजना से लगभग आठ लाख लोगों को पक्का मकान राज्य सरकार अपने मद से उपलब्ध कराएगी। इसके साथ ही हेमंत सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

मुख्यमंत्री राज्य स्थापना दिवस से पहले एक नवंबर से राज स्तर पर भूमिहीन आदिवासियों को वन पट्टा देने के लिए अबुआ बीर दिशोम अभियान 2023 शुरू करेंगे। इसके लिए ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन,पुनर्गठन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिलास्तरीय वन प्रमंडल पदाधिकारी और राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक, ग्रामस्तरीय वनाधिकार समिति में की जाने वाली कार्रवाई के लिए सभी प्रकार के भू-अभिलेख, फॉरेस्ट मैप आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी कार्य योजना तैयार की जा रही है। उपायुक्तों के स्तर से एक विस्तृत प्रतिवेदन आदिवासी कल्याण आयुक्त को दिया जा रहा है।

इसके पहले दो चरणों में यह कार्यक्रम हो चुका है। 15 नवंबर से इसका तीसरा चरण आरंभ होगा। इस अभियान के तहत सुदूर इलाकों में शिविर लगाए जाएंगे, जहां लोगों से विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के लिए आवेदन लिया जाएगा। इसे निर्धारित समय में पूरा किया जाएगा।

## एनटीए नहीं अब एपेक्स बोर्ड कराएगा आईआईटी व एनआईटी एंट्रेंस एग्जाम

**नई दिल्ली।** आईईटी व एनआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली 'जेईई' परीक्षा अब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए नहीं कराएगा। यह परीक्षा अब जेईई एपेक्स बोर्ड (जेएबी) करवाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एपेक्स बोर्ड की संरचना और गठन के संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। जेईई मेन के स्कोर के आधार पर 32 एनआईटी और जेईई एडवांस्ड के आधार पर देशभर की 26 आईआईटी में दाखिला होगा। गौरतलब है कि जेईई में 12 लाख से अधिक छात्र शामिल होते हैं। आईआईटी में दाखिले के लिए 'जेईई मेन' में मेरिट हासिल करने वाले छात्र 'जेईई एडवांस्ड' की परीक्षा देते हैं। 'जेईई एडवांस्ड' परीक्षा में अच्छा स्कोर करने वाले छात्रों को आईआईटी में दाखिला मिलता है, जबकि एनआईटी में 'जेईई मेन' के रिजल्ट के आधार पर दाखिला होता है। अभी तक यह दोनों एग्जाम करवाने की जिम्मेदारी एनटीए की थी। लेकिन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की पहल के बाद अब एनटीए यह परीक्षाए नहीं करवाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने इन परीक्षाओ के लिए नए बोर्ड का गठन किया है। यह नया बोर्ड ही आगे से आईआईटी और एनआईटी के लिए एंट्रेंस टेस्ट कराएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित किए गए इस बोर्ड का नाम जेईई एपेक्स बोर्ड है। बीएचयू के कुलपति प्रोफेसर एसके जैन को इस बोर्ड का चेयरमैन बनाया गया है। प्रोफेसर एसके जैन जहां इस बोर्ड के अध्यक्ष हैं, वहीं सदस्यों के तौर पर इसमें आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईआईटी लखनऊ, आईआईटी मद्रास, एनआईटी राउरकेला, एनआईटी सुरतकल, आईआईआईटी हैदराबाद, आईआईटीएम ग्वालियर के डायरेक्टर, मध्य प्रदेश, असम, मणिपुर, महाराष्ट्र, यूपी, पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, सीबीएसई के चेयरमैन, एनआईसी, एनटीए और सी-डैक के डायरेक्टर जनरल व एमओई के एडिशनल सेक्रेटरी और ज्वाइंट सेक्रेटरी शामिल किए गए हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नोटिफिकेशन के अनुसार जेएबी को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा स्थायी सचिवालय उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं जेईई इंटरफेस ग्रुप आर्थिक सहायता देगा। नोटिफिकेशन के मुताबिक, एनटीए जेईई एंट्रेंस टेस्ट आयोजित करने के लिए प्रशासनिक और लॉजिस्टिक मदद भी देगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी भले ही इसमें लॉजिस्टिक और अन्य प्रशासनिक मदद प्रदान करे, लेकिन जेईई मेन और जेईई एडवांस्ड परीक्षाओं के लिए पॉलिसी, रूल और रेगुलेशन स्थापित करने का अंतिम अधिकार जेएबी के पास होगा। अगले वर्ष होने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### गागर में सागर

#### घर-घर मतदाता सर्वेक्षण का दूसरा चरण 27 से होगा शुरू

**रांची।** झारखंड में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण के अंतर्गत घर-घर मतदाताओं के सर्वेक्षण कार्यक्रम का दूसरा चरण 27 अक्टूबर से शुरू होगा, जो नौ दिसंबर तक चलेगा। एक जनवरी 2024 तक जो युवा 18 साल पूरा करने वाले है। उन्हें भी मतदाता सूची में शामिल करने की पहल की जा रही है। इस बीच 18 साल पूरा कर चुके युवा वोटरों का भी नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। 28, 29 अक्टूबर और 4, 5 नवंबर को सभी मतदान बूथ पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि 28 नवंबर को आदिम जनजातियों के लिए, 29 नवंबर को बेघर लोगों के लिए, 30 नवंबर को 80 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए, दो दिसंबर को थर्ड जेंडर और ट्रांसजेंडर के लिए और तीन दिसंबर को दिव्यांग जनों के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

#### गिरिडीह के प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत

**गिरिडीह।** जिले के प्रवासी मजदूर की मौत रविवार की सुबह मुंबई के पनवेल में कलंबोली में हो गई। रामबिलास सिंह (50) गिरिडीह के डुमरी थाना इलाके के चैनपुर के मगरगद्दी का रहने वाला था। उसकी मौत का कारण फिलहाल पता नहीं चल सका है। उसके पिता जयगोपाल सिंह को रविवार की सुबह मौत की जानकारी मिली। इसके बाद पूरे गांव और परिजनों में कोहराम मच गया। इधर, प्रवासी मजदूर के हित में काम करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली ने कहा कि राज्य के कई हिस्सों में इसी तरह प्रवासी मजदूरों की मौत बड़े महानगरों में लगातार जारी है लेकिन राज्य सरकार इन्हें लेकर कोई गंभीर पहल तक नहीं कर रही है और न ही ऐसे मजदूरों के परिजनों को कोई मुआवजा तक दे रही है।

#### दुमका में वृद्ध की गोली मारकर हत्या

**दुमका।** दुमका के जामा थाना क्षेत्र के लोधना गांव में गोली मारकर फारुख शेख (55) की हत्या कर दी गई। जानकारी के मुताबिक जमीन विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### आईसीसी वर्ल्ड कप 2023



**भारत -274 /6 ( 48 ओवर)**

**न्यूजीलैंड-273/10 ( 50 ओवर)**

**आज का मैच**

**पाकिस्तान बनाम अफगानिस्तान चेन्नई (2 बजे से)**

## पीटीआर में बाघ है, पग चिन्ह व मल मिले

**नवनी मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में एक टाइगर की मौजूदगी का पता चला है। इस टाइगर का बाल, पग चिन्ह और मल प्राप्त हुआ है। इसके बाल, पग चिन्ह और मल के सैंपल को देहरादून स्थित वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया को भेजा जा रहा है। मुख्य वन संरक्षक और क्षेत्र निदेशक पलामू टाइगर रिजर्व के कुमार आशुतोष ने इस बात की पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा है कि एक टाइगर की मौजूदगी देखी गई है। इसकी मौजूदगी उत्तरी प्रमंडल में देखी गई है। उन्होंने बताया कि इन तीनों को वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया में भेजा जा रहा है। इसी साल मार्च महीने में एक टाइगर देखा गया था। उसे गांव वालों और ट्रैकर ने देखा था। हालांकि उन्होंने कहा है कि यह सीधी आंखों से नहीं देखा गया है। उन जगहों पर कैमरा ट्रैक भी लगा दिया है। उन्होंने आगे कहा है कि टाइगर ने दो गायों को अपना निशाना बनाया है। एक गाय जिस पर उसने हमला किया था वह बच गई है। उन्होंने यह भी कहा कि यह एक नर टाइगर है। वह छत्तीसगढ़ से आया था।

## एक सिंडिकेट का थोक कारोबार पर हो कब्जा इसके लिए बड़े पैमाने पर हुई मनी लाउंड्रिंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में शराब के थोक कारोबार के लिए 11 जून 2021 को विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापन जारी होने के बाद ही योगेंद्र तिवारी व प्रेम प्रकाश के नेतृत्व में सिंडिकेट ने सभी जिलों के लिए अलग अलग नामों से भी आवेदन डाले। आवेदन राशि 25 लाख रुपये थी, ऐसे में सिर्फ 9 अन्य लोगों ने आवेदन डाले। जिन कंपनियों को थोक कारोबार का ठेका मिला, उसमें से अधिकांश के सभी के बैंक खाते जामताड़ा व दुमका में थे। धनबाद, रांची के पते पर रजिस्टर्ड कंपनियों के खाते भी इन्हीं बैंकों में थे, इससे मनी लाउंड्रिंग का संदेह बढ़ा। ईडी ने जांच में पाया है कि ठेका हासिल करने के लिए पूरा पैसा अलग अलग वैध व अवैध स्त्रोत से कंपनियों के खाते में डाला गया।

### योगेंद्र व अमरेंद्र कई कंपनियों में पार्टनर

शराब का थोक कारोबार हासिल करने वाले योगेंद्र व अमरेंद्र तिवारी कई कंपनियों में पार्टनर थे। अमरेंद्र तिवारी ने अपने नाम से जामताड़ा का लाइसेंस लिया था, इसके अलावे सिमडेगा में लाइसेंस लेने वाली कंपनी संताल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, देवघर की शरण अल्कोहल प्राइवेट लिमिटेड, धनबाद की बासुकीनाथ इंटरप्राइजेज का वह निदेशक है। जबकि मैहर डवलपर्स में वह पार्टनर है। योगेंद्र तिवारी चक्रपाणि कोमोडिटिज व संताल परगना का निदेशक है। योगेंद्र ने साहिबगंज के लाइसेंसधारी संजीत हेंब्रम को भी पैसे दिए। योगेंद्र तिवारी शराब का थोक कारोबार हासिल करने वाली चार कंपनियों का पूर्व निदेशक है।

#### मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य, एक दूसरे से जुड़ी कंपनियों में करोड़ों का ट्रांजेक्शन

- योगेंद्र तिवारी की कंपनी संताल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड और राजमहल ट्रेडर्स और विद्या वाणिज्य प्राइवेट लिमिटेड को क्रमशः सिमडेगा, रामगढ़ व लोहरदगा का लाइसेंस मिला था। इन तीनों कंपनियों को शारदा डीलकॉम प्राइवेट लिमिटेड से कुल 3 करोड़ रुपये मिले थे।
- राजमहल टेडर्स और साहिबगंज के लाइसेंसधारी संजीत हेब्रम भी आपस में संबंध थे। इनके खातों में 24 जून 2021 को 13 लाख की राशि का लेनदेन हुआ था। वहीं गिरिडीह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सत्ता और ब्यूरोक्रेसी के बड़े चेहरे केंद्रीय जांच एजेंसी के रडार पर

# झारखंड में 'सुपर एक्टिव' मोड में है ईडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में ईडी सुपर एक्टिव मोड में है। खनन घोटाला, जमीन घोटाला के बाद अब शराब और बालू घोटाले में एजेंसी द्वारा शुरू की गई कार्रवाई से सत्ता से लेकर ब्यूरोक्रैसी के गलियारों में हलचल है। अलग-अलग मामलों में जांच का बढ़ता दायरा सीएम हेमंत सोरेन, उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों और राज्य के करीब आधा दर्जन आईएएस और राज्य सेवा के अफसरों की परेशानी बढ़ा सकता है। ईडी पावर ब्रोकर्स और कई कारोबारियों पर भी लगातार शिकंजा कस रहा है। ईडी की जांच और कार्रवाई की वजह से राज्य के दो आईएएस अफसर पूजा सिंघल और छविरंजन, ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम, आठ-नौ बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल, अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, योगेंद्र तिवारी, सुनील यादव, टिंकल भगत, भगवान भगत, कृष्णा शाह, दो चार्टर्ड एकाउंटेंट सुमन कुमार एवं नीरज मित्तल और दो पावर ब्रोकर्स पंकज मिश्र एवं प्रेम प्रकाश और योगेंद्र तिवारी सहित 20 से भी ज्यादा लोग जेल भेजे जा चुके हैं। एजेंसी की सबसे ताजा कार्रवाई शराब घोटाले में हुई है। बीते गुरुवार को शराब घोटाले के किंगपिन माने जाने वाले राज्य के बड़े कारोबारी योगेंद्र तिवारी को ईडी ने गिरफ्तार किया। इसके पहले उससे तीन अलग-अलग तारीखों में लंबी पूछताछ की गई। अब एजेंसी ने उसे आठ दिनों की रिमांड पर लेकर शनिवार से विस्तृत पूछताछ शुरू की है। गिरफ्तारी के बाद उसे अदालत में पेश करते हुए एजेंसी ने दावा किया कि योगेंद्र तिवारी शराब के साथ-साथ जमीन एवं बालू के अवैध कारोबार में शामिल रहा है और उसे कई अफसरों और नेताओं का संरक्षण प्राप्त था।




जाहिर है, योगेंद्र तिवारी से होनेवाली पूछताछ से जो तथ्य सामने आने वाले हैं, उसकी आंच झारखंड की सत्ता और नौकरशाही के बड़े चेहरों तक पहुंचेगी। योगेंद्र तिवारी के खिलाफ देवघर जिले के अलग-अलग थानों में पूर्व से दर्ज चार एफआईआर के आधार पर ईडी ने बीते 31 मार्च को ईसीआईआर (इन्फोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट) दर्ज की थी। इसके बाद 23 अगस्त को राज्य में 34 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर कई तरह के दस्तावेज और साक्ष्य बरामद किए गए थे। इनमें से एक ठिकाना राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और उनके पुत्र रोहित उरांव का आवास भी था। यहां से ईडी ने तीस लाख रुपए नगद भी बरामद किए थे।

इस छापेमारी के बाद जांच का दायरा और बढ़ गया। ईडी ने अब उसी ईसीआईआर में 15 और एफआईआर को जोड़ दिया है। इन एफआईआर में नामजद करीब 20 से ज्यादा लोग तो सीधे तौर पर ईडी की जांच की जद में आ गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि कड़ियां जैसे-जैसे जुड़ेंगी, घोटालों के नए-नए किरदार सामने आएंगे। आरोप है कि योगेंद्र तिवारी ने वर्ष 2021-22 में राज्य में शराब के कारोबार में एकाधिकार कायम कर लिया। उसने अपने कर्मचारियों के नाम पर अलग-अलग फर्म बनाकर शराब के ठेके हासिल किए थे और इन फर्मों का पूरा नियंत्रण योगेंद्र तिवारी के हाथ में ही था। झारखंड में जो शराब घोटाला हुआ है, उसकी कड़ियां छत्तीसगढ़ से भी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## अनियंत्रित कार खाई में गिरी एक की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुरदरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नेतरहाट घाटी स्थित मिलिट्री मोड़ के समीप शनिवार की रात एक हुंडई क्रेटा कार अनियंत्रित होकर 300 फीट नीचे गहरी खाई में गिर पड़ी। इस हादसे में बरियातु रांची निवासी 35 वर्षीय युवक मोहम्मद शहबाज रिजवी उर्फ कैफ के माथे पर गंभीर चोट लगी और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। कार चालक सारिक खान का दाहिना पैर टूट गया। कार में सवार फरदीन खान (18 ) व सैयद शादाब (19) को हल्की चोटें लगी हैं।

सैयद का कहना था कि वे लोग रांची बरियातू के रहने वाले हैं। शनिवार शाम सभी लोग क्रेटा कार से नेतरहाट घूमने जा रहे थे। नेतरहाट घाटी में तीखा मोड़ होने के कारण चालक ने संतुलन खो दिया और गाड़ी खाई में जा गिरी। घटना के बाद फरदीन व शादाब बड़ी मुश्किल से 300 फीट गहरी खाई से निकल कर सड़क तक पहुंचे और राहगीरों को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची गुरदारी पुलिस और सीआरपीएफ 158 बटालियन ने रात 10:30 बजे से देर रात 2:00 बजे तक बचाव कार्य चलाकर मृतक एवं घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशनपुर पहुंचाया।

## गागर में सागर

### विधायक ने नव निर्मित प्रतिष्ठान गुरुजी इलेक्ट्रानिक का किया उद्घाटन

**विश्रामपुर।** सोरडीहा में नव निर्मित प्रतिष्ठान गुरुजी इलेक्ट्रानिक शो रूम का स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने रविवार को फीता काट कर व नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा की विश्रामपुर में इस तरह के नए प्रतिष्ठान का शुभारंभ क्षेत्र को विकसित व राज्य को उन्नति के पथ पर अग्रसर करेगा।वही युवाओं को विधायक ने स्वरोजगार से जुड़ते हुए रोजगार मांगने वाला नही बल्कि दूसरे को रोजगार देने वाला बनाने की बात कही।वही प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर सह सेवा निवृत शिक्षक हरी शंकर सिंह ने कहा की मेरे संस्थान में ग्राहकों की संतुष्टि हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।वही प्रतिष्ठान के संचालक रितेश सिंह ने कहा की क्वालिटी व क्वांटिटी से कभी भी कोई समझौता नहीं की जायेगी। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, नगर प्रतिनिधि राजन पाण्डेय,गोपाल पांडेय,संजय पांडेय,शिक्षक अशोक तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### कार दुर्घटना में मृत व घायल के परिजनों से मिले विधायक

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में सड़क दुर्घटना में मृत व घायलों के परिजनों से उनके गांव पहुंचकर रविवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मिलकर परिजनों को ढाड़स बंधाया। उन्होंने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया व परिजनों से इस दुःख की घड़ी में धैर्य से काम लेने की सलाह दी। उन्होंने पीड़ित परिवार को घटना स्थल से शव को गांव लाने में आर्थिक सहायता भी की। उन्होंने परिजनों को ढाढ़स बंधाया व घायल बच्चों के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की। उन्होंने कहा कि वह यूपी की सरकार से मृतकों के आश्रितों को उचित मुआवजा व घायलों का समुचित उपचार कराने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में यूपी व झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे। मालूम हो कि दिल्ली से अपने बहनोई के श्राद्ध कर्म में आने के दौरान हुसैनाबाद के कचरा गांव निवासी बैठा परिवार के पांच लोगों की मौत सड़क दुर्घटना में यमुना एक्सप्रेसवे पर हो गई है।

### शोक व्यक्त किया

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने दिल्ली जमुना एक्सप्रेस वे पर सड़क दुर्घटना मे एक ही परिवार के चार लोगों के मौत होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष उदय राम, सनी पासवान संजीत कुमार, संजय मिस्त्री, धरमजय पासवान, शिवनारायण साव, हीरामन मांझी आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### मां की उपासना से पूरी होती है सभी मनोकामना : राजीव

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत के अररुआ कला गांव में रविवार को दुर्गा पूजा पंडाल में शारदीय नवरात्र के महाअष्टमी में महाआरती का हुआ आयोजन। महाआरती के मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन मुख्य रूप से शामिल हुए। पूजा पंडाल में पहुंचकर दुर्गा मां का दर्शन किया। वही लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मां की उपासना से पूरी होती है सभी मनोकामना। उन्होंने माता के चरणों में माथा टेका और क्षेत्र अमन चैन की दुआ मांगी। साथ ही लोगों को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दिया। मौके पर पंसस रामजी पासवान, कमेटी के अध्यक्ष अंबुज सिंह, सुशांत सिंह, अरुण कुमार, धनंजय यादव ,मृत्युंजय सिंह, शिक्षक कृष्णा साव, गोपाल प्रसाद, शंभू यादव, विजय प्रजापति, दिनेश पासवान सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

### फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**मेदिनीनगर।** पलामू रामगढ़ प्रखंड के सरजा में स्वतंत्रता सेनानी स्व भागीरथी सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय थे लेकिन कुछ कारण के वजह से नहीं आ सके उनके अनुपस्थित में मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला परिषद छोटन सिंह खरवार ,विशिष्ट अतिथि विश्वास सिंह, समाजसेवी - उपेंद्र सिंह खरवार ,विनोद सिंह, रामगढ़ प्रमुख प्रेमनी देवी, पूर्व मुखिया महेन्द्र सोनी, उल्डांडा पंचायत मुखिया राजकुमारी देवी,लीलावती देवी एवं सभी अतिथि एक साथ मिलकर फीता काटक मैच का शुभारंभ किये । छोटन सिंह ने खिलाड़ी को शिक्षा के साथ खेल का भी प्रशंसा किये ।विशिष्ट अतिथि विश्वास सिंह ने कहा स्व0 भागीरथी सिंह के विचारों को सम्मान करते हुए समिति को धन्यवाद दिये। समिति अध्यक्ष - पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष - दीनानाथ सिंह,सचिव - विशाल कुमार भुईहर,उपाध्यक्ष - श्रवण बड़ा,उपकोषाध्यक्ष - अशोक भुईहर,उपसचिव - प्रदीप सिंह,मंत्री - श्यामबिहारी सिंह,महामंत्री - फागु सिंह खरवार, सेरका के गौवा दिलचंद सिंह जयराम सिंह,अभिषेक गुप्ता ,दसरथ सिंह एवं सैकड़ो लोगों उपस्थित हुए।

# नोएडा सड़क दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव गांव पहुंचे, सन्नाटा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के कुर्मीपुर पंचायत के कचरा गांव निवासी रामप्रीत बैठा के चार परिवार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं रविवार को देर शाम शव पहुंते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि घर की आर्थिक तंगी रहने के कारण वह कमाने के लिए दिल्ली में बीस वर्षों से रहकर काम करता था। शनिवार को अपने बहनोई के श्राद्ध कर्म में आने के लिए शनिवार को अपने बहनोई के श्राद्धकर्म में आने के क्रम में अज्ञात वाहन की कार में टक्कर मार देने से मौत हो गई थी। वहीं पोस्टमार्टम कराने व कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद एम्बुलेंस से शव को उसके घर पर रविवार को लाया गया। शव पहुंचते ही उसके परिजनों की चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। उसकी मौत से घर का कमाउ पुत्र का साया उठ गया। इस घटना की खबर सुनकर पंचायत के कई लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उसका अंतिम संस्कार गांव के शमशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि मृतक उपेंद्र बैठा का पुत्र दिपांशु कुमार ने दी। उसके शव यात्रा में विधायक कमलेश कुमार सिंह,पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव,कुशवाहा शिवपूजन मेहता,पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा,जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह,भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह,रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह,ब्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा,कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी, प्रमुख राजकुमारी देवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### मोहम्मदगंज में डैम से मिला अधेड़ का शव

**मोहम्मदगंज।** काशी शोत डैम में डूबे आजाद नगर बटौआ के मलूकी राजवार 48 वर्ष का शव डैम का पानी में मिला। शव दो दिन पानी मे डूबे रहने से फूल कर स्वतः ऊपर आ गया था। सूचना पर परिजनों ने रविवार की सुबह उसे निकाला। ग्रामीणों ने मोहम्मदगंज पुलिस को शव मिलने की जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौप दिया। ग्रामीणों ने बताया की मृतक डैम में मछली पालन के लिये बना कमेटी का सदस्य भी था। डैम के गहरे पानी मे जाने से उसकी मौत हो गयी। शव बरामदगी को लेकर भजनिया के स्थानीय गोताखोर ने दो दिनों तक शव की खोज की थी परंतु असफल रहे। डैम के किनारे से मृतक का मोबाईल, कपड़ा ,पैसा व चप्पल बरामद किया गया था।

## विश्रामपुर में बनेगा पेंशनर भवन भूमि पूजन के बाद आधारशिला रखी



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पुराने ब्लॉक कार्यालय परिसर में पेंशनर भवन का निर्माण होगा। रविवार को भूमि पूजन के बाद पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने भवन निर्माण की आधारशिला रखी। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र का पूर्ण विकास ही हमारा लक्ष्य है.इस भवन के निर्माण से पेंशनर समाज को काफी सुविधा हो जायेगी। पेंशनर समाज के अध्यक्ष रामलगन राम ने बताया कि पेंशनर भवन बन जाने से हम लोगो को कही भटकने की जरूरत नही है। यहीं बैठकर सभी समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, महेंद्र राम, रामध्यान राम, श्रवण राम, हरे राम सिंह, शम्भू शरण राम, चतर्गुन राम, पचू मिस्त्री, हरिहर ठाकुर, पारसनाथ पांडेय, युगेश्वर विश्वकर्मा, राधिका देवी, मानमती देवी, देवंती देवी, रामनारायण राम, रामप्रवेश राम, रामस्वरूप सिंह, अजय राम, उदय राम, झुना कुंवर, बीरबल राम, हरिहर चौधरी, बलि यादव, कैलाश पासवान, बृजकिशोर राम सहित पेंशनर समाज के कई लोग मौजूद थे।

# महाअष्टमी पर पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़







**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** महाअष्टमी को लेकर सुबह से ही हुसैनाबाद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर रहे हैं।शहर के जपला महावीर जी भवन, स्टेशन रोड,दुर्गा बाड़ी, चार धाम, पटेल नगर,जपला चौबे समेत कई स्थानों पर पूजा कमिटी द्वारा भव्य पंडाल बनाए गए हैं। वही ग्रामीण क्षेत्र के देवरी कला, देवरी खुर्द, पथरा, चनकार कस्तूरी, अलीनगर, झरहा, कुड़वा कला, दंगवार, झरगड़ा, ऊपरी, लंगरकोट, महुदण्ड समेत कई स्थानों पर पूजा पंडालों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। महाअष्टमी के दिन लोग व्रत रखते हैं। जो नौ दिनों तक उपवास नहीं करते। वे एकम यानी पहले और अष्टमी के दिन उपवास करते हैं।इस दौरान हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह,जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा के वरीय नेता बिनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह,कर्नल संजय सिंह,कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी , निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, प्रमुख राजकुमारी देवी आदि ने पूजा पंडालों का भ्रमण कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। दुर्गा पूजा पंडालों के आस-पास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालु पंडालों में देवी के दर्शन के लिए उमड़ पड़े हैं। इस बीच स्टेशन रोड युवा बाल संघ के अध्यक्ष रामलाल साव,सचिव रवि यादव,संरक्षक राजेश्वर सिंह,महावीर भवन पूजा समिति के अध्यक्ष मिंटू अग्रवाल, सचिव संतोष गुप्ता,चार धाम पूजा कमिटी के अध्यक्ष राजकुमार, सचिव संजीत कुमार,दुर्गा बाड़ी समिति के अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव पंकज विश्वकर्मा,पटेल नगर पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार राज समेत सभी पूजा कमेटी के लोग सक्रिय रहें।

### दशहरा पर्व को लेकर हरिहरगंज में निकला फ्लैग मार्च

**हरिहरगंज।** बाजार क्षेत्र में दशहरा पर्व को लेकर रविवार को हरिहरगंज पुलिस-प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। अधिकारी व जवानों ने प्रखंड के शहरी क्षेत्रों में भ्रमण किया. इस दौरान सहायक दंडाधिकारी पलामू सह प्रभारी बीडीओ रवि कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदीया, हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने स्थानीय लोगों से पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। पुलिस प्रशासन व अधिकारियों सहित जवानों ने पैदल शहर के एनएच 98 मेन रोड, मेन बाजार दुर्गा मंदिर, अररुआ जामा मस्जिद, बंजारी मस्जिद सहित शहर के आदि क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान पूजा पंडालो का भी निरीक्षण किया। फ्लैग मार्च में पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार, एसआई अनूप कुमार, निर्भय कुमार, धूमा किस्कू ,रंजीत कुमार, निरंजन कुमार, कृष्ण यादव, एएसआई संजय कुमार सिंह सहित कई पुलिस के जवान शामिल थे।

### रेलवे क्लब में आयोजित भक्ति जागरण में कलाकारों ने बांधा समां

**मेदिनीनगर।** रेलवे क्लब दुर्गा पूजा समिति की ओर से शनिवार की शाम डाल्टनगंज रेलवे क्लब के मैदान में विशाल भगवती जागरण आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि सदर अनुमंडलाधिकारी राजेश साह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर दुर्गा पूजा कमेटी के सीआईटी बीएम पांडेय, संजय पासवान सहित अन्य सदस्य मुख्यरूप से उपस्थित थे। पूजा कमेटी की ओर से सभी विशिष्ट व अतिविशिष्ट अतिथियों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र प्रदान के उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ की हरीझंडी मिलते ही वाराणसी सहित देश के कई हिस्सों से आये उम्दा लोक कलाकारों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया । कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी सुर व कला की जादू बिखेर उपस्थित श्रोताओं को न सिर्फ भाव विभोर कर दिया बल्कि भक्ति गीत संगीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत संगीत प्रस्तुत कर अपनी सुर व कला का लोहा मनवाया।

### दुर्गा पूजा के अवसर पर क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**पांडू।** प्रखंड के ग्राम डाला कलां, महुगावां, कूटमु, तीसीबार, मुसिखाप, रतनाग, कजरू खुर्द, लोटरा सहित दर्जनों गांव में मां दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर नाटक का मंचन एवं सांस्कृतिक कार्य क्रम का आयोजन किया गया है। शारदीय नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओ में काफी उत्साह हैं। क्षेत्र में भगति जागरण से पूरा प्रखंड गूंज रहा हैं। हर्सो उल्लास के साथ शारदीय नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है। वहीं सभी पूजा पंडालो में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ रही है। इस शुभ अवसर पर ग्राम डाला कला में आदर्श क्लब के द्वारा सन्तोषी मां नाटक का मंचन किया गया। जिसमें बाल्मीकि पाठक एवं जजमान प्रिंसदेव सिंह एवं कमिटी के सदस्यों के द्वारा फीता काट कर उद्धघाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कमिटी के सदस्य व ग्रामीण जनता उपस्थित थे। मौके उदय सिंह,अनेस्वर सिंह, नारायण सिंह, संतोष मेहता, छोटन यादव, संजीव सिंह, पंचप विष्वकर्मा, मित्तल सिंह, कमलेश पासवान, संजय भुइयां सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कलाकारों ने दिखाई भगवान श्री कृष्ण की रासलीला

**नावा बजार ।** (पलामू) जिला स्थित भंडार ग्राम में बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में दुर्गा पूजा समिति भंडार के सौजन्य से भक्ति मे डूबे हुए हैं वृदांवन से आई हुई रासलीला मंडली जो भगवान कृष्ण की अद्भुत लीलाएं एक से बढ़कर एक मंच से दर्शक को दिख रही है इसे देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में में लोग रात्रि में उपस्थित हो रहे हैं। लगभग 25 वर्षों से दुर्गा पूजा का भव्य रूप से कार्यक्रम करते आ रहा है। रात्रि में बड़ी संख्या में महिला पुरुषों की उमड़ पड़ी भीड़। समिति सदस्यों ने बताया कि दुर्गा सप्तमी पाठ आचार्य राजन पंडीजी व यजमान की भूमिका में योगेंद्र पाण्डेय है। दिन में आचार्य नरेंद्र पाण्डेय एव उनकी टीम के द्वारा नवाहपरायन पाठ किया जा रहा है। वही भव्य पंडाल निमार्णाधीन है। पुजा की भव्यता को बढ़ाने में लगातार नवनीत पाण्डेय, संजीव पाण्डेय, सौरभ पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, छोटू पाण्डेय, बिटू पाण्डेय ,रितेश कुमार पाण्डेय, दीवाकर पाण्डेय,चुनमुन पाण्डेय, रोहित कुमार, गोलू कुमार, पाण्डेय, कृष्णकांत पाण्डेय, ध्रुवल पाण्डेय ,मुकेश पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, सज्जन पाण्डेय प्रियांशू ,आकाश, जितेंद्र, छोटे, राधे, राहुल, कौशल, सुजीत, रामजी द्वारा लगातार भब्य व समारोह को यादगार बनाने का प्रयास जारी है।

# गोदरमा गांव में रामचरित मानस पाठ का आयोजन



**नावा बजार।** नगर परिषद क्षेत्र स्थित गोदरमा गांव के मंदिर परिसर में नवरात्र दुर्गा पूजा के अवसर पर रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया है। जो गांव के युवा आचार्य राजीव पांडेय उर्फ नन्हकू के नेतृत्व में चल रहा है। जहां गांव के सभी युवा मंदिर परिसर में प्रत्येक दिन बैठकर रामचरितमानस का पाठ कर रहे हैं। आचार्य राजीव पांडेय ने बताया कि नवरात्र के दिनों गांव के बड़े, बुढ़े, युवा, बच्चे सभी भक्ति भाव में डूबे होते हैं। ऐसे में युवाओं को गांव के मंदिर परिसर में आयोजित राम चरित्र मानस यज्ञ में रामचरितमानस पाठ के लिए प्रेरित किया गया। यहां युवाओं में भी इसे लेकर एक अलग उत्साह देखी गई। फिर सभी समर्पण के साथ भक्ति भाव में डूब प्रत्येक दिन रामचरितमानस का पाठ कर रहे हैं। स्थानीय सह सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने कहा कि रामायण हम सभी को जीवन जीने की सीख देती है। इसे लक्ष्य बनाकर प्रत्येक दिन प्रोजेक्टर के माध्यम से रामायण दिखाया जा रहा है। जहां लोग मनोरंजन के साथ-साथ भक्ति भाव में भी डूबे हुए हैं। नवरात्र पूजा के मौके पर आयोजित रामचरित मानस पाठ को संपन्न कराने को लेकर समिति के अध्यक्ष सुनील पांडेय, उपाध्यक्ष आचार्य राजीव पांडेय, सचिव अभिषेक दिवेदी , कोषाध्यक्ष नवीन पांडेय, स्थानीय सह सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय, चंदन, लालबाबू, नंदलाल, बिकेश, मुकेश, विक्की, निखील, गोविंद, सुजीत, अजीत, जितेंद्र, सोनू आदि महत्वपूर्ण भागीदारी स्थापित कर रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में एक युवक हुआ घायल,सीएचसी ने प्राथमिक उपचार के बाद किया रेफर



**नवीन मेल संवाददाता विश्रामपुर**

रविवार को विश्रामपुर थाना क्षेत्र के सोरडिहा मुख्य सड़क हुए सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसकी पहचान पिंटू यादव के रूप में हुई है।जो की गढ़वा के अशोक नगर का रहने वाला बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार,युवक अपने डिस्कवर बाइक से विश्रामपुर से गढ़वा अपने घर जा रहा था।जिस की सोरडिहा में विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक से इसकी बाइक की भीषण टक्कर हो गई।वही घटना स्थल पर मौजूद युवकों ने इस घायल युवक को विश्रामपुर सीएचसी में लाकर भर्ती करवाया।जहा पूर्व चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर लिली स्टेला पूर्ति के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने युवक का प्राथमिक उपचार कर उसके गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल मेदनीनगर रेफर कर दिया।मौके पर ड्रेसर फिरोज अंसारी,राजेंद्र सोनी,फूला कुंवर सहित कई लोग मौजूद थे।

## आस्था

### मंत्रोच्चार व रक्षा सूत्र बांध कर शस्त्रों की पूजा की गई

# ठाकुरबाड़ी में दुगार्वाहिनी के नेतृत्व में शस्त्र पूजन का आयोजन

### महिला थाना प्रभारी ने शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए सभी से शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील की




**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** महाष्टमी के मौके पर ठाकुरबाड़ी में शस्त्र पूजा का हुआ आयोजन। दुगार्वाहिनी की बहनों के नेतृत्व में पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी सोनी कुमारी, अरविन्द गुप्ता चुनमून, थाने के एसआई प्रियरंजन कुमार, अजित कुमार, विजय कुमार, जय कुमार गुप्ता, मनोज जायसवाल शामिल हुए। सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से पूजा मनाने की अपील की। महिला थाना प्रभारी ने शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए सभी से शांतिपूर्ण पूजा मनाने की अपील की। वहीं अरविन्द गुप्ता ने संचालन करते हुए पूजा के अवसर पर इलकके के विकास का संकल्प लेने का आह्वान किया। सभी शस्त्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर और रक्षा सूत्र बांध कर पुरोहित पंकज मिश्रा द्वारा उनका पूजन कराया गया। वहीं बजरंग दल के सोनू सिंह, ऋषभ कुमार गुप्ता, टोन चंद्रा, अंकित कुमार, नंदन गुप्ता, युवा जन जागृति मंडल के रौशन कुमार, अभिषेक, मृणाल, प्रितम, आकाश चंद्रा रॉकी, डब्लू चंद्रा, आयुष सहित सैकड़ो हिन्दू धर्मावलम्बी मौजूद थे। इस मौके पर माता के जयकार से पूरा इलाका गुंजायमान रहा।

# दो नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, तीन आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव से मां जगदंबे की पूजा करने जा रही दो नाबालिग किशोरियों के साथ तीन आरोपियों के द्वारा दुष्कर्म करने का प्रयास किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। हुसैनाबाद के सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि इसमें संलिप्त तीनों आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया गया हैं।गिरफ्तार आरोपियों में रंजन यादव, शैलेंद्र यादव व जीतेंद्र यादव का नाम शामिल है। इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि इस घटना की प्राथमिकी बाल संरक्षण सह महिला थाना में किशोरी के द्वारा तीन लोगों के विरूद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। जिसमें कहा गया है कि वह दोनो सहेलियां एक साथ गांव से कुछ दूर पूजा करने जा रही थी, तभी तीनों आरोपियों ने दोनों को जबरन पकड़ कर ईंख के खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया, तत्पश्चात एक नाबालिग भागने में सफल हो गई। शोर मचाने पर उधर से बाइक से आ रहे राहगीर की आने की आवाज सुनकर सभी आरोपी भाग गए। इसके बाद घर के सदस्यों को जानकारी दी गई।ततपश्चात इस घटना की लिखित शिकायत महिला थाना में की गई। जहां त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीनों आरोपियों को धरदबोचा।

### भाजपा नेता ने किया रासलीला कार्यक्रम का उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज मेन बाजार दुर्गा मंदिर परिसर में शनिवार की रात्रि रासलीला कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर नवयुवक सांस्कृतिक समिति हरिहरगंज के सदस्यों ने भाजपा नेता सहित अन्य अतिथियों को फूल माला तथा अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा नेता श्री सिंह ने कहा कि माता दुर्गा की आराधना से समाज में सुख शांति व समृद्धि आती है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, रामराज मेहता, रणविजय सिंह, विजय यादव, दिलीप सिंह, के अलावे समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश अकेला, व्यवस्थापक रॉबर्ट गुप्ता, सांस्कृतिक मंत्री बीनू जायसवाल, शशि कुमार, विश्वदीप कुमार सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### नव युवक संघ की रौनक से नहाया पंडाल



**मेदिनीनगर।** जोड़ नव युवक संघ के द्वारा 2000 ईस्वी से दुर्गा पूजा की असली रौनक देखने को मिलती है। संघ के अध्यक्ष राहुल तिवारी ने बताया कि शहर के तमाम पंडालों से अलग हमारी समिति के द्वारा आकर्षक रूप दिया गया है। जो लोगों का आकर्षण का केन्द्र है।

### विश्रामपुर में नहीं थम रही अवैध महुआ शराब की बिक्री

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर पलामू जिले के सभी थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के द्वारा छापामारी अभियान में सफलता भी मिल रही है। पुलिस के द्वारा कई जगहों पर शराब को जप्त कर उसे नष्ट भी किया जा रहा है। वहीं विश्रामपुर थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव निवासी अयोध्या सिंह के द्वारा अपने ही घर मे लगातार अवैध महुआ शराब बना कर बेचने का काम किया जा रहा है। जिस वजह से गांव के आसपास का माहौल बिगड़ रहे हैं। यहां के स्थानीय ग्रामीण अवैध महुआ शराब पीकर अपने घर परिवार को बर्बाद कर रहे हैं। शराब के नशे में युवक अपने घर जाकर अपने परिवार व पत्नी के साथ मारपीट गाली गलौज कर रहे हैं। जिसके कारण घर का वातावरण और माहौल बिगड़ रहा है।

### प्रफुल्लित लकड़ा बनी झामाशिसं की अध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय मेदिनीनगर के प्रशाल में रविवार को झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रमंडल स्तरीय अधिवेशन एवं जिला स्तरीय चुनाव के साथ-साथ नवनियुक्त शिक्षकों का अभिनंदन समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम में प्रफुल्लित लकड़ा प्रभारी प्रधानाध्यपिका राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा को जिला अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया । सुमित शंकर सहायक शिक्षक उत्क्रमित उच्च विद्यालय कांडा को जिला सचिव , चुना गया। मौके पर सत्यनारायण तिवारी, सुरेंद्र कुमार दुबे, मुकेश कुमार, अशोक कुमार शशांक शेखर समेत सैकड़ो शिक्षक व शिक्षिकाएं एवं समाज के प्रभुद्व नागरिक उपस्थित थे ।

### शक्ति का ही दूसरा नाम है नारी: लवली

**मेदिनीनगर।** शक्ति का ही दूसरा नाम नारी है। इसी से समस्त जगत चलायमान है। तरहसी प्रखंड अंतर्गत ग्राम गोइंदी स्थित पूजा पंडाल में मां दुर्गा का दर्शन करने आईं झारखंड महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने यह बातें कहीं। उन्होंने पहाड़ी मंदिर पहुंच कर विधि-विधान पूर्वक मां की आराधना कर क्षेत्र के विकास की कामना की। उन्होंने कहा कि नारी देवी स्वरूप है। इसलिए कोई भी नारी कमजोर नहीं है। मौके पर समाजसेवी शंकर प्रसाद, प्रदीप कुमार यादव, रूक्मणियां देवी, बबलू यादव, टिकैत यादव, अशोक कुमार यादव, बाबूलाल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### शानदार होगा वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट का कन्या पूजन

**मेदिनीनगर।** पिछले साल की भांति इस साल भी नवमी के अवसर पर सोमवार को स्टेशन परिसर में समाज के वंचित वर्ग की बच्चियों का कन्या पूजन करेगी वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम। विदित हो कि नवरात्रि में अष्टमी / नवमी के दिन कन्या पूजन की खास परंपरा है। लोग कन्याओं को ससम्मान बुलाकर खीर, पूरी, चना, चुनरी ,फल और नगद देकर कन्याओं का पूजन करते हैं। लेकिन वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट इस मौके को बिल्कुल अलग और प्रेरणादायी तरीके से मनाता है। इस टीम के लोग कचरा चुनने वाली, स्लम की बच्चियों को नये कपड़े पहनाकर, चरण धोकर, उन्हें चुनरी ओढ़ाकर, पूरी, चना, हलवा, खीर और फल देकर उनका सम्मान करती है।

### दुर्गा पूजा में बलि की परंपरा, पर नहीं होती जीव हत्या

**मेदिनीनगर।** शहर के दुर्गा बाड़ी में बंगाली पद्धति से माता दुर्गा की पूजा की जाती है। जो यहां होने वाली पूजा को जिले भर में अलग करती है। यहां की प्रतिमा से लेकर पूजा पद्धति अपने आप में खास और अनोखा है। वहीं हर साल दुर्गा पूजा में बलि देने की भी परंपरा है। लेकिन जीव हत्या पर रोक है। दुर्गा बाड़ी पूजा समिति के अध्यक्ष कौशिक मल्लिक ने बताया कि बलि दान की परंपरा का पौराणिक महत्व है। जब भी हम शक्ति की आराधना करते हैं तो माता को प्रसन्न करने के लिए बलि दी ही जाती है। मां दुर्गा को सबसे पहले चन्ड मुंड की बलि दी गई थी। धीरे- धीरे यह परंपरा जानवरों पर भारी पड़ने लगी। आज भी कई स्थानों पर जानवरों की बलि दी जाती है। लेकिन दुर्गा बाड़ी का ये उद्देश्य नहीं रहा कि किसी निर्बल की बलि देकर मां को खुश किया जाये। इसीलिए यहां जानवरों की बलि नहीं चढ़ती। बल्कि मां को प्रसन्न करने के लिए प्रतीकात्मकता तौर पर भतुआ, केतारी और केला की बलि दी जाती है। यहां 109 सालों से माता की पूजा हो रही है और तभी से यह परंपरा चली आ रही है। दुर्गा पूजा में सप्तमी, अष्टमी और नवमी को यहां मां को प्रसन्न करने के लिए फल की बलि दी जाती है।

# राष्ट्रीय नवीन मेल के कैमरे ने देखा मेदिनीनगर शहर में पूजा पंडालों का आकर्षण



साहित्य समाज चौक सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति



बेलवाटीका चौक नव युवक संघ चौक



गुरुद्वारा रोड जय दुर्गा संघ



आढ़त रोड जय भवानी संघ



स्टेशन रोड रेलवे क्लब



जेलहाता नवयुवक संघ



बैरिया चौक जीनीयस क्लब



बिजली ऑफिस मां शेरावाली क्लब

# तेरा प्यारा सजा है दरबार भवानी...

## भव्य व आकर्षक पंडालों की छटा निहारने उमड़ी भीड़

**शहर के जीनियस क्लब की ओर से 11 लाख की लागत से अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाया गया है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** शारदीय नवरात्रि में शहर से गांव तक जगह-जगह पर सैकड़ो पूजा पंडाल बनाए गए हैं। जहां सप्तमी से ही भक्तों के लिए मां के पट खुल गए है। शहर के अलग अलग स्थानों पर बने पंडालों को निहारने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। शहर के में जीनियस क्लब द्वारा 11 लाख की लागत से अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। लोग यहां आकर राम मंदिर का प्रारूप देखकर बेहद खुश नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि यहां बंगाल के कारीगरों ने राम मंदिर की तर्ज पर पंडाल का निर्माण किया है।पंडाल बनाने में बांस, बीट और कपड़ों का इस्तेमाल किया गया है। पंडाल की ऊंचाई 80 से 90 फिट है। इसी तरह शहर के साहित्य समाज चौक पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा लगभग 65 फीट ऊंचा पंडाल तैयार किया गया है। शिव की जटा पर 10 फीट की मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित है। पंडाल के निर्माण पर करीब 15 लाख रुपए खर्च किया गया है। इसको सजाने के लिए थर्माकोल से मोर बनाया गया है, जिसमें असली मोर पंख लगाकर खूबसूरत रूप दिया गया है। इसी तरह एसपी कोठी रोड आबादगंज में सम्राट क्लब द्वारा इस बार का पंडाल चंद्रोदय मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है। इसमें खास बंगला मूर्ति बनाई गई है। करीब 70 फिट ऊँचे पंडाल के निर्माण पर लगभग 10 लाख की लागत आई है। यहां स्थापित माँ दुर्गा दरबार की प्रतिमा में खास तौर पर मां दुर्गे की 15 फीट और लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती व मां लक्ष्मी की प्रतिमा की ऊंचाई 10 फीट है। इधर शहर के पंच मुहान चौक के समीप जय भवानी संघ द्वारा इस बार खास तौर पर कुटिया पंडाल बनाया गया है, जहां मां दुर्गा के साथ लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती और कार्तिकेय की प्रतिमा स्थापित है।पंडाल की सजावट के सारे सामान बंगाल से आए हैं। प्रतिमा भी बंगाल से लाई गई है। शहर वासियों के लिए इस बार एक अलग थीम पर पंडाल श्रद्धालुओं को देखने को मिला है। पिछले वर्ष जहां केदारनाथ का प्रारूप बनाया गया था। इसके अलावे शहर के सुदना, बेलवाटिका रेडमा आदि इलाकों में भी भव्य व आकर्षक पंडाल लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

## शक्ति की भक्ति में डूबा पलामू

**महाष्टमी पर भक्तों ने पूजा -अर्चना के साथ किया दीप दान**



**मेदिनीनगर।** जिले में हर तरफ आस्था व भक्ति हिलोरे ले रहा है। सम्पूर्ण पलामू शक्ति की भक्ति में डूबा हुआ है। भगवती की पूजा व आराधना का क्रम अंतिम चरण में है। भक्ति गीतों के साथ माता रानी के जयकारों से वतावरण गूंज रहा है। शहर हो या गांव हर जगह पूजा व पाठ की धूम मची है। पूजा पंडालों के अलावे विभिन्न मंदिरों में पूजा -अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का जमघट लगा है। माथे पर तिलक हाथ में पूजा का थाल लिए महिलायें सुख शांति व समृद्धि की कामनाओं के साथ माँ दुर्गे की आराधना करने मंदिर पहुंच रही हैं । रविवार को महाष्टमी की विशेष पूजा की गई। संधि पूजा के दौरान मंदिरों व पूजा पंडालों में दीप दान के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इनमें महिला श्रद्धालुओं की संख्या सर्वाधिक थी। देवी के वैदिक मन्त्रोंच्चारण के बीच भक्तों ने दीप जलाकर देवी के आशीष लिये। इस दौरान भीड़ के कारण शहर के कई मार्गो पर आवागमन बंद रहा।

# उल्लेखनीय कार्यों के लिए पर्यावरणविद कौशल सम्मानित





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के शिवाय ब्लू होटल में शनिवार की रात आयोजित डांडिया नाईट का सभी ने जमकर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर, छतरपुर के डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण के क्षेत्र में पिछले 57 वर्षों से देश-विदेश में उल्लेखनीय कार्य के लिए मुख्य अतिथि ने पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल एवं उनकी पत्नी सह डाली की मुखिया पूनम जायसवाल को पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री जायसवाल ने कहा कि आज समाज के अधिकांश लोग प्रदूषण की चपेट में हैं और अपने दैनिक कार्यों के निष्पादन में काफी परेशानी व तनाव में है। ऐसी स्थिति में कला संस्कृति सम्मेलन तनाव को दूर करने कारगर साबित हो रहे हैं। वर्तमान परिवेश में ऐसे आयोजनों की प्रासंगिकता और भी बढ़ गयी है।

## आनंदमर्गियों ने मनाया शारदोत्सव, सैकड़ों नारायणों को कराया भोजन

**मेदिनीनगर।** शारदोत्सव के शुभ अवसर पर आनंदमार्ग की आनंदमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम पलामू की महिला शाखा द्वारा अन्न दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के मुख्य जगहों पर मौजूद सैकड़ो नारायणों को भोजन कराया गया। वरिष्ठ आनंदमार्गी पुष्पा देवी ने बताया कि आनंदमार्ग में शारदोत्सव मनाने की परंपरा है। दशहरा के दौरान 6 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन मेदिनीनगर आनंदमार्ग जागृति में किया जाता है। कार्यक्रम के दरमियान बच्चों का खेल कूद, कला संस्कृति, नारायण सेवा आदि शामिल होता है। इन 6 दिनों में प्रतिदिन अखंड कीर्तन बाबा नाम केवलम, योग, साधना का भी आयोजन किया जाता है। उत्सव को लेकर जागृति में 150 खाने का पैकेट तैयार किया गया। जिसमें पूरी, सब्जी और मिठाइयां शामिल थे। सभी पैकेट्स को शहर के विभिन्न जगहों पर मौजूद जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया गया। इस अवसर पर सरोज, चंदू, आनंद, शारदा, सहज प्रिया, पूनम, परभावती देवी, देवांति कुंवर, ज्योति, रोशनी आदि लोग उपस्थित रहे।




**रवानगी** | **अंगोला में 23 से 27 तक आयोजित अधिवेशन में लेंगे भाग**

# पलामू सांसद बीडी राम 147वें अधिवेशन में भाग लेने अंगोला रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद बीडी राम को भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की ओर से अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के लुआंडा (अंगोला) में 23 से 27 तक आयोजित 147वें अधिवेशन के लिए पुनः नामित किया गया है। उक्त अधिवेशन में भारत की ओर से लोकसभा के माननीय अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में सांसद लोकसभा अपराजिता सारंगी, डॉ० सस्मित पात्रा, सुमालता अंबरीश, राज्यसभा सांसद कामाख्या प्रसाद ताशा एवं सुश्री ममता मोहन्ता को प्रतिनिधिमंडल में



शामिल किया गया हैं। सांसद श्री राम उक्त अधिवेशन में भाग लेने के लिए 22 अक्टूबर 2023 को लुआंडा (अंगोला) के लिए दिल्ली से हुए रवाना। आईपीयू उन क्षेत्रीय अंतर संसदीय संगठनों तथा अंतरराष्ट्रीय अंतर सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से भी कार्य करता है। जो सामान विचारधाराओं द्वारा अभी प्रेरित है। आईपीयू का अधिवेशन वर्ष में दो बार मार्च-अप्रैल एवं अक्टूबर-नवंबर माह में आयोजित किया जाता है। जिनमें वर्तमान अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की जाती है। उक्त अधिवेशन में भाग लेने हेतु यह अवसर प्रदान करने के लिए सांसद राम ने प्रधानमंत्री एवं माननीय अध्यक्ष और ओम बिरला के प्रति आभार प्रकट किया है।

# शहर के दुर्गा पूजा पंडालों उमड़ पड़ी भीड़, भक्तिमय माहौल में भक्तों को आकर्षित कर रहीं माता की प्रतिमाएं




**गढ़वा।** जिले में शनिवार को विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गे की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने के साथ ही भक्तों के दर्शन के लिए पंडालों के पट खोल दिए गए। पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ मां के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। जिला मुख्यालय में विभिन्न पूजा समिति द्वारा भव्य पूजा पंडाल एवं प्रतिमा का निर्माण किया गया है। पूजा पंडाल एवं मां की प्रतिमा फिजां में अनुपम छटा बिखेर रही है। गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा भक्तों को लुभा रही है। भक्ति गीतों से वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है तथा लोग पूरी तरह से नवरात्र के रंग में रंग गए हैं। शनिवार को मां दुर्गा की पूजा अर्चना के पूर्व नवपत्रिका आमंत्रण दिया गया। इसके लिए लोग विभिन्न जलाशयों में जाकर मां दुर्गे का आह्वान किया। जय माता दी संघ सोनपुरवा, जय भारत संघ टंडवा, प्रगति युवा समिति, पुरानी बाजार, दुर्गा मंदिर चौधराना बाजार, जय भवानी संघ, संघत मोहल्ला, शिव शक्ति संघ नगवां, चिनिया रोड, मां दुर्गा पूजा समिति, नवादा मोड़, विशुनपुर, मां भगवती पूजा समिति, नहर चौक, मां दुर्गा पूजा समिति, शिव मंदिर चिनियां रोड, तिवारी पूजा समिति, रंका मोड़ आदि स्थानों पर भी सुंदर पंडाल बनाए गए हैं, जबकि सुतली पटटी में राम दरबार, लोहा पटटी में विष्णु दरबार, गल्ला पटटी में अन्नपूर्णा दरबार, खादी बाजार में परशुराम दरबार से संबंधित प्रतिमा स्थापित की गई है।

## गागर में सागर

### भूमि विवाद में हुई मारपीट, चार घायल

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के रनपुरा गांव में जमीन विवाद में मारपीट में चार लोग घायल हो गए। मामले में चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि रनपुरा में मारपीट की सूचना प्राप्त हुई, जिसमें पूर्व से दो पक्ष में जमीन विवाद को लेकर अनिल साव एवं झरी साव के बीच विवाद था। इसी को लेकर मारपीट हुई। घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया है। मामले की अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। 3 दिन पूर्व भी दोनों पक्षों में विवाद हुआ था तथा आवेदन के आलोक में प्राथमिकी भी दर्ज कर जांच की गई थी। घायलों एक पक्ष की सुरजी देवी व रीना कुमारी तथा दूसरे पक्ष की पुष्पा देवी एवं संदीप साव शामिल हैं। जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों में जमीन को लेकर पिछले 5 वर्षों से विवाद चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं एक पक्ष के अनिल साव का आरोप है कि मामले में तीन दिन पूर्व ही पुलिस अधीक्षक एवं चिनिया थाना प्रभारी को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई थी।

### प्रमुख ने शौचालय निर्माण की रखी नींव



**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के छाताकुड़ गांव स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय प्रांगण में रविवार को प्रमुख चंद्रावती देवी ने पंचायत समिति मद से शौचालय निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। उक्त शौचालय के निर्माण में 2 लाख 49 हजार रुपये की लागत आएगी। इस मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि उक्त विद्यालय में शौचालय निर्माण नहीं होने से यहां अध्यनरत छात्राओं को काफी दिक्कतों के साथ साथ शर्मिंदगी महसूस करना पड़ रहा है। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा इसकी मांग कि गई थी। अब विद्यालय प्रांगण में शौचालय का निर्माण होने से छात्राओं को परेशानी नहीं होगी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ, बीपीओ मनोज कुमार, समन्वयक राकेश कुमार,बीडीसी पूर्वी रेशमा देवी, गुड़ी देवी, गिरजा प्रसाद,मनीष कुमार, अरबिंद गुप्ता, रविन्द्र, सोनू आदि मौजूद थे।

### बिजली करंट लगने से युवक हुआ बेहोश

**केतार।** प्रखंड के परती गांव स्थित पुजा पंडाल में सोमवार को बिकास रजक (उम्र 25 )को बिजली करंट लग गया, जिससे युवक बेहोश हो गया। पूजा पंडाल में दर्शन करने पहुंचे समाजसेवी पंकज सिंह ने अपने निजी वाहन से घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर भेजा, जहां इलाज के बाद युवक की स्थिति सामान्य बताई जा रही हैं।

### बाइक दुर्घटना में दो युवक हुए घायल

**केतार।** थाना क्षेत्र के परती गांव में सोमवार को बाइक दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में खरौंधी थाना क्षेत्र के बागेसोती गांव निवासी पवन सिंह और सुनील सिंह शामिल हैं। दोनों बाइक सवार युवक रिश्तेदारी में बघौता गांव में आये थे। परती गांव में मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर एक मिट्टी के घर से टकरा गई। इसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया गया है। एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### नेत्रालय एंड अस्पताल का उद्‌घाटन



**गढ़वा।** शहर के रंका रोड में चश्मा घर के अंदर सांई नेत्रालय एंड अस्पताल खोला गया। इसका उद्घाटन डॉक्टर राहुल कुमार, अस्पताल के मुख्य निदेशक डॉक्टर सुब्रतो मुखर्जी व निदेशक तौकीर अहमद ने संयुक्त रूप से किया। डॉक्टर सुबर्तो मुखर्जी ने बताया कि पूरे देश में साई अस्पताल संचालित किया जाता है, जिसका यह 15 ब्रांच है। इनमें झारखंड बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल में संचालित किया जाता है। झारखंड में यह 15वां ब्रांच खोला गया है। उन्होंने कहा की आंख से संबंधित सारी बीमारियों का इलाज इस अस्पताल में किया जाएगा। यहां ओपीडी के अलावा लेंस प्रत्यारोपण का भी कार्य किया जाएगा। चिकित्सकों की एक व्यवस्थित टीम द्वारा सभी मरीजों का इलाज किया जाएगा। अस्पताल में सारी सुविधाओं के साथ उत्तम इलाज की व्यवस्था की गई है। सस्ती दर पर यहां मोतियाबिंद का भी इलाज किया जाएगा। मौके पर झामुमो नेता मासूम खान, निदेशक तौकीर आलम, डॉ अमित सिंह आदि उपस्थित थे।

### 251 यज्ञ मंडप में 600 यजमान विश्व कल्याण के लिए एक साथ देंगे आहुति

# महायज्ञ में आज निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा, व्यापक तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में चल रहे चतुर्मास के यज्ञ के उपरांत श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए सोमवार को भव्य तरीके से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से होते हुए एनएच-75 होते हुए विश्व प्रसिद्ध बंशीधर मंदिर तक जाएगी। मंदिर से वापस अधौरा होते हुए बांकी नदी से जल उठाकर यज्ञ मंडप में पहुंचेंगे। वहीं महायज्ञ को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। इसके लिए भारत के कोने-कोने से साधु-संत सहित बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा में हिस्सा लेने के लिए आ रहे हैं। कुल 251 यज्ञ मंडप में 600 के आस-पास यजमान विश्व कल्याण हेतु एक साथ आहुति देंगे। यह अपने आप में ऐतिहासिक होगा। बता दें कि उक्त महायज्ञ में भारत के कोने-कोने से प्रवचनकर्ता आ रहे हैं, जिसके मुखारविंद से लोग प्रवचन सुन पाएंगे। बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है।

जीयर स्वामी सभी कार्यों का स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि कहीं कोई कमी न रह जाए। सभी यजवान सहित भक्तगण काफी उत्साहित हैं। एक तरफ भव्य बने पंडाल में भारत के कोने-कोने से आए संत, महात्मा प्रवचन कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ भव्य तरीके से 251 यज्ञ मंडप का अलौकिक दृश्य दिखाई दे रहा है। यज्ञ मंडप सबको अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। 23 अक्टूबर से लेकर 28 अक्टूबर तक चलने वाले इस लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में सैकड़ों यजमान एक साथ बैठकर विश्व कल्याण और भारत को समृद्ध बनाने के लिए आहुति देंगे। स्वामी जी से मिलने बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश आदि जगहों से काफी संख्या में लोग आ रहे हैं। सुबह से शाम तक लोगों का तांता लगा रहता है।




### हेलिकॉप्टर से होगी पुष्प वर्षा

भव्य शोभा जल यात्रा में एक लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। शोभा यात्रा के दौरान हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। निमियाडीह के समीप हेलीपैड का निर्माण किया गया है। शोभा यात्रा के दौरान पुष्प वर्षा के साथ देश के कई प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों के जल का छिड़काव भी हेलीकॉप्टर से होगा। इसके अलावे पूरे गढ़वा जिले में हेलीकॉप्टर से तीर्थ स्थल के जल का छिड़काव किया जाएगा। शोभा यात्रा में हाथी, घोड़ा, ऊंट के अलावे कई बैंड, 10 रथ के साथ महिला-पुरुष यजमान शामिल होंगे।

### ट्रैफिक रूट को किया गया परिवर्तित



**श्री बंशीधर नगर।** पाल्हे-जतपुरा में होने वाले लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर ट्रैफिक रूट में कई बदलाव किए गए हैं। इसकी जानकारी देते हुए एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने बताया कि महायज्ञ को लेकर 23 से 28 अक्टूबर तक बड़े और व्यावसायिक वाहनों के लिए मार्ग परिवर्तित किया गया है। गढ़वा की ओर से आने वाले बड़े और व्यवसायिक वाहन रमना थाना मोड से विसुनपुरा रोड होते हुए नगर उंटारी ब्लॉक मोड़ के रास्ते भवनाथपुर मोड के रास्ते यूपी की ओर जाएगी। वहीं इसी तरह यूपी की ओर से आने वाले बड़े वाहन भवनाथपुर मोड़ से ब्लॉक मोड़ होते हुए विसुनपुरा के रास्ते रमना जाएगी। 23 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक महदेइया से रमना थाना मोड़ तक बड़े वाहनों के लिए नो एंट्री होगी। वहीं 24 से 25 अक्टूबर तक सुबह 4 बजे से रात 12 बजे तक महदेइया से थाना मोड़ रमना तक नो एंट्री होगी। 26 से 28 अक्टूबर तक भवनाथपुर मोड़ से रमना थाना मोड़ तक बड़े व व्यवसायिक वाहनों के लिए नो एंट्री होगी। एसडीपीओ ने बताया कि छोटी सवारी (जो यज्ञ में शामिल नही होंगे) वाहन के लिए बहियार से रूट परिवर्तित किया गया है। बहियार मोड़ से अधौरा होते हुए गिरिवर पांडेय चौक के रास्ते छोटे यात्री वाहन चलेंगे। एसडीपीओ ने बताया कि गढ़वा की ओर से यज्ञ में आने वाले वाहनों के लिए जतपुरा हाइस्कूल के पूरब में खाली स्थान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं नगर उंटारी की ओर से आने वाले चार पहिया वाहनों के लिए यज्ञ मंडप के सामने व बाइक के लिए प्रवचन पंडाल के सामने बनाया गया है। एसडीपीओ ने विधि व्यवस्था बनाये रखने में लोगों से सहयोग की अपील की है।

## डीसी ने चतुभुर्जी मंदिर में टेका मत्था, पंडाल भी देखे



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

शारदीय नवरात्र के अवसर पर उपायुक्त शेखर जमुवार ने सोमवार को सपरिवार केतार स्थिति सुप्रसिद्ध चतुभुर्जी मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन कर संकल्प स्वरूप नारियल फोड़ा। उन्होंने मां चतुभुर्जी से क्षेत्र में अमन-चैन खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। उपायुक्त ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई और रख- रखाव की प्रशंसा की। उपायुक्त ने केतार बाजार, खैरवा, मेरौनी सहित अन्य पुजा पंडालों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की टीम भी दुर्गा पूजा का सफलतापूर्वक संचालन में दिन रात लगी हुई है। मौके पर बीडीओ मुकेश मछुआ, बीपीओ मनोज कुमार, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, मुखिया प्रमोद कुमार, सचिव हेमंत पाठक, विनोद सिंह, राजू सिंह, राम प्रवेश ठाकुर, मुकुंद पाठक आदि मौजूद थे।

## डीसी ने किया मझिआंव के पूजा पंडालों का भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

उपायुक्त शेखर जमुआर ने शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी के के शुभ अवसर पर नगर पंचायत एवं प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत सभी पूजा पंडालों का भ्रमण किया। उपायुक्त ने भ्रमण के दौरान गढ़वा जिला वासियों के लिए मां दुर्गा से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी रितेश कुमार भास्कर, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार उपस्थित रहे। क्षेत्र के दुर्गा पूजा पंडालों को भव्य एवं आकर्षक तरीके से प्राचीन मंदिरों का रूप दिया गया है। नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा मुख्य बाजार को रंग-बिरंगे लाइटों से सजाया गया है।

## 'रामायण ने सिखाई प्रेम, त्याग, तप भ्रातृत्व व मित्रता धर्म की परिभाषा'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

श्रीरामायण श्रेष्ठ इतिहास है क्योंकि इसमें श्रीजानकी की करुणा का वर्णन है। श्रीजानकी स्वयं को बन्दिनी बनाकर रावण जैसे दुष्ट जीव का उद्धार करा देती है। संसार की विभिन्न भाषाओं में जो उच्चकोटि के महाकाव्य हैं उनमें महर्षि वाल्मीकि प्रणीत रामायण का स्थान सर्वोच्च है। वाल्मीकि रामायण में जिस आस्तिकता, धार्मिकता, प्रभुभक्ति, उदात्त एवं दिव्य भावनाओं और उच्च नैतिक आदर्शों का वर्णन मिलता है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। रामायण में गृहस्थ जीवन की सर्वश्रेष्ठता, उपादेयता, तथा महत्ता को प्रतिपादित किया गया है। आदर्श पिता, आदर्श माता, आदर्श भ्राता, आदर्श पति, आदर्श पत्नी, आदर्श राजा आदि सभी का यथार्थ चित्रण किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि सर्वोत्कृष्ट आदर्श की स्थापना के लिए ही महर्षि वाल्मीकि ने इस काव्य की रचना की। यह भारतीयों का आचारग्रंथ भी बन गया है। वर्तमान में भगवान श्रीराम के चरित्र पर आधारित जितने भी ग्रंथ उपलब्ध हैं, उन सभी का मूल महर्षि वाल्मीकि कृत वाल्मीकि रामायण ही है। वाल्मीकि रामायण के प्रणेता महर्षि वाल्मीकि को संसार में आदिकवि माना जाता है और इसीलिये यह महाकाव्य संसार का आदिकाव्य है। इस महाकाव्य को भारत के सर्वाधिक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय निधियों में से एक कहा जा सकता है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित पावन ग्रंथ रामायण एक ऐसा ग्रंथ है जिसने प्रेम, त्याग, तप, भ्रातृत्व, मित्रता एवं सेवक के धर्म की परिभाषा सिखाई है। वाल्मीकि के जीवन से बहुत सीखने को मिलता है। उनका व्यक्तित्व असाधारण था। उन्होंने अपने जीवन की एक घटना से प्रेरित होकर अपना जीवन पथ ही बदल दिया, जिसके फलस्वरूप वे महान पूज्यनीय कवियों में से एक बनें। यही चरित्र उन्हें महान बनाता है और हमें उनसे सीखने के प्रति प्रेरित करता है। महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना करके हर किसी को सद्मार्ग पर चलने की राह दिखाई...।



## केतार प्रखंड के पंडालों में हुई महागौरी की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**



शारदीय नवरात्र के आठवें दिन रविवार को केतार प्रखंड के सभी पूजा पंडालों में महागौरी की पूजा अर्चना कर दीपदान किया गया। प्रखंड मुख्यालय केतार, मुकुंदपुर, बलीगढ़, परती, छाताकुड़, पाचाडुमर, मेरौनी, परसोडीह सहित अन्य गांवों के पूजा पंडालों में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता रानी की पुजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। मुकुंदपुर पूजा पंडाल के पुजारी ओमनरायण पंडित ने बताया कि दुर्गा अष्टमी के दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पुजा की जाती है। जब माता पार्वती ने अपने कठोर तप से भगवान शिव को प्रसन्न करके उन्हें अपने पति स्वरूप में पाने का आशीर्वाद प्राप्त कर लिया, तो वर्षों के तब से उनका शरीर दुर्बल और काला हो गया था। उस दौरान भगवान शिव ने उनको गौर वर्ण प्रदान किया, जिसकी वजह से देवी को महागौरी रूप प्रदान हुआ। दुर्गा अष्टमी के दिन कन्या पूजन और दीपदान भी किया कराया जाता है। उन्होंने कहा कि महागौरी की पूजा करने से पाप, कष्ट, रोग और दुःख मिटते हैं। मनोकामना की पूर्ति होती है। दीप दान से अकाल मृत्यु नहीं होती। कहा जाता है कि दीपदान करने से व्यक्ति को अकाल मृत्यु मरने का भय नहीं सताता है। देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु का कृपा पाने के लिए भी दीपदान किया जाता है। वहीं प्रखंड के युवा समाजसेवी पंकज सिंह ने रविवार को खोनहर, चेचरीया, बलिगढ़, केतार, केतरी, आमवाडीह, परती, पाचाडुमर सहित अन्य गांवों के पूजा पंडालों का भ्रमण कर माता के दरबार में मत्था टेक आशीर्वाद लिया। साथ ही उन्होंने पूजा समिति को सहयोग प्रदान किया। मौके पर दीपक सिंह, राजू यादव, गुडू सिंह, बंशीधर सिंह, आनंद गुप्ता, अंकू सिंह आदि मौजूद थे।

### आह्वान पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ ने पूजा पंडालों का भ्रमण कर कमेटी को किया सहयोग

# 'महिषासुर रूपी राक्षस का खात्मा करने का संकल्प लें लोग'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि दुर्गा पूजा में सभी लोगों को महिषासुर रूपी राक्षस का खात्मा करने का संकल्प लेना चाहिए। तभी जाकर समाज में फैली विकृतियां और बुराइयों पर विराम लगेगा। पूर्व विधायक शनिवार को शहर से सटे नाहर चौक पर मां भगवती पूजा समिति के पंडाल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिषासुर की तपस्या से प्रभावित होकर भगवान ने उसे वरदान दिया था। उसके बाद वह खुद को भगवान से भी ऊपर समझने लगा था। उसके आतंक से तंग आकर मां दुर्गा ने उसका वध किया था। पूर्व विधायक ने कहा कि उसी तरह की स्थिति अब वर्तमान समय में आ चुकी है। लोकतंत्र में जनता मालिक होती है। जनता अपने वोट की बदौलत लोगों को जनप्रतिनिधि बनाती है, लेकिन जनप्रतिनिधि बनने के बाद लोग जनता के ऊपर ही सत्ता दुरुपयोग करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि महिषासुर रूपी राक्षस का खात्मा करने के लिए सभी को संकल्प लेना होगा। क्षेत्र की जनता गलत व्यक्ति के हाथों में सत्ता देकर अफसोस कर रही है। चारों तरफ भय का माहौल कायम हो चुका है। खुलेआम लोगों की जमीन छीनी जा रही है। उन्होंने सभी से आपसी साहौर्द और हर्षोउल्लास के साथ दशहरा पर्व मनाने की अपील की। पूर्व विधायक ने मेराल प्रखंड के करकोमा पंचायत स्थित खुटेलिया टोला में पहुंचकर शिव मंदिर के निर्माण में एक लाख रुपये के सहयोग की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने चिनिया प्रखंड के खुरी, रणपुरा, पाल्हे, बिलैतीखैर, डंडा प्रखंड के डंडा, छपरदगा, कोटा, सदर प्रखंड के डटमा, रंका बौलियां, बरदागा, डुमरिया, करूआं, बिरबंधा सहित अन्य गांवों का दौरा कर विभिन्न पूजा कमेटियों के लोगों को सहयोग राशि उपलब्ध कराई। इस दौरान भाजपा नेत्री अंजली गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, रामसकल कोरवा, विवेकानंद तिवारी, मंगलमूर्ति तिवारी, अरूण तिवारी, लक्ष्मी पांडेय, आशीष दुबे आदि मौजूद थे।

किसी भी कीमत पर गरीबों का जमीन नहीं लूट पाएंगें सामंती ताकतें: सत्येन्द्र

### रंका के बरदरी गांव में ग्रामीणों ने की मदद गुहार

रविवार को पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ग्रामीणों के बुलावे पर रंका प्रखंड के बरदरी गांव पहुंचे। वहां पर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को बताया कि एक साजिश के तहत उनकी सैकडों एकड़ जमीन छीनने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण रघु सिंह, दुर्गा सिंह, बाबूलाल सिंह, जगदीश सिंह सहित अन्य लोगों ने पूर्व विधायक को बताया कि उक्त लोग एक सौ साल से अधिक दिनों से उक्त जमीन पर रहकर अपना जीवन-बसर कर रहे हैं। जमीन का खतियान और रजिस्टर टू भी ग्रामीणों के नाम पर हैं। इसके बावजूद राजघराना से ताल्लुक रखने वाले अशोक सिंह के परिवार के लोग जाली कागजात बनाकर उनकी जमीन छीनने का प्रयास कर रहे हैं। उक्त जमीन से बेदखल करने के लिए हाल सर्वे गुपचुप तरीका से कराया गया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि उनके रहते किसी भी कीमत पर गरीबों की जमीन को छीनने नहीं दिया जाएगा। आदिवासी, दलित और पिछड़ों की जमीन को छीनने के लिए सामंती ताकतें पूरी कोशिश कर रही हैं, लेकिन उनके रहते किसी भी हाल में वे लोग अपने मंसूबे में कामयाब नहीं होंगे।

## महाअष्टमी : पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पूजा पंडाल में शारदीय नवरात्र के आठवें दिन यानी महाअष्टमी पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी है। रविवार को महाअष्टमी को महागौरी की पूजा अर्चना को लेकर दुर्गा मंदिर व पूजा पंडालों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी। भक्तों ने भक्ति भावना से मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप देवी महागौरी की पूजा पूरे विधि विधान से कर मां दुर्गा से परिवार के लिए सुख शांति एवं विश्व कल्याण की आराधना की। प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो एवं थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया सहित जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, प्रमुख आभा रानी, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक आदि ने मझिगावां, खरौंधी, राजी, सुंडी, करिवाडीह, चंदनी, सिसरी, अरंगी, कूपा सहित कई पूजा पंडालों का दर्शन पूजन किया। महाअष्टमी पूजन में महिलाओं ने दीप प्रज्वलित कर पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की।

## गागर में सागर

### भाजपा प्रवक्ता प्रतुल ने सपरिवार अपने पैतृक गांव में की माता की पूजा



**चंदवा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव सपरिवार चंदवा स्थित अपने पैतृक गांव रोल पहुंचे और महुआमिलान रेलवे स्टेशन के पास स्थित दुर्गा मंडल रोल के पूजा पंडाल में जाकर महाअष्टमी की पूजा अर्चना की। प्रतुल पूजा समिति रोल के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं। बाद में प्रतुल ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां की कृपा से पूरे क्षेत्र में शांति है और सुख समृद्धि के द्वार खुल रहे हैं। प्रतुल ने इसके बाद समिति के सदस्यों के साथ बैठक की और विजयदशमी को होने वाले महा जतरा के तैयारी की समीक्षा की। दुर्गा मंडल रोल के इस पूजा में अगल-बगल के दो दर्जन से ज्यादा गांव के ग्रामीण इसमें हिस्सा लेते हैं। कभी भीषण उग्रवाद के दौर झेलने वाला ये आज वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजायमान है। मौके पर रमेश गुप्ता,अजीत नाथ शाहदेव, आशीष कुमार सिंह, डब्लू प्रजापति, दीपक निषाद, शिव कुमार मुंडा, रमेश साव, हरिवंश प्रजापति, कोलेश्वर यादव, रोहित सहदेव, सत्यपाल सिंह, अनिल प्रसाद गुप्ता, हेमंत चावड़ा, उमाशंकर सिंह, शौर्य प्रताप शाह देव, शांभवी प्रभा, मोहनलाल चावड़ा, कैलाश यादव, अजीत सहदेव, उदयमणि नाथ सहदेव, सूर्यनाथ, राजेंद्र प्रसाद, रामवृक्ष भगत उपस्थित थे।

### आदिवासी लोहरा समाज की बैठक हुई



**चंदवा।** कृषि फार्म कुसुम टोली के प्रांगण में रविवार को आदिवासी लोहरा समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बसंत लोहरा और संचालन उषा देवी ने की। बैठक में लोहरा जाति का प्रमाणपत्र बनाने और संगठन विस्तार एवं समाज के विकास पर चर्चा की गई। मौके पर सुरेश नाथ लोहरा, अजय लोहरा, दुलसा लोहरा, शीला कुमारी, निशा कुमारी, प्रीति कुमारी आदि उपस्थित थे।

### चतरा : 31 अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को किया गया बंद

**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के समीप लगे मेला के कारण एवं स्टेडियम में कूड़ा-कचड़ा ना फैले और बंद अवधि तक साफ-सफाई किया जा सके। इसे लेकर उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को 31 अक्टूबर 2023 तक बंद किया जाता है। इस अवधि में आमजन के लिए व खिलाड़ियों के लिए भी स्टेडियम में आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। अगर कोई भी इसकी अवहेलना करते पकड़े जाते हैं तो उनसे दंडशुल्क के रूप में निर्धारित राशि वसूल की जाएगी।

### लक्ष्मी पूजा समिति का किया गया गठन सतीश यादव को बनाया गया अध्यक्ष



**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड अंतर्गत सरजामातु में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लक्ष्मी पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर युवाओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रजनीश रंजन ने किया। बैठक में पूजा के सफल संचालन के लिए पूजा कमिटी का गठन करते हुए सर्वसहमति से अध्यक्ष सतीश यादव, सचिव मनोज कुमार यादव एवं कोषाध्यक्ष शानिदेवल यादव को चुना गया। साथ ही शांतिपूर्वक पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर रूपेश कुमार, बिमलेश यादव, मुकेश कुमार, छठन भारती, प्रकाश भारती चन्दन यादव, मिथलेश कुमार, अवधेश लाल यादव, रजनीश रंजन, पंकज कुमार, राकेश कुमार समेत अन्य शामिल थे।

## माता के दर्शन के लिए पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, शांति व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस अलर्ट

# मां आदि शक्ति के जयकारों से गूंजे गांव-शहर

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/कुंदा**

जगत जन्नी, दुष्टों का संहार करने वाली मां आदि शक्ति दुर्गा के जयकारों से शहर से गांव तक गूंजयमान हो रहा है। नव रात्रा के आठवें दिन रविवार को माता के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा की गई। इस दौरान कोई फलाहार तो कोई अखंड उपवास रख माता की पूजा अर्चना कर समृद्धि और एश्वर्य की कामना की। दिन भर जिला मुख्यालय के अलावे पत्थलगड़ा, प्रतापपुर, कुंदा, इटखोरी, टंडवा, सिमरिया, प्रतापपुर, गिद्धौर, हंटरगंज व मयूरहंड आदि प्रखंडों के पूजा पंडालों, देवी मंडपों में विशेष पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिन भर उमड़ती रही। वहीं जिले के शक्ति पीठ इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर, हंटरगंज के कुलेश्वरी, पत्थलगडा के लेम्बोईया देवी स्थान, सिमरिया के भवानी मठ, मां तारा मंदिर, गिद्धौर के बलबल स्थित बागेश्वरी मंदिर व जोरी काली मंदिर में अष्टमी के हवन व बली सहित विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। कुंदा प्रखंड मुख्यायल समेत बौधाडीह पंचायत के बेसरा व सिक्किदाग पंचायत के पूजा पंड़ालों में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। जहां पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इसके साथ ही पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह अपने दल बल के साथ अलर्ट मोड पर है।




### विधायक ने किया पूजा पंडालों का भ्रमण, की पूजा



**गिद्धौर(चतरा)।** रविवार को सिमरिया विधायक किसून कुमार दास रविवार को गिद्धौर प्रखंड पहुंचे। जहां उन्होंने गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गे की पूजा अर्चना की। इस दौरान समिति अध्यक्षों से दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण बनाने की अपील किया। इसके बाद विधायक ने प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरबाड़ी पहुंचे जहां मां दुर्गे की पूजा अर्चना कर प्रखंड वासियों को शुभकामनाएं दी। विधायक के साथ कई पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

## श्रम मंत्री, उपायुक्त और पुलिस अधिक्षक ने किया विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के उद्देश्य से शनिवार देर शाम राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त अबु इमरान व पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ काली मंदिर, नायकी तालाब, मरवाड़ी मोहल्ला, जतराहीबाग, लकलकवा मंदिर समेत अन्य पंडालों का निरीक्षण किया। साथ ही इस दौरान कई पूजा पंडालों का नारियल तोड़कर व फीता काटकर विधिवत उदघाटन भी मंत्री व अधिकारियों ने किया।

निरीक्षण के क्रम में मंत्री, उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने काली मंदिर पहुंच पूजा अर्चना किया। वहीं पूजा समिति के प्रबंधकों एवं सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण माहौल में सरकार व जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करते हुए दुर्गा पूजा त्योहार मनाएं। साथ ही दुर्गा पूजा के दौरान प्रावधानों के अनुरूप ही लाउडस्पीकर व डीजे का उपयोग करें। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही आग की रोकथाम हेतु फायर एक्सीटीगुईशर की उपलब्धता रखेंगे। प्रतिनियुक्त कर्मियों को दायित्व दिया गया कि वे अपने-अपने प्रतिनियुक्त स्थल पूजा पंडाल स्थलों पर प्रत्येक दिन निर्धारित समय व कार्यक्रम के पूर्व उपस्थित रहेंगे। साथ ही नियमित रूप से पेट्रोलिंग करते रहेंगे। निरीक्षण में अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, एसडीपीओ अविनाश कुमार, थाना प्रभारी, टाउन थाना, पूजा समिति के सदस्यगण, दंडाधिकारी व पुलिस बल के अलावा अधिकारी शामिल थे।



### 301 पाठकर्ताओं के बीच अल्पाहार का वितरण

**लातेहार।** श्रीरामचरित मानस नवाह्यन परायण पाठ महायज्ञ के अष्टमी तिथि को दिलीप मशीनरी मार्ट द्वारा 301 महिला पाठकर्ताओं के बीच अल्पहार का वितरण किया गया। प्रोपराइटर राजेश अग्रवाल ने बताया कि वे प्रति वर्ष महाअष्टमी तिथि को मानस पाठकर्ता महिलाओं के बीच अल्पाहार की व्यवस्था करते हैं। उन्होंने सभी पाठकर्ताओं को जलपान के अलावा चुनरी व मिनरल वाटर दिया। बच्चों के बीच चाकलेट का भी वितरण किया गया। मौके पर जवाहर प्रसाद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मनोज दास शर्मा, उमेश अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, विशाल अग्रवाल एवं परिवार केसदस्य मौजूद थे।

# महाअष्टमी पर भक्ति भाव में डूबा महुआडांड़

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

महुआडांड स्थित दुर्गा बाड़ी परिसर में हर वर्ष की भांति इस बार भी रविवार को महाअष्टमी के अवसर पर पंडित सर्वेश पाठक के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हजारों की संख्या में माताओं व बहनों ने मां दुर्गे को संधि बलि दीप दान किया। विधि व्यवस्था संधारण को लेकर एसडीएम बिपिन कुमार दुबे, एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेन डांग, सीओ संतोष बैठा, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, थाना प्रभारी संजय रतन आदि प्रशासनिक पदाधिकारियों ने सभी पूजा पंडालों का अवलोकन किया।





### मां गौरी की पूजा को लेकर पंडालों में रही भीड़


**बरवाडीह।** प्रखंड के सभी दुर्गा पूजा पंडालों में रविवार को महाअष्टमी पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। पूजा पंडालों में सुबह से ही ढोल, घंटी और शंख की ध्वनि से आसपास का पूरा इलाका गूंजायमान रहा। माता का दर्शन कर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो रहे हैं। पूजा अर्चना को लेकर बाजार, रेलवे क्लब, पंचमुखी मंदिर समेत अन्य पूजा पंडालों में काफी संख्या महिलाएं पहुंचीं। महिलाओं ने संकल्प के अनुसार दीप प्रज्वलित कर माता की पूजा की। अष्टमी के दिन रेलवे क्लब पूजा पंडाल में संध्या आरती देखने लायक थी। बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा विशेष ढोल की थाप पर माता की आरती आकर्षण का केंद्र रही। सभी पूजा पंडालों में देर रात्रि तक भक्तों तांता लगा रहा। वहीं प्रखंड पुलिस प्रशासन सतर्क रहा।

### बीडीओ व थाना प्रभारी ने पंडालों का किया निरीक्षण

**बरवाडीह।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय व पुलिस इंस्पेक्टर अनिल उरांव, थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने रविवार को महाअष्टमी पर प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने पूजा पंडाल कमेटी के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों से मुलाकात कर सरकारी गाइडलाइन का पालन करने हेतु दिए गए सभी निदेशों पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। बीडीओ व थाना प्रभारी ने सभी पूजा पंडाल में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र, पानी की व्यवस्था, दो निकास द्वार, बालू की व्यवस्था, प्रशासन द्वारा सत्यापित आईडी कार्ड युक्त वालंटियर की तैनाती, सभी अधिकारियों का मोबाइल नंबर पूजा पंडाल में अंकित होने समेत सभी गाइडलाइन की जानकारी पूजा समिति के अध्यक्ष से ली।

### भाटचतरा में दुर्गा पूजा पंडाल बनकर तैयार

**बारियातु।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा बाजार टाड़ स्थित दुर्गा मंडप भवन परिसर में पिछले कई वर्षों से दुर्गा पूजा धूमधाम से की जा रही है। आकर्षक एवं मनमोहक पूजा पंडाल बनकर तैयार है। वहीं भाटचतरा में चतुर्तमार्स व्रत कार्यक्रम पिछले तीन माह से चल रहा है। इसमें प्रतिदिन प्रवचन सुनने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु आ रहे हैं। चातूर्मार्स व्रत संपन्न होने के पश्चात लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इसको सफल बनाने को लेकर बब्लू सिंह, दिलीप सिंह, संजय लोहार, प्रहलाद सिंह, डब्लू सिंह, विशुनदेव गंझु, अवध सिंह आदि अहम भूमिका निभा रहे हैं।



## पांडेयपुरा में भक्ति जागरण का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



सदर प्रखंड के पांडेयपुरा ग्राम के शिव मंदिर प्रांगण में शनिवार की रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी, प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, पंचायत के मुखिया संजय उरांव ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर जिप अध्यक्षा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे की भावना पनपती है। उन्होंने कहा कि भक्ति में ही शक्ति है। मनुष्य को कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए।

प्रखंड प्रमुख ने कहा कि नवरात्रि के मौके पर चारों तरफ भक्ति का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग भक्ति भाव से पूरी तरह ओत प्रोत है। मुखिया ने कहा कि पांडेयपुरा गांव में सार्वजनिक पूजा समिति द्वारा इस तरह के आयोजन कराने से गांव सहित पूरी पंचायत भक्तिमय हो गई है। उद्घाटन के बाद समिति के द्वारा सभी अतिथियों व कलाकारों को चुनरी व गमछा पहना कर सम्मानित किया गया। भक्ति जागरण में रामगढ़ से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया। भक्ति जागरण के दौरान कलाकारों ने ऐसा समां बांधा की दर्शन भक्ति रस से सराबोर हो गए। मौके पर समिति के अध्यक्ष बसंत प्रसाद, सचिव विश्वनाथ प्रसाद, गोविंद प्रसाद, दिलीप प्रसाद, श्याम बिहारी प्रसाद, काशी प्रसाद, अशोक प्रसाद, पारस प्रसाद, दिनेश प्रसाद, नवल प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, बरुन प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, पिन्टु प्रसाद, आनंद कुमार, पवन प्रसाद, निरंजन प्रसाद, उमेश प्रसाद, प्रभात कुमार, अखिलेश कुमार, राकेश कुमार,आनंद कुमार, प्रमोद कुमार, नितेश कुमार, रतन प्रसाद, संजय प्रसाद आदि मौजूद थे।

## छेंका करने जा रहे परिवार की गाड़ी पलटी, 3 घायल

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

हजारीबाग के बड़कागांव बादम से लातेहार लड़की का छेंका करने जा रहे स्कार्पिओ वाहन बारिखाप पुल के समीप अनियंत्रित होकर पलटा गया, जिससे तीन लोग घायल हो गए। स्कार्पिओ पलटने से बादम निवासी चालक मो अफरोज के शरीर के कई हिस्सों मे चोट लगी है। चालक का नजदीकी अस्पताल मां उग्रतारा नर्सिंग होम में उपचार किया गया। वहीं समीना खातून (43), सबीना खातून (41) को आंशिक चोट लगी है। मो सुफियान ने बताया कि बारियातु थाना क्षेत्र के बारिखाप स्थित पुल के पास स्कार्पिओ अनियंत्रित होकर तीन राउंड पलट गई, जिससे सवार लोगों में अफरातफरी मच गई। हालांकि ग्रामीणों के मदद से पलटे हुए स्कार्पिओ को उठाकर घायलों को अस्पताल भेज दिया गया।

## सियासत

### चतरा सीट पर कांग्रेस, राजद व झामुमो की है मजबूत दावेदारी

# त्योहारी मौसम में दावेदारी पेश करने में जुटे नेता

**अजय सिन्हा। लातेहार**

नवरात्र के भक्तिमय माहौल में क्षेत्र के नेता शुभकामना संदेशों के माध्यम से आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पार्टी और क्षेत्र की जनता के समक्ष पेश कर रहे हैं। शहर तो शहर, दूरदराज के लगभग सभी खंभे, पेड़ होर्डिंग और बैनर से अटे पड़े हैं। होर्डिंग और बैनर के माध्यम से नेता और सामाजिक कार्यकर्ता चुनाव से पहले ही अपने पक्ष में माहौल बनाने में लगे हैं। हर किसी की दावेदारी का अपना-अपना तर्क है। कोई स्थानीयता को बड़ा मुद्दा बनाकर, तो कोई बदलाव और परिवर्तन के लिए खुद को बेहतर विकल्प के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। यह तो स्पष्ट है कि साल 2024 में एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन के बीच ही मुख्य मुकाबला होना है। ऐसे में दोनों ही गठबंधन में दावेदारों की कमी नहीं है। झामुमो के लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से झामुमो की ओर से दावेदारी पेश की है। उन्होंने पांचों विधानसभा क्षेत्र में दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व, भैयादूज, चित्रगुप्त पूजा, गोवर्धन पूजा की शुभकामना क्षेत्र की जनता को दी है और स्थानीय उम्मीदवार होने के नाते सहयोग की अपेक्षा की है। इंडिया गठबंधन की ओर से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए किसी दूसरे संभावित उम्मीदवार का होर्डिंग और बैनर बहुलता में नहीं दिखा है। लातेहार जिला मुख्यालय में वर्तमान विधायक बैजनाथ राम की ओर से दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ पूजा की शुभकामना से संबंधित होर्डिंग लगाए गए हैं।




### एनडीए में दावेदारों की है लंबी फेहरिस्त

देश की सत्ता पर पिछले 10 वर्षों से काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से संभावित उम्मीदवारों ने होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से अपनी अपनी दावेदारी जोरदार तरीके से पेश की है। समाजसेवी सह रेलवे संवेदक बबन कुमार सिंह, ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ. अभिषेक कुमार रामधीन द्वारा त्योहार की शुभकामना से संबंधित होर्डिंग एवं बैनर बड़े पैमाने पर लगाए गए हैं। विधानसभा चुनाव के लिए संभावित प्रत्याशियों की सूची में शामिल युवा नेता चेतलाल रामदास ने विधानसभा क्षेत्र में इसी महीने जिले में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के बैनर एवं पोस्टर बड़ी मात्रा में लगाए हैं।

## शिक्षक बहाली के नाम पर 28 लोगों से 4 लाख ठगे

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

कुसुम टोली चंदवा निवासी राकेश उरांव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बाल विकास शिक्षा कार्यक्रम द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद चैरिटेबल ट्रस्ट बैंगलोर (भारत) नामक संस्था पर शिक्षक बहाली के नाम पर 28 लोगों से 4 लाख 3 हजार 400 रुपये ठगने का आरोप लगाया है। राकेश ने बताया कि संस्था के लोग 1 से 7 वीं कक्षा के बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षक बहाली के नाम पर मुझसे मिलकर बोले कि आप शिक्षक बहाल कीजिए, शिक्षकों को प्रथम से तीसरे माह तक तीन हजार पांच सौ रुपये और चौथे माह से चार हजार से पांच हजार रुपये देने की बात कही और उन लोगों के द्वारा मुझे फील्ड आफिसर पद पर नियुक्ति किया गया और पांच

### 1 से 7 वीं कक्षा के बच्चों को पढ़ाने की बात कही थी

हजार पांच सौ रुपये से सात हजार रुपये तक प्रतिमाह देने का प्रलोभन दिया गया। मै अपनी पंचायत से 28 टीचर को नियुक्ति कर दिया। स्वामी विवेकानंद चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा सभी व्यक्ति से 1550 रुपये बहाली के नाम पर फोन पे, गूगल पे एवं बैंक एकाउंट के माध्यम से लिए गए। बच्चों को पढ़ाने के एक माह बाद शिक्षकों का मानदेय नहीं मिला तब सभी टीचर मुझसे सैलरी मांगने लगे। तब मैंने अपने सीनियर को फोन किया तो फोन बंद आने लगा। बाद में पता चला कि स्वामी विवेकानंद शैक्षणिक चैरेटिबल ट्रस्ट संस्था ही फर्जी थी और हम सभी लोगों को सब्जबाग दिखाकर ठगी की गई।

## विधायक आज योजनाओं का शिलान्यास करेंगे

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह सोमवार को प्रखंड में कई योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर विधायक मद से सोमवार को सुबह 10 बजे प्रखंड के बाजार दुर्गा पूजा परिसर में सामुदायिक भवन सह दुर्गा मंडप शेड, बाजार समिति द्वारा निर्मित बाजार शेड की मरम्मत, गड़वातांड दुर्गा मंडप शेड परिसर में सामुदायिक भवन निर्माण, पंचमुखी मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन सह दुर्गा मंडप शेड का शिलान्यास विधायक करेंगे। प्रतिनिधि ने कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और आम लोगों से शामिल होने की अपील की है।

## गागर में सागर

### लोहरदगा में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदर्शित की गई



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां ने संयुक्त रूप से रविवार को नगर भवन लोहरदगा में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदर्शित की। इस कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी शामिल हुए। ज्ञात हो कि वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप-2023 का आयोजन रांची में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक किया जा रहा है। इसमें दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। प्रतियोगिता में भारत, जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया एवं थाईलैंड की टीमें भाग लेंगीं। इस बाबत ट्रॉफी का टूर झारखंड के 24 जिलों में आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य हॉकी प्रेमियों को इस प्रतियोगिता के बारे जानकारी उपलब्ध कराना और आयोजन को सफल बनाना है। मौके पर उपायुक्त ने खेल प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'बेहतर से बेहतर की तलाश करो, मिल जाए नदी तो समुंदर की तलाश करो, टूट जाता है शीशा पत्थर की चोट से टूट जाए पत्थर, ऐसा शीशा तलाश करो।' उपायुक्त ने कहा कि बच्चों खूब मेहनत करो। आप अपनी मेहनत से कुछ भी हासिल कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने कहा कि आप कड़ी मेहनत करें, अनुशासन और ईमानदारी से काम करें तो सफलता अवश्य मिलेगी। चाहे आप जिस क्षेत्र में हों। अनुमंडल पदाधिकारी, अरविंद कुमार लाल ने कहा कि यह आयोजन झारखंड में हो रहा है। एशिया के विभिन्न देशों के खिलाड़ियों का रांची आना प्रारंभ हो गया है। आज हम लोग लोहरदगा में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप की ट्रॉफी प्रदर्शित की गई है जो काफी गौरवान्वित करने वाला क्षण है। हमारे झारखंड की बेटियों ने हॉकी के क्षेत्र में काफी बेहतर किया है। कार्यक्रम के आयोजन में जिला खेल कार्यालय का अहम योगदान रहा। मौके पर नीरू शांति भगत, खेल कार्यालय के लखन राम, जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष महादेव भगत, सचिव अजीत भगत, क्रिकेट कोच अमित कुमार, एकेडमी एथलीट कोच विनय उरांव, दुबराज यादव, अनुप कुमार, विमलकांत, मंगरा उरांव, सोमा उरांव, पप्पू कुमार साहू, सत्नरायण महली, आशु, सहित संबंधित क्षेत्र के खिलाड़ी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**सेन्हा।** मानव तस्कर के फरार आरोपी पर व्यवहार न्यायालय लोहरदगा द्वारा जारी इश्तिहार के आलोक में सेन्हा पुलिस द्वारा भीठा गांव स्थित आरोपी के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया। लोहरदगा जिला अंतर्गत भंडरा थाना क्षेत्र के भीठागांव निवासी स्व.सूचित बरई उर्फ सूचित चौरसिया के पुत्र धनंजय बरई उर्फ धनंजय चौरसिया के घर इश्तेहार चिपका कर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा चेतावनी दी गई। इस संदर्भ में ए एस आई अल्बिना लकड़ा ने बताया कि अप्राथमिक अभियुक्त धनंजय बरई उर्फ धनंजय चौरसिया लम्बे समय से फरार चल रहा है, जिसके विरुद्ध व्यवहार न्यायालय लोहरदगा में मामला लंबित है। साथ ही भंडरा थाना क्षेत्र के भीठा गांव निवासी स्व. सूचित बरई के पुत्र धनंजय बरई के घर इश्तेहार तामिल के लिए शस्त्र बल के साथ पहुंचे तो आरोपी फरारा पाया गया, जिसके उपरांत घर की दीवार पर इश्तेहार चिपका कर आत्मसमर्पण करने के लिये चेतावनी दी गई। विदित हो कि आरोपी के नाम इश्तेहार कोर्ट से प्राप्त होते ही एएस अल्बिना लकड़ा ने दलबल के साथ आरोपी के घर पहुंच इश्तेहार चिपकाया।

### शांति आश्रम में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं जय श्रीराम समिति द्वारा महाअष्टमी के दिन शांति आश्रम में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया गया। साथ ही हवन भी करवाया गया। इस कार्यक्रम में शांति आश्रम गुरुकुल के बच्चे भी शामिल हुए। इस मौके पर सच्चिदानंद अग्रवाल ने शस्त्र पूजन पर प्रकाश डालते हुए सभी सनातनियों को एकजुट रहने की बात कही। मौके पर सच्चिदानंद अग्रवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक दीपक कुमार, विपुल तमेड़ा, शरद चंद्र आचार्य, जय श्री राम समिति के जिला संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दया शंकर सिंह, ओम महतो, जिला महामंत्री प्रदीप साहू, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, नगर उपाध्यक्ष दिग्गज सिंह, आशीष वर्मा मीडिया प्रभारी विष्णु साहू, नीरज कुमार,चंदन साहू, अंकित सिंह, दीनानाथ कुमार, आयुष साहू, सत्यम कुमार, राजू सिंह आदि मौजूद थे।





# भक्ति में डूबा लोहरदगा, भक्तों ने की महागौरी की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों और गांवों में रविवार को महाअष्टमी पर पूजा पंडालों में देवी के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा हुई। महाआरती के दौरान पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मां भगवती के प्रति के आस्था, प्रेम और स्नेह भक्तजनों को पूजा पंडालों तक खींच लाया। पूजा पंडाल एवं विद्युत सज्जा भक्तजनों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है। इधर शहर के पूजा पंडालों में सुरक्षा की ठोस व्यवस्था की गई है। शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूजा समिति के युवक व पुलिस के जवान योगदान कर रहे हैं। सशस्त्र बल की अतिरिक्त प्रतिनियुक्ति की गई है।

### तीन दर्जन से अधिक पूजा पंडालों का निर्माण

जिले के शहरी और ग्रामीण इलाको में तीन दर्जन से अधिक पूजा पंडालों का निर्माण किया गया है। श्रीरामचरित मानस नवाहयान परायण पाठ गुदरी बाजार, श्रीशुभकामना दुर्गा पूजा समिति पतराटोली, श्रीदुर्गा पूजा समिति ब्लाक मोड़, मां अंबे दुर्गा पूजा समिति, षास्त्री चैक, दुर्गा पूजा समिति मैना बगीचा, दुर्गा पूजा समिति रामवि पावरगंज, श्री दुर्गा बाड़ी पावरगंज, दुर्गा पूजा समिति अमलाटोली, जय मां दुर्गा पूजा समिति थाना टोली, दुर्गा पूजा समिति षास्त्री चैक, चंद्रषेखर आजाद क्लब, दुर्गा पूजा समिति हटिया गार्डेन, श्री श्री दुर्गा बाड़ी मंदिर, अमलाटोली, श्री दुर्गा बाड़ी तिवारी दुरा, दुर्गा पूजा समिति बौली बगीचा, मित्र मंडल गायत्री मंदिर, अपर बाजार दुर्गा पूजा समिति, भगवती आराध्य समिति राणा चौक, नवयुवक संघ बरवाटोली, दुर्गा पूजा समिति महावीर चौक, मां चंडी नवयुवक संघ मिषन चैक, नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति बीआईडी, जय मां तारिणी बक्शीडीपा, वीर षिवाजी चैक, प्राचीन दुर्गा पूजा समिति चांदकोपा, मां वैश्णव मंदिर टंगराटोली, बदला, सेन्हा ब्लाक, राणी सती मंदिर दुर्गा पूजा समिति सेन्हा, जय मां अंबे पूजा समिति बाजार टाड़ बरहीडीपा, ढ़ोल चबूतरा बरही, दुर्गा पूजा समिति मन्हो, दुर्गा पूजा समिति गांगुपारा, दुर्गा पूजा समिति हेन्दलासो कुजरा समेत प्रखंडों में पूजा समितियों ने भव्य पंडालो का निर्माण किया है।



### महाष्टमी की पूजा के बाद भंडरा में दुर्गोत्सव की धूम, पंडालों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**भंडरा।** दुगार्पूजा को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। अष्टमी की पूजा को लेकर पंडालों में भीड़ उमड़ी। देर रात तक लोग पूजा पंडालों में जाकर माता के दर्शन किये। प्रखंड के भंडरा, बेदाल, भौरों, भीठा एवं मसमानो गांव में बने पूजा पंडालो में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। पुलिस प्रसासन की ओर से पूजा पंडालों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

## कुडू में माता के दर्शन को उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुडू शहर में पांच स्थानों पर दुर्गा पूजा हो रही है। सभी आयोजकों ने एक से बढ़कर एक पंडाल बनाये हैं, जिनमें आकर्षक साज सज्जा की गई है। कुडू बाजार टांड स्थित केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति दुर्गा बाड़ी, भवानीपुर देवी मंडप स्थित मां भवानी पूजा समिति, नीचे स्टैंड स्थित जय माता दी दुर्गा पूजा समिति, बस स्टैंड के मा शक्ति पूजा समिति, ब्लॉक मोड़ स्थित मां अंबे पूजा समिति के अलावे टाटी, जिमा, विश्रामगढ़, ओपा, सुकमार, चापी, सलगी, लावागाई, रुद, डोरोटोली, जिलिंग, पंडरा, माराडीह, बरवाटोली, उडुमुडु, जिंगी आदि के पूजा पंडालों में दुर्गा माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान कहीं भी किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो इसे लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। जगह-जगह पुलिस के साथ ही दंडाधिकारी की निगरानी है। वहीं पुलिस ने ड्रोन से भी निगरानी की व्यवस्था की है।



### बांग्ला रीति रिवाज से दुर्गाबाड़ी में होती है पूजा

श्री श्री दुर्गा बाड़ी मंदिर श्रद्धालुओं की गहरी आस्था से जुड़ा है। सन 1936 से यहां दुर्गा पूजा की परंपरा चली आ रही है। बांग्ला रीति-रिवाज से मां दुर्गा की आराधना होने से इसकी श्रद्धालुओं में अलग से पहचान बन गई है। इस मंदिर में शहरी और ग्रामीण इलाकों समेत दूसरे जिले के श्रद्धालु भी आते हैं। इस मंदिर का संचालन और पूजा पाठ का दायित्व स्थानीय बंगाली समुदाय और लोहरदगा के गणमान्य लोगों के ऊपर है।

### नवरात्र के अंतिम दिन आज सिद्धिदात्री की पूजा

शारदीय नवरात्रि का अंतिम दिन महानवमी सोमवार को है। इस दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा से विशेष सिद्धियों की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि मां सिद्धिदात्री की विधि पूर्वक पूजा अर्चना करने से भक्त को सिद्धि प्राप्त होती है और उन्हें मोक्ष मिलता है। कहा जाता है कि नवरात्रि के अन्य सभी दिनों के बराबर पुण्य लाभ केवल महानवमी के दिन व्रत रखते हुए मां सिद्धिदात्री की पूजा से ही प्राप्त होता है।







**आस्था** | **ब्रिटिश हुकूमत के डर से छिपकर की गई थी पूजा की शुरुआत, वर्तमान में पांच स्थानों पर होता है दुर्गा पूजा का आयोजन**

# कुडू में 98 साल पुराना है दुर्गा पूजा का इतिहास, 1925 में की गई थी शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
प्रखंड में दुर्गा पूजा का इतिहास लगभग 98 साल पुराना है। शारदीय दुर्गा पूजा की शुरुआत कुडू प्रखंड में वर्ष 1925 में स्व. कालीचरण साहू, स्व. शंकर दयाल साहू, स्व. अवध बिहारी साहू, स्व. रूप राय ने संयुक्त रूप की थी। उन्होंने ब्रिटिश सरकार से छिपकर अवध बिहारी साहू के गौशाला में मां दुर्गा की प्रतिमा का निर्माण कराया था। इसके बाद देवी मंडप में षष्ठी की रात मूर्ति स्थापित कर दुर्गा पूजा की शुरुआत की गई थी।

पूजा की शुरुआत करने वालों को ब्रिटिश हुकूमत का डर था। इस वजह से कुडू के लोग इस पूजा में छिपकर शामिल हुए थे। ब्रिटिश शासन के डर से प्रतिमा को नवमी की रात ही बाजार टांड़ तालाब में विसर्जन कर दिया गया था। इसके बाद से पूजा अनवरत जारी है। यह सिलसिला 1925 से 1939 तक चला। वर्ष 1940 में दुर्गा बाड़ी निर्माण को लेकर हिंदू धर्मावलंबियों की बैठक हुई। कुडू बाजार टांड़ में दुर्गा बाड़ी निर्माण को लेकर ग्रामीणों के आग्रह पर बलदेव दास बिड़ला द्वारा ग्रामीणों को जमीन दी गई, जहां स्व. अवध बिहारी साहू द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से दुर्गा बाड़ी का निर्माण किया गया। 1948 में लोहरदगा के तत्कालीन एसडीओ की अध्यक्षता में कुडू थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में ब्रिटिश प्रशासन ने विजयादशमी की शोभा यात्रा का मार्ग तय किया था। दुर्गा बाड़ी में लगातार शारदीय नवरात्र पाठ से मां दुर्गा के साथ गणेश, लक्ष्मी, कार्तिक, सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर नियमित रूप से पूजा-अर्चना की जाती है।

सन 1952 से 1962 तक सप्तमी से नवमी तक रात्रि में मनोरंजन के लिए स्थानीय कलाकारों ने मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक आदि का मंचन करना शुरू किया। वहीं 1963 से 1988 तक इस अवसर पर पर्दा पर चलचित्र चला। 1991 से इस मौके पर आर्केस्ट्रा जागरण का दौर शुरू हो गया जो निरंतर जारी है। दुर्गा पूजा के मौके पर पहली बार 1977 में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जब स्थानीय कलाकारों तथा बाहर से आये कलाकारों ने रामलीला, रामायण, महाभारत पर आधारित नाटक पेश किया था। अब कुडू में पांच स्थानों पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा प्रखंड में लगभग 33 जगहों पर प्रतिमा स्थापित कर भव्य पूजा हो रही है।




## किस्को में 55 साल से की जाती है मां दुर्गे की पूजा

**किस्को।** प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी जोरों पर शुरू हो चुकी है। जगह-जगह पंडाल एवं मूर्ति बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। बता दें कि किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किस्को, अरेया, पतगेच्छा, नवाडीह, खरचा एवं जनवल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है। किस्को प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर पंडाल निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। इस दौरान दुर्गा पूजा कमिटी का विस्तार कर तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा का इतिहास काफी पुराना है। नवाडीह गांव में दुर्गा पूजा की शुरुआत साल 1967 में प्रभु साहू द्वारा की गई थी। जानकारी के अनुसार नवाडीह में साल 1967 से 1995 तक प्रभु साहू द्वारा पूजा की जिम्मेवारी ली जाती थी। 1995 के बाद ग्रामीणों द्वारा पूजा कराई जाती है। वहीं किस्को में 1978 में दुर्गा पूजा की शुरुआत स्व. लाल नवल नाथ शाहदेव द्वारा की गई थी। शाहदेव की मृत्यु के बाद पूजा की व्यवस्था लाल अनिल कुमार नाथ शाहदेव द्वारा की जाने लगी। वर्ष 2017 में लाल अनिल कुमार नाथ शाहदेव की मृत्यु हो जाने के बाद से लाल मुकुल नाथ शाहदेव की देख-रेख में दुर्गा पूजा की जाती है। इसी तरह पतगेच्छा में पिछले 7 वर्षों से अर्जुन सिंह द्वारा पूजा पंडाल की व्यवस्था कराई जाती है। साथ ही ग्राम अरेया में मां दुर्गा की पूजा पिछले 63 वर्षों से ग्रामीणों के सहयोग से की जा रही है। इसी तरह जनवल गांव में पिछले 53 वर्षों से दुर्गा पूजा नियमित रूप से होते आ रही है। जनवल गांव में पूजा की शुरुआत स्व. नागेश्वर साहू द्वारा की गई थी। इस बीच नागेश्वर साहू का निधन हो जाने के बाद पूजा की जिम्मेवारी उनके पुत्र तुलसी साहू एवं मुंशी साहू की देख-रेख में की जाती है।

## गागर में सागर

### मध्य पूर्व तनाव के चलते निवेशकों के सतर्क रहने की संभावना

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव के लंबे प्रभाव के बारे में चिंताओं के कारण निवेशकों के निकट अवधि में सतर्क रहने की संभावना है। ये बात जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कही है। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि अस्थिरता बनी रहेगी, हालांकि लंबी अवधि के निवेशकों को वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के नतीजे, आय अनुमान और त्योहारों के चलते बढ़ी मांग के माहौल के कारण निवेश के अवसर मिलेंगे। फेड की ब्याज दर के लिए भारतीय बाजार अमेरिकी जीडीपी डेटा की सतर्कता से निगरानी करेगा। उन्होंने कहा, इसके अलावा, जैसे-जैसे कमाई का मौसम गति पकड़ेगा, निवेशकों के सेंटीमेंट्स कॉर्पोरेट प्रबंधन टिप्पणी और बॉटम-अप निवेश दृष्टिकोण से आकार लेंगे। मध्य पूर्व के तनाव और बढ़ी हुई अमेरिकी बांड यील्ड ने इस हफ्ते बाजार को नरम रखा। कमाई के मौसम की कमजोर शुरूआत, आईटी क्षेत्र से निराशा और बैंकों के मिश्रित नतीजों ने निवेशकों को मुनाफावसूली करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एफआईआई ने धन निकालना जारी रखा क्योंकि यूएस फेड चेयर ने मौद्रिक नीति को जारी रखने और ब्याज दर को ऊंचा रखने की अनिवार्यता पर जोर दिया।

### नेपाल में भूकंप के झटकों से हड़कंप घरों से बाहर निकले लोग

**नई दिल्ली।** नेपाल में धादिंग जिले में रविवार सुबह भूकंप के तीन झटके महसूस किए गए हैं। झटके राजधानी काठमांडू में भी महसूस किए गए। समाचार एजेंसी के अनुसार, नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र (एनईएमआरसी) के लोक बिजय अधिकारी ने कहा, स्थानीय समया सुबह 7:39 बजे 6.1 तीव्रता का एक झटका आया। सहायक मुख्य जिला अधिकारी हम नाथ पराजुली ने शिन्हुआ को बताया कि भूकंप से धादिंग में कुछ घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं, लेकिन अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग घरों से निकलकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। एनईएमआरसी के अनुसार, इस साल नेपाल में कुल 58 भूकंप आए हैं, जिनकी तीव्रता 4.0 से 6.3 के बीच रही है।

### पेटीएम के फाउंडर ने कहा, कंपनी को नए ग्राहकों की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म पेटीएम का हाल ही में फाइनेंशियल रिजल्ट सामने आया है। इसमें देखने को मिला है कि कंपनी का घाटा कम हुआ है। अब रिजल्ट के बाद कंपनी के फाउंडर और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) और वन97 कम्युनिकेशन लिमिटेड (ओसीएल) दो अलग-अलग कंपनियां हैं और इनका परिचालन काफी दूरी रखते हुए किया जाता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कंपनी को नए ग्राहकों की जरूरत नहीं है। पेटीएम के फाउंडर शर्मा ने पेटीएम की संचालक कंपनी वन97 कम्युनिकेशन के दूसरी तिमाही के नतीजों पर एक चर्चा के दौरान कहा कि कंपनी को कर्ज कारोबार की वृद्धि के लिए नए ग्राहकों की जरूरत नहीं है। उनका इशारा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के जरिए पीपीबीएल पर नए ग्राहक जोड़ने पर लगाए गए प्रतिबंध की तरफ था। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2021-22 में पीपीबीएल को 11 मार्च, 2022 से नए ग्राहक जोड़ने से प्रतिबंधित कर दिया था। इस प्रतिबंध के संभावित असर पर शर्मा ने कहा, पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड और पेटीएम दो बहुत अलग-अलग कंपनियां हैं, जिनमें थोड़ी नहीं बल्कि बहुत दूरी है।


### देवीकुंड सागर गांव के हर घर में होती है एलोवेरा की खेती, किसान हो रहे मालामाल



**बीकानेर।** बीकानेर में नमकीन के अलावा सूखी सब्जियां भी काफी प्रसिद्ध है। ऐसी ही एक सब्जी है जो ज्यादातर बीकानेर की ही प्रसिद्ध है। हम बात कर रहे है बीकानेर के एलोवेरा यानी ग्वारपाठा की। बीकानेर से करीब 25 किलोमीटर दूर देवीकुंड सागर गांव का ग्वारपाठा काफी प्रसिद्ध है। इस गांव के हर घर में एलोवेरा यानी ग्वारपाठा की खेती होती है। इस गांव से बड़ी संख्या में एलोवेरा भारत के कई शहरों में जाता है। किसान चंद्रकांत पुरोहित ने बताया कि सागर गांव में करीब 100 सालों से हर घर में एलोवेरा की खेती हो रही है। इससे पहले इनके दादाजी और पिताजी खेती करते थे। वे करीब 30 सालों से ग्वारपाठा की खेती कर रहे है। इसे बाजार में 15 से 20 रुपए किलो बेचा जाता है। वे बताते है कि एलोवेरा एक माह में उग जाता है।

## तीन दिनों से बड़ी गिरावट का शिकार हुआ बाजार

# युद्ध और आईटी शेयरों ने बनाया दबाव




**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार के लिए पिछला सप्ताह काफी खराब साबित हुआ। बाजार ने भले ही सप्ताह की शुरूआत ठीक-ठाक की, लेकिन आखिर के 3 दिनों में लगातार गिरावट आई। पिछले सप्ताह गिरावट का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध और आईटी शेयरों में बिकवाली रही। अब 23 अक्टूबर सोमवार से नया सप्ताह शुरू हो रहा है। आइए जानते हैं कि नए सप्ताह के दौरान बाजार का हाल कैसा रहने वाला है। पिछले सप्ताह की बात करें तो बाजार ने महीने की तेजी के क्रम को बरकरार रखते हुए शुरूआत की, लेकिन अंतिम तीन दिनों में बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। आखिरी 3 दिनों में सेंसेक्स में 1000 अंकों से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। सप्ताह के अंतिम दिन 20 अक्टूबर शुक्रवार को सेंसेक्स 231.62 अंक गिरकर 65,397.62 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 82.05 अंक के नुकसान में 19,542.65 अंक पर रहा। पूरे सप्ताह दौरान बीएसई सेंसेक्स में 885.12 अंकों यानी 1.33 फीसदी की और निफ्टी में 208.4 अंकों यानी 1.05 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। उससे पहले 13 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह में सेंसेक्स में 550 अंक से ज्यादा की और निफ्टी में 245 अंकों की तेजी आई थी। महीने के पहले सप्ताह यानी 6 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान सेंसेक्स में करीब 315 अंक की तेजी आई थी, जबकि निफ्टी को 0.45 फीसदी का फायदा हुआ था। पश्चिम एशिया में इजरायल और हमास के बीच युद्ध अभी भी जारी है। इजरायल ने मानवीय मदद के लिए कुछ ढील दी है, लेकिन वह हमास को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे हाल-फिलहाल में युद्ध के समाप्त होने के संकेत नहीं दिख रहे हैं। दूसरी ओर घरेलू बाजार में आईटी कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद से कमजोर रहे हैं। इससे आईटी शेयरों में बिकवाली देखी गई। पिछले सप्ताह के दौरान बाजार को ये 2 फैक्टर भारी पड़ गए। नए सप्ताह की बात करें तो बाजार पर जारी रिजल्ट सीजन का असर दिख सकता है। पश्चिम एशिया में युद्ध के जारी रहने से निवेशक सतर्कता बरत सकते हैं। फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरें और बढ़ाने का संकेत दिया है। बाजार पर इसके कारण दबाव रह सकता है। कच्चे तेल और डॉलर की घट-बढ़ से भी बाजार प्रभावित हो सकता है।

## पुणे के सबसे दौलतमंद शख्स साइरस पूनावाला हैं

# भारत छठवें नंबर पर, यह 20.9 अरब डॉलर के संपत्ति के हैं मालिक



**एजेंसी। पुणे**

भारत के 100 सबसे दौलतमंद की नई लिस्ट जारी हो चुकी है, जिसमें मुकेश अंबानी टॉप पर हैं और 100वें सबसे अमीर व्यक्ति केपी रामासामी हैं। मुकेश अंबानी और केपी रामासामी की दौलत में 'जमीन और आसमान' का अंतर दिखता है। हालांकि आज हम पुणे के सबसे अमीर व्यक्ति के बारे में बताने जा रहे हैं, जो भारत के अमीरों की लिस्ट में छठवें नंबर पर काबिज हैं। फोर्ब्स के 100 सबसे अमीर भारतीयों की सूची में छठवें नंबर पर साइरस पूनावाला हैं। ये दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीन मैन्यूफैक्चर कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के मालिक हैं, जिसकी स्थापना इन्होंने 1966 में की थी। कंपनी का हेडक्वाटर पुणे में स्थित है। सीरम खसरा, पोलियो और फ्लू समेत कई तरह के टीकों का सालाना 1.5 बिलियन से ज्यादा का खुराक प्रोड्यूस करता है। सीरम के सीईओ और उनके बेटे अदार पूनावाला के नेतृत्व में कंपनी ने कोविड-19 टीके बनाने के लिए एक नई फैक्ट्री बनाने के लिए 800 मिलियन डॉलर का निवेश किया था। महामारी के द्वारा इनके द्वारा बनाई गई वैक्सीन कोविशील्ड भारत में सबसे ज्यादा उपयोग किया गया था। इस कंपनी के अलावा, पूनावाला की संपत्ति में फाइनेंस सर्विस फंड पूनावाला फिनकॉर्प में बहुमत हिस्सेदारी के साथ-साथ पुणे में द रिट्ज-कार्लटन होटल में हिस्सेदारी भी शामिल है। फोर्ब्स के मुताबिक, साइरस पूनावाला की नेटवर्थ 20.9 अरब डॉलर है।

# दुर्गा पूजा के अवसर पर कोलकाता में बढ़ती सब्जियों की कीमतों से जूझ रहे लोग



**एजेंसी। कोलकाता**

दुर्गा पूजा के अवसर पर लोग कोलकाता के स्थानीय बाजारों में सब्जियों की बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं। दुर्गा पूजा आयोजकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें अपने पूजा पंडालों के नजदीक सामुदायिक रसोई बनाए रखनी पड़ रही है। रविवार को आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए बनी पश्चिम बंगाल सरकार की टास्क फोर्स के रिकॉर्ड के अनुसार, खुदरा बाजारों में अधिकांश सब्जियों की औसत कीमतें काफी अधिक हैं। बंगाली व्यंजनों में दो लोकप्रिय सब्जियां करेला और परवल 80 रुपये से 100 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच है। यहां तक कि सबसे प्रमुख सब्जी आलू की कीमत भी उपलब्ध किस्म के आधार पर 20 रुपये से 35 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच काफी ऊंची है। भिंडी और लौकी की कीमतें 70 रुपये से 90 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच हैं। टास्क फोर्स के एक सदस्य ने कहा, "औसतन प्रत्येक किस्म की सब्जी की कीमत पिछले सप्ताह की तुलना में कम से कम 10 से 15 रुपये प्रति किलोग्राम अधिक है। केवल टमाटर की कीमत में गिरावट आई है, जो 40 से 50 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच है।

### लोन बांटकर इस कंपनी ने बढ़ा लिया अपना बैंक बैलेंस

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में कई सारी कंपनियां लिस्टेड हैं। वहीं अब कंपनी की ओर से अपने फाइनेंशियल रिजल्ट भी जारी किए जा रहे हैं। मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के लिए कंपनियों की ओर से अपने नतीजे जारी किए जा रहे हैं। इनमें अब एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स ने भी अपने परिणाम जारी कर दिए हैं और कंपनी ने शानदार मुनाफा भी दर्ज किया है। कंपनी को करीब 600 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में रिकॉर्ड खुदरा कर्ज आवंटन के दम पर नेट प्रॉफिट 46 फीसदी वृद्धि के साथ 595 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी ने कहा कि सितंबर तिमाही में इसका खुदरा कर्ज वितरण 32 प्रतिशत वृद्धि के साथ 13,499 करोड़ रुपये रहा, जो उसका एक तिमाही में अब सर्वाधिक खुदरा कर्ज वितरण है।

# पीएनबी घोटाले से भी बड़े 16,000 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी ने उड़ाए होश




**एजेंसी। मुंबई**

एक डिजिटल भुगतान कंपनी ने रोजाना किए जाने वाले लाखों लोगों में से एक लेनदेन पर नजर डाली, तो पता लगा कि यह 16,180 करोड़ रुपये से ज्यादा के धोखाधड़ी वाला लेनदेन है। यह जनवरी 2018 के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले से भी बड़ा था, जिसमें शीर्ष हीरा व्यापारी शामिल थे। इस मामले ने ठाणे पुलिस को चक्कर में डाल दिया। इस बड़े घोटाले का आधिकारिक तौर पर खुलासा 9 अक्टूबर को ठाणे के श्रीनगर पुलिस स्टेशन द्वारा किया गया, जिसने सेफएक्सपे टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, ठाणे द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद एफआईआर दर्ज की। पुलिस जांचकर्ताओं ने कहा कि सेफएक्सपे के पेआउट प्लेटफॉर्म को कथित तौर पर कुछ अज्ञात संस्थाओं द्वारा हैक कर लिया गया था, और बाद की जांच से पता चला कि कम से कम 16,180 करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई है, जिसमें से कुछ पैसे विदेश भेजे गए हैं। ठाणे स्थित सेफएक्सपे के संस्थापक-सीईओ रवि गुप्ता ने कहा कि यह घोटाला अप्रैल के आसपास सामने आया जब दिल्ली, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के चार व्यापारियों ने बैंक शेष और सिस्टम शेष के बीच संदिग्ध विसंगतियों की सूचना दी। सेफएक्सपे की वित्तीय संचालन टीमों द्वारा सावधानीपूर्वक आंतरिक जांच में पाया गया कि इन चारों में से एक व्यापारी के लॉगिन से छेड़छाड़ की गई है और आगे यह पाया गया कि संदिग्ध लेनदेन उनका नहीं था। सेफएक्सपे, जिसके बारे में कहा जाता है कि वह हर दिन 100,000 से अधिक लेनदेन संभालता है, ने तुरंत लाभार्थियों और संबंधित बैंकों को मामले की सूचना दी, साथ ही तथाकथित 'गोल्डन पीरियड' में पैसों के अवैध हस्तांतरण को रोकने की प्रक्रिया शुरू की। गुप्ता ने कहा, इस साइबर अपराध के चलते 25 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और खुलासे से हैरान सेफएक्सपे ने तुरंत 20 अप्रैल को ठाणे पुलिस साइबर अपराध जांच सेल और राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

## विदेश

# सुरक्षा परिषद में अमेरिका के अकेले पड़ने का फायदा उठाना चाहता है रूस




**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**

कठोर चेहरे वाली अमेरिकी स्थायी प्रतिनिधि लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने अपने चश्मे से झांकते हुए, इजरायल पर हमास के हमले की निंदा करने वाले लगभग सर्वसम्मति वाले प्रस्ताव पर वीटो करने के लिए अपना दाहिना हाथ उठाया, साथ ही युद्ध विराम का आह्वान भी किया, जबकि उसके करीबी सहयोगी ब्रिटेन की दूत बारबरा वुडवर्ड ने नीचे देखा और अपनी मेज पर कागजात का अध्ययन किया। बुधवार को सुरक्षा परिषद की इस झांकी ने संयुक्त राष्ट्र में बदलते मूड को दर्शाया, जहां रूस बचाव की मुद्रा में था और एक ठोस पश्चिमी गठबंधन यूक्रेन पर एक साथ खड़ा था। ब्रिटेन प्रस्ताव से अनुपस्थित रहा, जबकि फ्रांस ने इसके पक्ष में मतदान किया। इसके बाद, यह मुद्दा इजराइल के जवाबी हमलों में घायल या मारे गए लोगों की ज्वलंत तस्वीरों के साथ महासभा में जाएगा, इनमें बच्चे भी शामिल हैं। गाजा में 3,500 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबरों के बीच भावनाओं को भड़काना जारी रहेगा। काउंसिल में वोटिंग के दिन, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन संकटग्रस्त राष्ट्र के लिए समर्थन दिखाने के लिए इजराइल में थे, लेकिन जॉर्डन, मिस्र और फिलिस्तीन के नेताओं ने उन्हें झिड़क दिया और पहले से तय शिखर सम्मेलन को रद्द कर दिया। वह संघर्ष की आग को बुझाने की उम्मीद कर रहे हैं। न्यूयॉर्क में अप्रभावी सुरक्षा परिषद से एक बदलाव दिखाते हुए, लेकिन संयुक्त राष्ट्र की भागीदारी के साथ, जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और बहरीन के साथ-साथ विशेष रूप से दक्षिण अफ्रीका सहित आठ राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने की उम्मीद थी।

# कमला शिरीन लखधीर बनी इंडोनेशिया में अमेरिकी राजदूत



**एजेंसी। वाशिंगटन**

भारतीय मूल की विदेश विभाग की पूर्व अधिकारी कमला शिरीन लखधीर को राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इंडोनेशिया में अमेरिकी राजदूत के रूप में काम करने के लिए चुना है। लखधीर ने लगभग 30 वर्षों तक विदेश विभाग में सेवा की है, हाल ही में एक कार्यकारी सचिव के रूप में कार्य किया। 2017 से 2021 तक मलेशिया में अमेरिकी राजदूत के रूप में सेवा देने से पहले, उन्होंने राजनीतिक मामलों के अवर सचिव के कार्यकारी सहायक के रूप में कार्य किया, और 2009 से 2011 तक उत्तरी आयरलैंड में अमेरिकी महावाणिज्यदूत के रूप में कार्य किया। 1991 में विदेश सेवा में शामिल होने वाले, लखधीर ने पहली बार सऊदी अरब में अमेरिकी दूतावास में सेवा की और समुद्री दक्षिण पूर्व एशियाई मामलों के कार्यालय के निदेशक थे, इसमें इंडोनेशिया के साथ अमेरिकी संबंधों की जिम्मेदारी भी शामिल है। अपने करियर की शुरूआत में, वह पूर्वी एशियाई और प्रशांत मामलों के ब्यूरो में ताइवान समन्वय स्टाफ की उप समन्वयक थीं। उनके अन्य विदेशी कार्य चीन, इंडोनेशिया और सऊदी अरब में थे। भारतीय पिता और अमेरिकी मां के घर जन्मे लखधीर ने हार्वर्ड कॉलेज से बीए और नेशनल वॉर कॉलेज से एमएस की डिग्री हासिल की।

### इजराइल ने गाजा पर जमीनी हमलों की तैयारी तेज की

**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा है कि उसने गाजा पट्टी में जमीनी हमले की तैयारी जारी रखी है। उसकी योजना युद्ध के विस्तार की है जिसके लिए मंजूरी मिल चुकी है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, आईडीएफ ने कहा है कि सेना स्वीकृत ऑपरेशनल योजनाओं के अनुरूप प्रशिक्षण ले रही है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ ने बड़े जमीनी हमले से पहले गाजा सीमा पर हजारों सैनिकों की तैनाती है। अधिकारियों ने कहा है कि यह हमला जल्द ही शुरू होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि गाजा पट्टी में इजरायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से युद्ध में कम से कम 4,385 लोग मारे गए है, जिनमें 1,756 बच्चे भी शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि अन्य 13,561 लोग घायल हुए हैं। हालांकि इन आंकड़ों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं की जा सकी है। इनमें सीमा के दोनों तरफ मरने वाले सैनिक और आम नागरिक दोनों शामिल हैं।

## इजरायली खुफिया एजेंसी शिन बेट जल्द ही नई इकाई 'नीली' का करेगी गठन

# हमास पर आक्रमण करने में मुख्य भूमिका निभायेगी



**एजेंसी। तेल अवीव**

इजरायली खुफिया एजेंसी शिन बेट जल्द ही एक नई इकाई 'नीली' का गठन करेगी, जो 7 अक्टूबर को इजरायली नागरिकों के नरसंहार की योजना बनाने, उसमें भाग लेने और उसे अंजाम देने वाले सभी का पता लगाने और उसकी तलाश करने के लिए होगी। शिन बेट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को ये जानकारी दी। हेब्रू में 'नीली' का अनुवाद 'द इटरनिटी ऑफ इजराइल विल नॉट लाई' है। नीली इकाई का गठन विशेष रूप से नुखबा बल के सदस्यों को लक्षित करने के लिए किया गया है, जो हमास की सैन्य शाखा की एक कमांडो इकाई है। इसी विंग ने इजराइल में घुसपैठ की थी और इजराइली नागरिकों की हत्याओं को अंजाम दिया था। इजरायली खुफिया विभाग ने सामूहिक हत्याओं में शामिल हमास के प्रमुख तत्वों को खत्म करना शुरू कर दिया है। इजराइल में घुसपैठ कर सबसे ज्यादा हत्याएं करने वाले नुखबा फोर्स के कमांडो ऑफिसर अली क्वाधी की हत्या कर दी गई है। बिलाल अली केदरा, जिन्होंने निरिम में ऑपरेशन की कमान संभाली थी, को भी खत्म कर दिया गयाहै। इजरायली सरकार के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि नीली के सदस्य अन्य कमांड इकाइयों से अलग काम करेंगे और इजरायल के दुश्मनों को बेअसर करेंगे।

### दमिश्क और अलेप्पो हवाई अड्डों पर इजरायल ने किए हवाई हमले

**दमिश्क।** सीरियाई राज्य समाचार एजेंसी ने रविवार तड़के दमिश्क और अलेप्पो दोनों हवाई अड्डों पर हवाई हमले की सूचना दी। अलेप्पो एजेंसी ने कहा, "आज सुबह लगभग 5:25 बजे, इजरायली दुश्मन ने लताकिया के पश्चिम और कब्जे वाले सीरियाई गोलान की दिशा से दमिश्क के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों को निशाना बनाते हुए मिसाइलों के विस्फोट के साथ हवाई आक्रमण किया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एजेंसी ने कहा कि दमिश्क हवाई अड्डे पर एक कर्मचारी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इसमें कहा गया है कि दोनों हवाई अड्डों पर रनवे के क्षतिग्रस्त होने से वे सेवा से बाहर हो गए हैं और हवाई यातायात को लताकिया शहर की ओर मोड़ दिया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल के रक्षा मंत्रालय और इजरायल रक्षा बलों ने रविवार को लेबनान की सीमा के करीब उत्तरी क्षेत्रों में समुदायों के लिए राज्य-वित्त पोषित निकासी योजना के विस्तार की घोषणा की। यह 14 अतिरिक्त समुदायों पर लागू होता है: स्निर, डैन, बीट हिलेल, शीयर यशुव, हागोश्रीम, इवन मेनाकेम, सासा, तज़िवोन और रामोट नेफ्ताली।

### पाकिस्तान ने संदिग्ध लेनदेन के मामले में जनरल बाजवा के रिश्तेदार को तलब किया

**लाहौर।** संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग सर्कल (एएमएलसी) ने संदिग्ध लेनदेन की जांच के सिलसिले में पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा के करीबी रिश्तेदार मुहम्मद साबिर हमीद को तलब किया है। इन्हें मिट्ठू के नाम से जाना जाता है। पत्र में उद्धृत किया गया है कि समन घोषित व्यावसायिक प्रोफाइल के विपरीत उनके खातों में उच्च मात्रा में संदिग्ध लेनदेन के आरोप पर एजेंसी में चल रही आपराधिक जांच के अनुसार था। पत्र के अनुसार, मिट्ठू ने 19 बैंक खाते (14 स्थानीय और 5 विदेशी) बनाए रखे, जिनका कुल क्रेडिट टर्नओवर 5.34 अरब रुपये था। उन्हें सभी प्रासंगिक दस्तावेजों और 2016 से 2023 की अवधि के लिए व्यक्तिगत और व्यावसायिक मूल सीएनआईसी, एफबीआर रिटर्न/घोषणा के साथ एएमएल एफआईए लाहौर के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

# मैंने वफादारी के साथ देश की सेवा की है : नवाज शरीफ



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पीएमएल-एन प्रमुख और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ चार साल के आत्म-निर्वासन के बाद शनिवार को स्वदेश लौटे। उन?होंने कहा कि जब भी उन्हें मौका मिला, उन्होंने निष्ठा के साथ देश की सेवा की। इसके मुद्दों को सुलझाया और कोई भी बलिदान देने से कभी पीछे नहीं हटे। रिपोर्ट ने बताया, अपनी वापसी के कुछ घंटों बाद - 2024 की शुरूआत में होने वाले अगले आम चुनाव से कुछ महीने पहले, लाहौर में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र के साथ उनका रिश्ता वैसा ही है, जब उन्होंने देश छोड़ा था और उन्हें यह देखकर गर्व हुआ था कि लोगों की नजर में उनकी वफादारी साबित हो चुकी है। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान को परमाणु शक्ति बनाने और लोड शेडिंग को ₹खत्म₹ करने को याद किया।क्या आपको लोडशेडिंग के वे 18 घंटे याद हैं? इसे किसने खत्म किया? उन्होंने पूछा, यह देखते हुए कि यह उनके नेतृत्व में था कि बिजली मुद्दा हल हो गया था। इसके बाद उन्होंने 2016 का बिजली बिल दिखाया, क्योंकि रुपये की गिरती कीमत और ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण मौजूदा दरें बढ़ गई हैं। शरीफ ने यह भी सवाल किया कि उनकी सरकारें क्यों गिराई गईं, क्योंकि उन्होंने याद किया कि वह परमाणु परीक्षण के मुद्दे पर तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के सामने खड़े हुए थे। उन्होंने कहा, ₹क्लिंटन ने 1999 में परमाणु परीक्षण न करने के लिए मुझे 5 अरब डॉलर की पेशकश की थी, लेकिन मेरी अंतरात्मा ने मुझे उस बात को स्वीकार करने की इजाजत नहीं दी।

अपने अतीत को बिना पछतावे के स्वीकारें, वर्तमान को आत्मविश्वास के साथ संभालें, और भविष्य का बिना किसी डर के सामना करें ।

– अज्ञात



# राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था

***झारखंड*** में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई हुई है। इसी बाबत मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को यह कहना पड़ा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है, ताकि आम जनता को बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं मिल सके। इसी कड़ी में पिछले दिनों रांची स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट क्षेत्र में अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के लिए रांची नगर निगम और अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई के बीच सब लीज डीड पर हस्ताक्षर किया गया। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुछ नया बदलाव चाहते हैं। यह सबको पता है कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत बेहतर नहीं रही है। ऐसे में वर्ष 2019 में सरकार के गठन के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में लगातार काम हो रहा है। लेकिन धरातल पर परिणाम शून्य आ रहा है। इसी कड़ी में सरकारी अस्पतालों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। जांच और इलाज की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्तियां हो रही है। निजी क्षेत्र के अस्पताल यहां स्थापित हों, इसके लिए भी लगातार प्रयास हो रहे हैं, ताकि लोगों को बेहतर इलाज के लिए राज्य के बाहर और बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री ने अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई प्रबंधन से कहा कि वह इस अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को जल्द से जल्द शुरू करें। ऐसे में और नियुक्तिों की संभावना से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड के साथ यह समझौता विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। ऐसा विश्वास हम सब कर सकते हैं। साथ ही यहां रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। यह सबको पता है कि घाघरा में अपोलो हॉस्पिटल के निर्माण के लिए रांची नगर निगम के द्वारा अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज के साथ बहुत पहले ही करारनामा किया गया था लेकिन उक्त भूमि के विषय पर विवाद के वजह से स्थल परिवर्तन करते हुए स्मार्ट सिटी क्षेत्र में अपोलो अस्पताल के लिए भूमि उपलब्ध करने का निर्णय लिया गया। यहां लगभग 2। 75 एकड़ भूमि पर हॉस्पिटल निर्माण होगा। इसके लिए जमीन का सब लीज फिलहाल 45 वर्षों के लिया किया जा रहा है, जो भविष्य में कार्य की गुणवत्ता को देखते हुए विस्तारित किया जा सकेगा। इससे लाखो लोग लाभान्वित होगें। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। स्मार्ट सिटी परिसर में कई इंस्टीट्यूशंस, स्कूल, कॉलेज, पांच सितारा समेत कई होटल मॉल, ऑफिस तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का निर्माण होना है। साथ ही एक मेडिकल कॉलेज का भी निर्माण निर्धारित है। इसके अलावा यहां लगभग 16 हजार आवासीय इकाई होंगे और अनुमानित है कि लगभग डेढ़ लाख की जनसंख्या इस विकसित क्षेत्र में निवास करेगी, जो इस परियोजना से सीधे रूप से लाभान्वित होगी। ऐसे में जहां एक ओर स्वास्थ्य सेवा में सुधार होगा,वहीं रोजगार की दिशा में सुधार होने की संभावना है। साथ ही गंभीर बीमारी के इलाज के लिए राज्यवासियों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कारण यह देखा गया है कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति कुछ अच्छी नहीं है। ऐसे में यह सराहनीय कदम स्वागत योग्य है।

**वर्ष 2019 में सरकार के गठन के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में लगातार काम हो रहा है। लेकिन धरातल पर परिणाम शून्य आ रहा है। इसी कड़ी में सरकारी अस्पतालों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। जांच और इलाज की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।**

# शौर्य व शक्ति जागरण का पर्व है दशहरा





ललित गर्ग

***हिंदू*** पंचांग के अनुसार हर साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन दशहरा का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व बुराइयों से संघर्ष का प्रतीक पर्व है, यह पर्व देश की सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीयता को नव ऊर्जा देने का भी पर्व है। आज भी अंधेरों से संघर्ष करने के लिये इस प्रेरक एवं प्रेरणादायी पर्व की संस्कृति को जीवंत बनाने की जरूरत है। प्रश्न है कौन इस संस्कृति को सुरक्षा दे? कौन आर्दशों के अभ्युदय की अगवानी करे? कौन जीवन-मूल्यों की प्रतिष्ठापना मे अपना पहला नाम लिखवाये? बहुत कठिन है यह बुराइयों से संघर्ष करने का सफर। बहुत कठिन है तेजस्विता एवं शक्ति जागरण की यह साधना। बहुत जटिल है स्व-अस्तित्व एवं स्व-पहचान को ऊंच शिखर देना। आखिर कैसे संघर्ष करें घर में छिपी बुराइयों से, जब घर आंगण में रावण-ही-रावण पैदा हो रहे हो, चाहे भ्रष्टाचार के रूप में हो, चाहे राजनीतिक अपराधीकरण के रूप में, चाहे साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने वालों के रूप में हो, चाहे राष्ट्र को तोड़ने वाले आतंकवाद के रूप में हो, चाहे शिक्षा, चिकित्सा एवं न्याय को व्यापार बनाने वालों के रूप में। यह उत्सव प्रतिवर्ष मनाते हुए जहां शक्ति की कामना की जाती है, वहीं राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों की ओर ध्यान खींचा जाता है। इससे नई प्रेरणा, नई ताजगी, नई शक्ति एवं नई दिशाएं मिलती है। नवरात्रि के बाद आने वाला दशहरा का पर्व हिन्दुओं का बेहद ही खास पर्व है, यह हर साल दिपावली के पर्व से 20 दिन पहले आता है। दशहरा राक्षसों के राजा रावण पर भगवान श्रीराम की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। लोग दशहरा को दस दिनों तक श्रीराम एवं रावण के बीच हुए युद्ध को नाटक के रूप में जगह-जगह मंचित करते हैं। इस नाटकीय रूप को राम-लीला कहा जाता है। उत्तर भारत में लोग मुखौटे पहनकर और विभिन्न नृत्य रूपों के माध्यम से राम-लीला का आयोजन करते हैं, साथ ही इसका लुत्फ भी उठाते हैं, हिन्दू संस्कृति को संगठित करने का माध्यम बनाते हैं। रामायण के छंदों का पालन करते हुए, वे रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण जैसे तीन बड़े राक्षसों के विशाल आकार के पुतले बनाते हैं। इसके बाद पुतलों को जलाने के लिए उनमे विस्फोटक पदार्थ भरा जाता है और जमकर आतिशबाजी की जाती है। भगवान श्रीराम सच्चाई के प्रतीक है और रावण बुराई की शक्ति का। देवी दुर्गा के पूजा के साथ हिन्दू लोगों के द्वारा यह महान धार्मिक उत्सव और दस्तूर मनाया जाता है। इस पर्व को पूरे देश में मनाने की परंपरा और प्रक्रियां अलग-अलग है। भगवान श्रीराम युद्ध की देवी मां दुर्गा के भक्त थे, उन्होंने युद्ध के दौरान पहले नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा की और दसवें दिन दुष्ट रावण का वध किया। इसके बाद श्रीराम ने भाई लक्ष्मण, भक्त हनुमान, और बंदरों की सेना के साथ एक बड़ा युद्ध लड़कर सीता को छुड़ाया। इसलिए विजयादशमी बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अंधकार पर प्रकाश का एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण दिन है। इस दिन रावण दहन के साथ ही अस्त्र, वाहन पूजन और मां दुर्गा, प्रभु श्रीराम, गणपति देव के पूजन की भी परंपरा है। इसके अलावा विजयदशमी को विजया तिथि कहा गया है। मान्यता है कि यह दिन मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए बेहद शुभ होता है। दशहरे का सांस्कृतिक पहलू भी है। यह देश की सांस्कृतिक एकता और अखण्डता को जोड़ने का पर्व भी है। इस वर्ष का विजयादशमी पर्व इसलिये विशेष है, क्योंकि इस पर्व की सकारात्मक क्रांतिकारी ऊर्जा से न केवल राष्ट्र में सक्रिय नकारात्मक एवं अराष्ट्रीय ताकतों को सख्त संदेश दिया जाना है बल्कि पडौसी पाकिस्तान-चीन आदि देशों की कुचेष्टाओं के लिये ललकारा एवं सावधान भी किया जाना है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष मनाने के बाद राष्ट्र को शताब्दी वर्ष के लिये सशक्त किया जाना है। मूलभूत आस्थाओं एवं राष्ट्रीयता के दृढ़ीकरण के साथ देश में जो नई चेतना आई है, वह एक शक्तिशाली नेतृत्व का जीवंत साक्ष्य है। राष्ट्रीयता, स्व-पहचान, स्वदेशी-भावना, हिन्दू-संस्कृति के ऊर्जा के अक्षय स्त्रोतों की खोज में जो प्रयत्न किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। जन-आकांक्षा के अनुरूप राष्ट्र को जिस युगीन परिवेश में प्रस्तुति दी जा रही है, वह असाधारण है। दशहरा शक्ति की साधना, कर्म, नवसृजन एवं पूजा का भी पर्व है। पिछले आठ दशकों में लगातार हिन्दू-संस्कृति को कमजोर करने की राजनीतिक चालें होती रही है। दरअसल हिन्दू धर्म नहीं, विचार है, संस्कृति है। हिन्दू राष्ट्र होने का अर्थ धर्म से न होकर हिन्दू संस्कृति के सर्वग्राही भाव से है। हिन्दू संस्कृति उदारता का अन्तर्निहित शंखनाद है क्योंकि पूरे विश्व में यह अकेली संस्कृति है जो बहुविचारवाद यानी सभी धर्म, विचार एवं संस्कृतियों को स्वयं में समेटे हैं। चार्वाक जैसे भौतिकवादी विचारक को भी इस देश ने ऋषि की उपाधि दी गई जिसने कहा था कि 'ऋणं कृत्व घृतं पीवेत' अर्थात जो भी है वह आज है, कल किसने देखा है इसलिए आज को भरपूर ढंग से जीना चाहिए और कर्जा लेकर भी अगर यह करना पड़े तो करना चाहिए। इसके साथ ही हमारे ऋषियों ने हमें यह उपदेश भी दिया कि 'सत्यं बूर्यात न बूर्यात सत्यं अप्रियं' अर्थात सच बोलो मगर कड़वा सच मत बोलो। हिन्दू संस्कृति की यही महानता और विशेषता रही है कि प्रिय सत्य की वकालत तो करती है मगर इसके कटु होने पर निषेध करने को भी कहती है। यह हिन्दू संस्कृति अहिंसा की संस्कृति है पर जरूरत पड़ने पर शस्त्र उठाकर स्व-रक्षा की बात भी कहती है। हिन्दू शब्द से ही स्वराष्ट्र का बोध होता है जो कि हिन्दू संस्कृति के वृहद स्वरूप का ही सौपान है। इसी विचारधारा को बल देने का सशक्त माध्यम है विजयादशमी पर्व। इस पर्व के माध्यम से सभी का स्वर एवं उद्देश्य यही होता है कि बुराई का नाश किया जाये और अच्छाई को प्रोत्साहन दिया जाये। नवरात्रि के बाद दशहरा का अंतिम यानी दसवां दिन है- विजयदशमी, जिसका मतलब है कि आपने तमस, रजस या सत्व तीनों ही गुणों को जीत लिया है, उन पर विजय पा ली है।

**नवरात्रि के बाद आने वाला दशहरा का पर्व हिन्दुओं का बेहद ही खास पर्व है, यह हर साल दिपावली के पर्व से 20 दिन पहले आता है। दशहरा राक्षसों के राजा रावण पर भगवान श्रीराम की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें दुर्गा माता के नव रुपों की कहानी*

**चतुर्थ दुर्गा कूष्मांडा**

**दुर्गा कूष्मांडा :** देवी दुर्गा के 9 रूपों में से यह चौथा रूप है। 'कू' का अर्थ है छोटा, 'उष्म' का अर्थ है ऊर्जा और 'अंडा' ब्रह्मांडीय गोला का प्रतीक है। हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार जब ब्रह्मांड में अंधकार छा गया था तब इन देवी ने अपनी मंद मुस्कान से पूरे संसार में उजाला कर ब्रम्हांड का निर्माण किया और तभी से इन्हें कूष्मांडा कहा गया। ऐसा माना जाता है कि इन देवी का निवास सूर्यलोक में हैं क्योंकि उस लोक में निवास करने की क्षमता केवल इन्हीं के पास है। मां कुष्मांडा के 8 भुजायें हैं जिनमें से 7 भुजाओं में वे कमंडल, धनुष, बाण, कमल का फूल, अमृत कलश, चक्र और गदा धारण करती हैं और आठवें हस्त में सर्व सिद्धि और सर्व निधि प्रदान करने वाली जपमाला सुशोभित है। नवरात्रि के चौथे दिन देवी कूष्मांडा को मालपुए का भोग लगाकर आप उनकी कृपा प्राप्त कर सकती हैं। माता का यह रूप बौद्धिक विकास के लिए लाभदायक है। इनकी पूजा का मंत्र है 'या देवी सर्वभूतेषु तुष्टि रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।'

**पंचम दुर्गा मां स्कंदमाता**

**मां स्कंदमाता :** नवरात्रि के पांचवे दिन देवी स्कंदमाता का पूजन किया जाता है। ब्रह्मांड में व्याप्त शिव तत्व का मिलन जब देवी शक्ति के साथ होता है तो स्कंद का जन्म होता है। इनकी माता होने के कारण ही इन्हें स्कंदमाता कहकर पुकारा जाता है। माता का वर्ण पूर्णतः श्वेत है और यह इनका रूप चतुर्भुज है। ऊपर वाली दाहिनी भुजा में यह षडानन बालरूप स्कंद को पकड़े रहती हैं और ऊपर वाली बाईं भुजा से आशीर्वाद देती हैं। नीचे वाली दोनों भुजाओं में माता ने कमल पुष्प धारण किया हुआ है।

(क्रमशः)

# कन्या पूजन नहीं बेटियों के प्रति दृष्टिकोण बदलने की जरुरत

***नवरात्रि*** का पर्व नारी के सम्मान का प्रतीक है। नौ दिनों तक नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना होती है। कहते हैं कि जिस घर में माता की पूजा होता है, वह सुख-समृद्धि बनी रहती है। देवी पूजा महज माता की प्रतिमा की पूजा मात्र नहीं है, बल्कि यह पर्व मां, बहन, बेटी और समाज की हर नारी के सम्मान का पर्व है। ऐसे में सिर्फ कन्या पूजन ही नहीं, महिलाओं का भी सम्मान करें। अगर आप देवी पूजा करते हैं तो महज नवरात्रि के मौके पर नहीं बल्कि महिलाओं के प्रति आदर सदैव बनाये रखें। इन नवरात्रि देवी के सामने महिला सम्मान का संकल्प लें और अपने आचरण में कुछ बदलाव लायें, ताकि मां, बेटी और समाज की हर नारी सुरक्षित व सम्मानित महसूस कर सके। आज जब सभी देशवासी भारत की संस्कृति का गौरवमय त्यौहार कन्या पूजन करने की तैयारी में हैं तो उनसे यह निवेदन और प्रश्न भी है कि आखिर जहां कन्या की सम्मानजनक स्थिति बने रहे, ऐसा समाज बनाने के लिए क्यों कुछ नहीं करते? नवरात्रि एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'नौ रातें'। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों - महालक्ष्मी, महासरस्वती या सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। भारतीय नारीवादियों और आधुनिक भारतीय महिलाओं ने इस परित्यक्त देवी प्रतीकवाद पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है क्योंकि इसे पितृसत्तात्मक उत्पीड़न के एक सक्रिय उपकरण के रूप में भी इस्तेमाल किया गया है। कई पश्चिमी नारीवादी और विश्व स्तर पर बहुत सारी महिलाएं हिंदू देवी-देवताओं को प्रेरणादायक और आंतरिक शक्ति प्रदान करने वाली मानती हैं। नवरात्रों में भारत में कन्याओं को देवी तुल्य मानकर पूजा जाता है। पर कुछ लोग नवरात्रि के बाद यह सब भूल जाते हैं। कई जगह कन्याओं का शोषण होता है और उनका अपमान किया जाता है। नवरात्रि के आठवें और/ या नौवें दिन जिन छोटी-छोटी पूर्व-यौवन लड़कियों की पूजा की जाती है, उनके साथ अक्सर दुर्व्यवहार और भेदभाव किया जाता है। ऐसे कई देवी मंदिर हैं जहां रजस्वला महिलाओं या कथित निचली जाति की महिलाओं को प्रवेश करने की भी मनाही है, देवी के बहुत सारे पूजा स्थल हैं जहां केवल पुरुषों को आंतरिक गर्भगृह में जाने की अनुमति है और महिलाओं को नहीं। नवरात्रि के आठवें और/या नौवें दिन कंजक या कन्या के रूप में पूजी जाने वाली छोटी पूर्व-यौवन लड़कियों को अक्सर बाकी दिनों के लिए लड़कियों के रूप में जन्म लेने के लिए गाली दी जाती है, उनके साथ भेदभाव किया जाता है और उन्हें 'अपवित्र' माना जाता है। मासिक धर्म शुरू होने के बाद उनकी पूजा की जानी चाहिए। आज भी भारत में बहुत सारे गांवों में कन्या के जन्म पर दुःख मनाया जाता है। कन्याओं और महिलाओं के प्रति हमें अपनी सोच बदलनी पड़ेगी। देवी तुल्य कन्याओं का सम्मान करें। शास्त्रों में भी लिखा है कि जिस घर में स्त्रियों का सम्मान किया जाता है वहां भगवान खुद वास करते हैं। बदलते दौर में देवी की समकालीन समझ की आवश्यकता है, यह देवी की अवधारणा में विविधता लाने का समय है। कुछ साल पहले, टैप रूट इंडिया ने एक अभियान विकसित किया जिसमें तीन मुख्य हिंदू देवियों - दुर्गा, सरस्वती, और लक्ष्मी की छवियों को प्रस्तुत किया गया था, लेकिन उनके चेहरे पर चोट और चोट के निशान थे जो महिलाओं के खिलाफ हिंसा का संकेत देते थे। अब समय आ गया है, हो सकता है कि देवी से संबंधित इन सभी प्रतीकों को वर्तमान वातावरण के अनुरूप फिर से कल्पना करने की आवश्यकता हो और छाती ठोकने वाली 'जय माता दी, माता की जय' की देवी पूजा को यदि प्रतिस्थापित नहीं किया जाता है तो इसका लड़कियों और महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और अधिक सम्मान करने की आवश्यकता है। आज जब सभी देशवासी भारत की संस्कृति का गौरवमय त्यौहार कन्या पूजन करने की तैयारी में हैं तो उनसे यह निवेदन और प्रश्न भी है कि आखिर जहां कन्या की सम्मानजनक स्थिति बने रहे, ऐसा समाज बनाने के लिए क्यों कुछ नहीं करते? केवल पुलिस के डंडों से नैतिकता नहीं संवरती, उसके लिए नैतिक प्रयास भी करने होंगे।

■ प्रियंका सौरभ

**देवी पूजा महज माता की प्रतिमा की पूजा मात्र नहीं है, बल्कि यह पर्व मां, बहन, बेटी और समाज की हर नारी के सम्मान का पर्व है। ऐसे में सिर्फ कन्या पूजन ही नहीं, महिलाओं का भी सम्मान करें।**

**कन्या पूजन**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# देश भर में बढ़ता जीएसटी टैक्स चोरी का दौर



किशन भावनानी

***वैश्विक*** स्तरपर विकसित देशों सहित अनेक देशों में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का सिस्टम लागू है। भारत में भी लंबी अवधि के कई वर्षों की जद्दोजहद के बाद संसद का विशेष सत्र बुलाकर वर्ष 2017 में देर रात्रि जीएसटी विधायक को कानूनी रूप दिया गया था, जो कानून बनकर लागू हुआ था, उसमें जीएसटी काउंसिल का प्रयोजन भी किया गया था जिसकी अध्यक्ष केंद्रीय वित्तमंत्री और अन्यसदस्यों में सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के वित्तमंत्री अधिकृत अधिकारी सहित अनेक विशेषज्ञ लोग इसके मेंबर होंगे, जिनकी सभा लेकर समय व परिस्थितियों के अनुसार धाराओं को चेंज कर उसमें संशोधन किया जा सकता है जीएसटी दर को भी चेंज किया जा सकता है। अब तक शनिवार दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को जीएसटी काउंसिल की 52वीं बैठक को हमने देखे हैं। परंतु यह सर्वविदित है कि भारतीय बौद्धिक क्षमता इनकी सुदृढ़ है कि, किसी भी कानून का तोड़ निकाल ही लेते हैं, फिर सरकार उस कानून के लीकेजेस को देखते हुए संशोधन करती है। लेकिन अभी 2 दिन पहले जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशक ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के सितंबर 2023 तक के आंकड़े जारी कर कहा कि अब तक 1.36 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी का पता लगाया गया है तथा इतने बड़े फ्रॉड को रेखांकित किया गया है, जिसे पकड़ने मॉडरेट एनालिटिक टूल्स का प्रयोग किया गया जिसे यह सुलझाना और टैक्स चोरों कोगिरफ्तार करने में सहायक साबित हुआ है। मेरा मानना है किजीएसटी की मामूली चोरी को छोड़ दें तो 1.36 लाख करोड रुपए की इतनीं बड़ी जीएसटी चोरी बिना ऊपर के आशीर्वाद से और मिलीभगत से नहीं की जा सकती, जिसमें अकाउंटेंट से लेकर भिन्न लेवल के टैक्स विशेषज्ञों के शामिल होने से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि बिना उनके मिलीभगत से इतनी बड़ी चोरी संभव नहीं है या फिर हम कर सकते हैं कि संबंधित अधिकारियों को इस चोरी के गलियारे का पता लगाने की बौद्धिक क्षमता नहीं है तो उसे वॉलंटरी रिटायरमेंट देने पर विचार करने की जरूरत है, क्योंकि चोरी को सख्ती के बल पर रोका जा सकता है जो राष्ट्र के विकास में जरूरी है। चूंकि वित्त मंत्रालय ने 1.36 लाख करोड़ कि जीएसटी, मात्र चालू वित्त वर्ष में बताई गई है तो इसके पीछे अभी शायद कहीं गुना होगी जो पकड़ में नहीं आ रही होगी या फिर मिली भगत वाला बैंड बाजा भी हो सकता है, क्योंकि सुर ताल से ही संगीत की सफलता होती है, यह अधिकारियों और करचोरों के बीच होता है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से, इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेजीएसटी चोरी अक्सर परिचित भोले भाले व्यक्तियों को नौकरी कमीशन बैंक ऋण का प्रलोभन देखकर वाईसी दस्तावेज से फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट से करना आम बात है। साथियों बात अगर हम वित्त मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी से जीएसटी चोरी संबंधी डाटा की करें तो, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के आसूचना अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष में अब तक 1.36 लाख करोड़ रुपये की कर चोरी का पता लगाया है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कर चोरी से निपटने के लिए जीएसटी आसूचना महानिदेशालय देश भर में अपने खुफिया नेटवर्क का उपयोग करने के अलावा डेटाविश्लेषण के लिए उन्नत उपकरणों के माध्यम से विशेष रूप से कर चोरी के नये तरीकों की खुफिया जानकारी पता करता है। जीएसटी अधिकारियों ने वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की कर चोरी का पता लगाया था। चालू वित्त वर्ष के छह महीनों के अंदर ही कर चोरी ने पिछले समूचे वित्त वर्ष का आंकड़ा पार कर लिया है।

**भारत में भी लंबी अवधि के कई वर्षों की जद्दोजहद के बाद संसद का विशेष सत्र बुलाकर वर्ष 2017 में देर रात्रि जीएसटी विधायक को कानूनी रूप दिया गया था, जो कानून बनकर लागू हुआ था।**

**जीएसटी**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# गलत तरीके से कम करेंगे वजन तो होंगे ये नुकसान

अगर गलत तरीके से वेट लॉस किया जाता है तो इसका असर स्किन और बालों पर भी देखने को मिलता है। हो सकता है कि इसके कारण आपके बाल बहुत तेजी से झड़ने लगे या फिर आपको स्कैल्प पर पैच दिखाई दे। वजन कम करना एक टाइम टेकिंग प्रोसेस है। लेकिन आज के समय में किसी भी व्यक्ति के पास पेशेंस नहीं है और इसलिए वे जल्द से जल्द अपना वजन कम करना चाहते हैं। अमूमन लोग एक महीने में पांच-दस किलो या उससे भी ज्यादा वजन कम करने की जुगत में रहते हैं और इसके लिए कोई भी तरीका अपनाने को तैयार हो जाते हैं। गोलियों से लेकर पाउडर और क्रैश डाइटिंग आदि से शायद आपका वजन तेजी से कम हो जाए, लेकिन इसे सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। अमूमन हम हेल्दी लाइफ जीने के लिए वजन कम करना चाहते हैं, लेकिन अगर तरीका गलत हो तो इससे रिवर्स इफेक्ट हो सकते हैं।

**हरदम थकान रहना :** जब आप तेजी से वजन कम करना चाहते हैं और इसके लिए क्रैश डाइटिंग करते हैं तो इससे आपके शरीर को वह पोषण नहीं मिल पाता है। जिसके कारण आपको हमेशा ही




थकान या सुस्ती महसूस होती है। यहां तक कि इसके कारण आपके लिए अपने डेली रूटीन को फॉलो करना भी काफी मुश्किल हो जाता है।

**ईटिंग डिसऑर्डर होना :** जब हम कम समय में अच्छा वेट लॉस चाहते हैं तो ऐसे में हम गलत ईटिंग प्रैक्टिस करना शुरू कर देते हैं। लेकिन कुछ समय के बाद यह हमारी आदत में शुमार हो जाता है। यह देखा जाता है कि ऐसे लोग दोबारा वजन बढ़ने को लेकर काफी कॉन्शियस हो जाते हैं और इसलिए उन्हें कई तरह के ईटिंग डिसऑर्डर जैसे एनोरेक्सिया नर्वोसा या बुलिमिया आदि की समस्या का सामना करना पड़ता है।

**बहुत अधिक बाल झड़ना :** अगर गलत तरीके से वेट लॉस किया जाता है तो इसका असर स्किन और बालों पर भी देखने को मिलता है। हो सकता है कि इसके कारण आपके बाल बहुत तेजी से झड़ने लगे या फिर आपको स्कैल्प पर पैच दिखाई दे। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि क्रैश डाइट में प्रोटीन, विटामिन, आयरन और जिंक जैसे पोषक तत्वों की कमी होती है, जो बालों के विकास के लिए आवश्यक हैं। ऐसे में बालों के रोम कमजोर हो जाएंगे और बाल झड़ने लगेंगे।

**पहले से भी ज्यादा वजन बढ़ जाना :** गलत तरीके से वजन कम करने का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि इससे आपका वजन पहले से भी अधिक तेजी से बढ़ने लगता है। दरअसल, क्रैश डाइट या फिर फैट बर्निंग पिल्स केवल कुछ वक्त के लिए ही काम करती हैं और फिर जब आप उन गोलियों को बंद कर देती हैं तो इससे वजन डबल स्पीड से बढ़ने लगता है।

❖ मिताली जैन

## काव्य कोना

### सभ्यता और संस्कृति

रोज ही पुकारते हैं
गली-गली, नुक्कड़-नुक्कड़
बतलाते हैं रोज-रोज
स्थावर-अचल है
सभ्यता और संस्कृति।

भाषण में ओज है
दुहाई में जोर है
अथक है हरदम
लेते हैं नाम जो
संस्कृति हमारी अवार्चीन
कहीं लोथल-कहीं कालीबंगा।

चिन्ह भी दिखलाते
अतीत का स्मरण करवाते
खुजराहों के मंदिर से
पुरी और कोणार्क तक
शीलता के नाम पे
नालंदा, विक्रमशिला, मार्तण्ड मंदिर
के उजड़ने की पीड़ा को भुलाते
समय की चाल को मंद बनाते
स्वयं ही भुलाते।

समावेश समागम
मूल में उत्क्रांति
सभ्यता और संस्कृति के
ज्ञान का भंडार चलायमान है
कैसे हो स्थावर-अचल
नवीनता- नये जोश को समाविष्ट करते
आगे ही आगे बढ़ते
विकास का नाम है
सभ्यता और संस्कृति।

❖ नाग मणि

# नाखून व मसूड़े भी बताते हैं आपकी सेहत का राज

आमतौर पर हेल्दी नाखून गुलाबी दिखते हैं और टिप्स के पास कर्व होता है। लेकिन जब नाखूनों का रंग, टेक्सचर या शेप में बदलाव होने लगता है। तो यह आपके शरीर में न्यूट्रिशन की कमी बताता है। इसी तरह हमारे मसूड़ों का स्वस्थ होना जरूरी होता है। आमतौर पर हेल्दी नाखून गुलाबी दिखते हैं और टिप्स के पास कर्व होता है। लेकिन जब नाखूनों का रंग, टेक्सचर या शेप में बदलाव होने लगता है। तो यह आपके शरीर में न्यूट्रिशन की कमी बताता है। इन्फेक्शन और स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ अन्य समस्याओं के शुरू होने पर नाखूनों पर भी असर पड़ता है। क्योंकि सही डाइट और विटामिन्स ना लेने पर भी नाखून सूखने और टूटने लगते हैं। नाखूनों की सेहत पर उम्र, मौसम, प्रेग्नेंसी, हाथ और पैरों की केयर भी असर डालती है। जैसे नाखूनों की सेहत से आपकी सेहत का पता चलता है, वैसे ही हमारे मसूड़ों का स्वस्थ होना जरूरी होता है। हांलाकि मसूड़ों के बारे में चर्चा कम की जाती है। यही कारण है कि बहुत कम लोगों को हेल्दी गम्स के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मसूड़ों और नाखूनों का रंग हमारी सेहत के बारे में क्या कहता है। आप इनको पहचानकर पता लगा सकते हैं आप कितने स्वस्थ हैं।



### विटामिन की कमी का संकेत होना

अगर आपके नाखूनों का शेप अजीब है और हर नाखून एक-दूसरे से अलग दिख रहा है। नाखूनों को कर्विंग अपोजिट डायरेक्शन में है। तो आपके शरीर में क्रॉनिक आयरन की कमी हो सकती है। वहीं नाखून टिप्स के पास से मुड़ा है तो आपको सांस से जुड़ी या फिर दिल से जुड़ी कोई बीमारी हो सकती है। वहीं नाखून जड़ से ऊपर उठे हुए हैं और शेप नॉर्मल से अलग दिख रहा है, तो यह सांस की बीमारी का भी संकेत होता है।

### बार-बार टूर रहे नाखून

अगर आपके नाखून बार-बार टूट जाते हैं, तो आपको ओमेगा-3 फैटी एसिड्स से भरपूर फूड्स जैसे बादाम, नट्स, सूरजमुखी के बीज, अलसी के बीच और अखरोट आदि का सेवन करना चाहिए। इससे आपके शरीर का मॉइश्चर लेवस सही रहेगा।

### अगर पीले दिखे नाखून

अगर आपके नाखूनों का रंग धीरे-धीरे पीला पड़ रहा है, तो यह शरीर में होने वाली कई समस्याओं की ओर संकेत हो सकता है। इस तरह के नाखून होने पर आपको सांस की समस्या, डायबिटीज और लिवर प्रॉब्लम की समस्या हो सकती है। इसके अलावा अगर नाखूनों में पीले स्पॉट्स पड़ रहे हैं, तो यह सोराइसिस या फंगस का संकेत भी हो सकता है।

### लाल गम्स

आमतौर पर लाल मसूड़े सूजे हुए दिखाई देते हैं और काफी संवेदनशील होते हैं। जब मसूड़े लाल हो जाते हैं, तो ब्रश या फ्लॉसिंग करने पर उनसे खून आने लगता है। बता दें कि यह रियोडोंटल बीमारी का एक अचूक लक्षण है। इस संक्रमण के होने से मसूड़ों में सूजन आ जाती है। वहीं अगर इस समस्या का समय से इलाज नहीं किया जाए तो यह पीरियडोंटाइटिस में विकसित हो सकता है।

### डार्क मसूड़े

अगर आपके मसूड़ों का रंग हल्का या गहरा भूरा होता है, तो इसके दो कारण हो सकते हैं। पहला हो सकता है कि आप धूप में ज्यादा रहते हैं। इसलिए शरीर के बाकी हिस्सों की तरह ही मसूड़ों को भी डार्क कर देता है। वहीं दूसरा कारण है कि तंबाकू में मौजूद निकोटीन से भी मसूड़ों का रंग खराब हो जाता है। इसे 'स्मोकर्स मेलानोसिस' के नाम से जाना जाता है। ऐसी समस्या अधिकतर उन लोगों में पाई जाती है, जिनको तंबाकू या धूम्रपान करने की आदत होती है।

### सफेद या पीले मसूड़े

अगर आपके मसूड़ों में पीलापन है, तो समझ जाना चाहिए कि इनमें सूजन की शुरूआत होने लगी और उनमें प्लाक बनना शुरू हो गया। मसूड़ों के सफेद या पीले होने का अन्य कारण यह भी हो सकता है आपके शरीर में आयरन की कमी हो रही है। सफेद धब्बेदार मसूड़े मुंह के घावों या नासूर घावों की वजह से हो सकते हैं। इसलिए मसूड़ों का सामान्य रंग नजर नहीं आने पर फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।


❖ अनन्या मिश्रा

# स्वाद ही नहीं सेहत का भी खजाना है यह फल
# वेट लॉस से लेकर बीपी तक होगा कंट्रोल

हर फल की अपनी खासियत और गुण होता है। ऐसे ही फलों में चीकू का नाम शुमार है। इस फल में एक अलग मिठास पाई जाती है। साथ ही इस फल में अनेक गुण पाए जाते हैं। जो आपके शरीर को हेल्दी रखने में मदद करती है। हर फल की अपनी खासियत और गुण होता है। ऐसे ही फलों में चीकू का नाम शुमार है। इस फल में एक अलग मिठास पाई जाती है। साथ ही इस फल में अनेक गुण पाए जाते हैं। जो आपके शरीर को हेल्दी रखने में मदद करती है।
चीकू फल को सपोडिला या सपोटा नाम से भी जाना जाता है। चीकू में मैग्नीशियम, पोटैशियम, मैंगनीज, विटामिन बी, सी, ई और कैल्शियम, फाइबर, मिनरल और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं। इस फल के सेवन से दिमाग शांत होता है और तनाव भी कम होता है। चीकू खाने से कई तरह के फायदे होते हैं। वहीं इसके पत्ते, जड़ और छाल को दवा के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाता है। इस फल को खाने से कई बीमारियों को बढ़ने से रोका जा सकता है। यह बालों और स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि चीकू सेहत के लिए कितना लाभकारी होता है।

### चीकू खाने के फायदे

**इम्यूनिटी :** चीकू में मौजूद विटामिन सी बॉडी की रेसिस्टेंट कैपेसिटी को बेहतर बनाने का काम करता है।



जिससे हमारे शरीर को इंफेक्शन से लड़ने में मदद मिलती है और कमजोर इम्यूनिटी में भी सुधार होता है।

**कब्ज :** बता दें कि चीकू फाइबर से भरपूर होता है। इस फल को खाने से पेट संबंधी तमाम परेशानियों से आराम मिलता है। इसके सेवन से आप कब्ज से छुटकारा पा सकते हैं, क्योंकि यह फल आसानी से पच जाता है।

**ब्लड प्रेशर :** चीकू में मौजूद पोटेशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल कर सकता है। चीकू को उबालकर इसके पानी को पीने से बीपी कंट्रोल में रहता है।

**बालों के लिए फायदेमंद :** इस फल में मौजूद विटामिन ए, ई और सी से बालों की ग्रोथ के लिए फायदेमंद होता है। इस फल में मौजूद पॉलीफेनोलिक कंपाउंड बालों में होने वाली रूसी को कम करने में मददगार है।

**स्किन :** चीकू में मौजूद मॉइस्चराइजिंग आपकी स्किन को रूखा होने से बचाती है और त्वचा को मुलायम बनाने का काम करती है। अगर आप रोजाना इस फल का सेवन करते हैं, तो यह झुर्रियों को भी कम करने में मदद करता है।

**हड्डियां :** चीकू में कैल्शियम और आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो हड्डियों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसके अलावा चीकू में मौजूद मैगनीज और जिंक हड्डियों को होने वाले नुकसान से बचाता है।

**सर्दी-जुकाम :** सर्दी-जुकाम से राहत पाने में चीकू आपकी काफी मदद कर सकता है। सर्दी-जुकाम होने पर इस फल का सेवन करने से नाक की नली से कफ हटाकर यह सीने को आराम देता है।

## सूडोकु नवताल- 6861

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |


■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6860 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## दैनिक पंचांग

23 अक्टूबर को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.56 ब.से |
| चंद्र | मकर में | धनु | 10.12 बजे से |
| मंगल | तुला में | मकर | 12.17 बजे से |
| बुध | तुला में | कुंभ | 14.03 बजे से |
| गुरु | मेष में | मीन | 15.36 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मेष | 17.07 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 18.47 बजे से |
| राहु | मेष में | मिथुन | 20.45 बजे से |
| केतु | तुला में | कर्क | 22.58 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 01.15 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | कन्या | 03.26 बजे से |
| बजे तक | | तुला | 05.37 बजे से |

**सोमवार** 2023 वर्ष का 296 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** नवमी 17.45 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 17.14 बजे को समाप्त। **योग** शूल 18.52 बजे को समाप्त। **करण** बालव 06.55 बजे, कौलव 17.45 बजे तदनन्तर तैतिल 04.32 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 08.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 11° 14' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871775 **जूलियन दिन** 2460240.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 07 **विशेष** महा नवमी, आयुध पूजा, सरस्वती विसर्जन, बंगाल महा नवमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7923



**बाएँ से दाएँ**
1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान, गगन-3
5. निम्न, जो स्तरीय न हो-4
8. रात्रि, निशा-2
10. सिलना, छाती
11. नश, नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप, पास, नजदीक-3
19. भगवान, खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होंठ, अधर-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस, लाचार-4

**ऊपर से नीचे**
1. चिंगारी, अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत, साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार, रस से भरा-3
7. मेहंदी, ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी, भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत, प्रेम-2
22. ऋतुराज, मौज-मस्ती-3
23. रास्ता, डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3

### शब्द पहेली -7922 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**वृष राशि :** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**मिथुन राशि :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क राशि :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कन्या राशि :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**तुला राशि :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक राशि :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**धनु राशि :** जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**मकर राशि :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**कुंभ राशि :** किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मीन राशि :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज




CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### वीजा सुविधा पर बोले विदेश मंत्री एस जयशंकर

# 'कठिन दौर से गुजर रहा भारत-कनाडा का संबंध'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत और कनाडा के बीच फिलहाल संबंधों में गतिरोध बरकरार है। दोनों के रिश्ते बेहद ही कठिन दौर से गुजर रहे हैं। फिलहाल लोगों की सबसे बड़ी चिंता वीजा बंद किए जाने को लेकर बनी हुई है। भारत सरकार इस मामले में पैनी नजर बनाए हुए हैं। जैसे ही स्थिति में कुछ सुधार होता है तो वीजा फिर से शुरू किया जाएगा। विदेश मंत्री डॉ। एस जयशंकर ने दोनों देशों में चल रही तनातनी के बीच यह बातें कहीं। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक विदेश मंत्री जयंशकर ने कहा, कुछ हफ्ते पहले भारत सरकार ने कनाडा में वीजा जारी करना बंद कर दिया था। इस तरह की सुविधा को जारी रखना भारतीय राजनयिकों के लिए सुरक्षित नहीं था। उनको वीजा जारी करने के लिए काम पर जाना सुरक्षित नहीं था। इसलिए उनकी सुरक्षा और संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए वीजा जारी करने की सुविधा को अस्थायी तौर पर रोकना पड़ा। विदेश मंत्री ने कहा कि इस पूरे मामले को बारीकी से ट्रैक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हालातों कुछ सामान्य होते हैं तो हम इस सुविधा को फिर से शुरू करने पर काम करेंगे। समाचार एजेंसी के मुताबिक विदेश मंत्री डॉ। एस जयशंकर ने कहा, राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना वियना कन्वेंशन का सबसे बुनियादी पहलू है। इसको कनाडा में कई तरीकों से चुनौती दी गई है। उन्होंने कहा कि वहां पर हमारे लोग सुरक्षित नहीं है। राजनयिक सुरक्षित नहीं हैं। इस बीच देखा जाए तो भारत ने कहा था कि कनाडा में भारत के जितने राजनयिक हैं, कनाडा ने भारत में उससे कहीं ज्यादा राजनयिक तैनात किए थे। दोनों देशों के बीच विवाद बढ़ने के बाद भारत ने इस मामले में राजनयिकों की संख्या में बराबरी की मांग की थी। इस पर कनाडा की विदेश मंत्री ने कहा था कि भारत का कनाडाई राजनयिकों को मिलने वाली सुरक्षा हटाने की बात करना 'अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन' है। उन्होंने कहा था कि कनाडा इसके बदले में कोई कार्रवाई नहीं करेगा। यह भी कहा था कि घूमने या बसने के लिए आने वाले भारतीयों का अभी भी कनाडा में स्वागत है।

### तीस्ता त्रासदी के बाद सीएम तमांग पहली बार उत्तरी सिक्किम के चुंगथांग पहुंचे

**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग रविवार सुबह भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से उत्तरी सिक्किम के चुंगथांग पहुंचे। तीस्ता त्रासदी के बाद करीब 18 दिन बाद मुख्यमंत्री पहली बार चुंगथांग का निरीक्षण करने पहुंचे। चुंगथांग में मुख्यमंत्री का सड़क एवं पुल विभाग के मंत्री सामडुप लेप्चा, आईटीबीपी 11वीं बटालियन के सेनानी रतन सिंह सोनल, मंगन जिले के जिलाधिकारी हेम कुमार छेत्री, चुंगथांग के एसडीएम किरण ठटाल ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री तमांग बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर लोगों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान बाढ़ प्रभावित परिवारों को अनुग्रह राशि प्रदान करेंगे। चार अक्टूबर की सुबह दक्षिणी ल्होनाक झील के फटने के बाद तीस्ता नदी में आई बाढ़ से सिक्किम के चार जिलों में जानमाल का व्यापक नुकसान हुआ है। चुंगथांग में 1200 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना का बांध जमींदोज हो चुका है। पुल और सड़क मार्ग ध्वस्त हो जाने के बाद चुंगथांग का संपर्क टूट गया है। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, उत्तरी सिक्किम में बाढ़ के कारण चार लोगों की मौत हुई है।

# भारत को कलवरी क्लास सबमरीन के लिए फ्रांस देगा लिथियम आयन बैटरी तकनीक

### एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन सिस्टम तैयार करने के लिए डीआरडीओ के साथ हाथ बढ़ाया

### एआईपी तकनीक से पनडुब्बियों को बार-बार सांस लेने के लिए नहीं आना पड़ेगा ऊपर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



फ्रांस नेवल ग्रुप तीन नई कलवरी क्लास सबमरीन के लिए भारत के साथ लिथियम आयन बैटरी तकनीक साझा करेगा। इसके बाद मुंबई का मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) फ्रांसीसी लाइसेंस के साथ इन पनडुब्बियों का निर्माण भारत में करेगा। फ्रांस नेवल ग्रुप ने आईएनएस कलवरी पर लगाए जाने के लिए एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) सिस्टम तैयार करने को लेकर भी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ हाथ बढ़ाया है।

नेवल ग्रुप फ्रांस के अध्यक्ष और सीईओ पियरे एरिक पॉमलेट ने बताया कि उनकी कंपनी 03 कलवरी क्लास की सबमरीन के लिए भारत के साथ लिथियम आयन बैटरी तकनीक साझा करेगी। यह एक प्रकार की रिचार्जेबल बैटरी है। इस बैटरी में इलेक्ट्रोड पदार्थ के रूप में अंतर्वेशित लिथियम यौगिक का उपयोग किया जाता है, जबकि नॉन-रिचार्जेबल लिथियम बैटरी में धातु सदृश लिथियम का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक साझा होने के बाद मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में फ्रांसीसी लाइसेंस के साथ पनडुब्बियों का निर्माण होने से टेक शेयरिंग और स्वदेशीकरण भी अधिक होगा।

सीईओ पॉमलेट ने बताया कि आईएनएस कलवरी पर लगाया जाने वाला एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) सिस्टम भारत में ही डीआरडीओ तैयार करेगा। डीआरडीओ और नेवल ग्रुप फ्रांस ने इसकी डिजाइन के लिए सहयोग बढ़ाया है। डीआरडीओ की नौसेना सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (एनएमआरएल) का फ्यूल सेल आधारित एआईपी सिस्टम जल्द ही आईएनएस कलवरी पर फिट होने के लिए तैयार हो जाएगा। एआईपी की वजह से डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी की मारक क्षमता बढ़ जाती है, क्योंकि इससे पनडुब्बी समुद्र की गहराई में ज्यादा दिनों तक रह सकती है और उसे बार-बार सांस लेने के लिए सतह पर नहीं आना पड़ता है।

ईंधन सेल आधारित एआईपी अन्य तकनीकों की तुलना में ज्यादा अद्वितीय है, क्योंकि इससे हाइड्रोजन ऑनबोर्ड उत्पन्न होता है। इस तकनीक को एनएमआरएल ने भारतीय उद्योग भागीदारों के समर्थन से विकसित किया है। डीआरडीओ और नेवल ग्रुप फ्रांस का यह नया प्रयास ऊर्जा मॉड्यूल के विस्तृत डिजाइन प्रमाणन की दिशा में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम होगा। नेवल ग्रुप के अध्यक्ष ने कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों में एआईपी को सुरक्षित रूप से एकीकृत करने के लिए एमडीएल की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पानी की गहराई में नौसेना समूह की आत्मनिर्भर भारत नीति के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता के चलते फ्रांस और भारत के बीच रणनीतिक द्विपक्षीय सहयोग साझा किया गया है।

## गागर में सागर

### भारतीय दूतावास ने मालदीव में 2 नागरिकों की मौत पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** मालदीव में भारतीय दूतावास ने दो भारतीय नागरिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि वह मालदीव के अधिकारियों के साथ संपर्क में है। मालदीव में भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा, "हम हा ढाल मकुनुधू द्वीप पर हुई दुखद घटना से बहुत दुखी हैं, जिसमें दो भारतीय नागरिकों की जान चली गई है।" उच्चायोग मालदीव के अधिकारियों के साथ-साथ पीड़ितों के परिवारों के साथ संपर्क में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हा ढाल एटोल मकुनुधू में गैस सिलेंडर विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई।

### बिहार के पश्चिमोत्तर जिलों में भूकंप से कांपी धरती

**पटना।** बिहार के पश्चिमोत्तर जिलों में रविवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.2 मापी गई। राजधानी पटना, गोपालगंज, मोतिहारी, छपरा और बगहा समेत राज्य के कई जिलों में सुबह करीब 7:24 बजे लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। भूकंप का केंद्र पड़ोसी देश नेपाल के डआरबूंग के पास बताया गया है। यह स्थान चीन सीमा के पास है। लोगों ने कुछ सेकंड तक भूकंप के झटके महसूस किए और अपने घरों से बाहर निकल गए। अभी तक कहीं से भी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

### बारामूला में घुसपैठ की कोशिश, हथियार और गोला-बारूद बरामद

**बारामूला।** बारामूला जिले में उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सेना और पुलिस के जवानों ने घुसपैठ को नाकाम कर दिया है। इस दौरान सुरक्षाबलों को मौके से हथियार भी बरामद हुए हैं। सैन्य अधिकारी ने रविवार को कहा कि बारामुला के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के घुसपैठ की खुफिया जानकारी मिली। इस पर पुलिस और सेना ने संयुक्त अभियान शुरू किया। इस दौरान सुरक्षाबलों को 6 पिस्तौल और 4 हथगोले और अन्य गोला-बारूद भी बरामद हुआ। सुरक्षाबलों ने रविवार को भी नियंत्रण रेखा के पास तलाशी अभियान जारी रखा हुआ है।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में आएंगे पीएम मोदी,सभी प्रदेशों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री

### सभी प्रदेशों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा आमंत्रण

### अयोध्या के तीन स्थानों पर बन रही टेंट सिटी

### हर हिन्दू घर में आमंत्रण के साथ भेजा जाएगा राम मंदिर का चित्र



#### पूरे फरवरी माह चलेगा दर्शन का क्रम

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद रामलला के दर्शन का क्रम 26 जनवरी 2024 से लेकर पूरे फरवरी माह चलेगा। दर्शन की अवधि में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रान्त के अनुसार तय तिथि को दर्शन होंगे। सभी प्रान्तों के रामभक्तों को दर्शन के लिए एक-एक दिन मिलेंगे। इस दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के भोजन के लिए 13 स्थानों पर रसोई चलेगी।

**एजेंसी। अयोध्या**

श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर निर्माणाधीन राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा चारों शंकराचार्य शामिल होंगे। देशभर के विभिन्न मत पंथों के करीब चार हजार साधु संत, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े करीब 10 हजार अति विशिष्ट अतिथि इस पल के साक्षी बनेंगे। मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का देश-दुनिया में लाइव प्रसारण किया जायेगा। इसकी व्यवस्था श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से रहेगी। इस दौरान अयोध्या आने वाले अतिथियों के ठहरने व भोजन की उत्तम व्यवस्था की जा रही है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से भारत के सभी प्रदेशों के राज्यपाल व मुख्यमंत्रियों को आमंत्रण भेजा जाएगा। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी खेलों के बड़े खिलाड़ी, प्रख्यात साहित्यकार, वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकारों को आमंत्रित किया जाएगा। 1990 की कारसेवा में बलिदानी हुतात्माओं के परिजनों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में विदेशों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों से शामिल होने आ रहे विशिष्ट अतिथियों के ठहरने के लिए अयोध्या के तीन स्थानों पर टेंट सिटी बनाई जा रही है। इसमें कारसेवक पुरम में निर्मित टेंट सिटी में 200, बाग विदेशी में बनने वाली टेंट सिटी में दो हजार व छोटी छावनी के प्राकृतिक चिकित्सालय में बनने वाली टेंट सिटी में 200 कमरे बनेंगे। वहीं वीवीआईपी के लिए 200 कमरे और अन्य अतिथियों के ठहरने के लिए 800 कमरे होटलों में बुक कर दिये गये हैं। इन अतिथियों को लाने ले जाने व अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए विश्व हिन्दू परिषद के करीब 500 कार्यकर्ताओं को लगाया जाएगा। विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री राजेश ने बताया कि श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण प्रत्येक हिन्दू घर में भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता श्रीराम जन्मभूमि से पूजित हल्दी व अक्षत, राम मंदिर का चित्र व निवेदन पत्र लेकर हर घर में जाएंगे और अयोध्या आने का आमंत्रण देंगे। यह अभियान 01 जनवरी से 15 जनवरी तक सारे देश में चलेगा। प्रान्त संगठन मंत्री ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को देशभर के सभी मंदिरों में सुन्दर काण्ड व हनुमान चालीसा का पाठ होगा। वहीं मंदिर पर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण भी श्रद्धालुओं को दिखाया जाएगा।

# भारत ने युद्धग्रस्त फिलिस्तीन को भेजी मानवीय सहायता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत ने युद्धग्रस्त फिलिस्तीन को मानवीय सहायता भेजी है। भारतीय वायु सेना का एक विमान छह टन से अधिक चिकित्सा सहायता और 30 टन से अधिक आपदा राहत सामग्री लेकर मिस्र के लिए रवाना हो चुका है। बागची ने कहा, भारत फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भेज रहा है! आईएएफ सी-17 उड़ान फिलिस्तीन के लोगों के लिए लगभग 6.5 टन चिकित्सा सहायता और 32 टन आपदा राहत सामग्री लेकर मिस्र के एल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुई। उन्होंने कहा, सामग्री में आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं, सर्जिकल सामान, तंबू, स्लीपिंग बैग, तिरपाल, स्वच्छता उपयोगिताएं, जल शोधन गोलियां सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। गौरतलब है कि फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष दो सप्ताह से चल रहा है, इसमें हजारों लोग मारे गए हैं, युद्ध का सबसे बड़ा खामियाजा गाजा को उठाना पड़ा है। पिछले सप्ताह गाजा में एक अस्पताल पर हुई गोलाबारी में 500 से अधिक लोग मारे गए थे।




### कंगना रनौत की 'बिग बॉस-17' के घर में एंट्री, कंटेस्टेंट की लेंगी क्लास

**हाल** ही में 'बिग बॉस-17' एपिसोड का प्रोमो सामने आया है, जिसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत घर में एंट्री करती नजर आ रही हैं। इससे पहले उन्होंने सलमान खान के साथ स्टेज पर खूब मस्ती की। इस बार ये दोनों बिग बॉस के मंच पर एक दूसरे से फ्लर्ट करते नजर आए। 'बिग बॉस-17' के पहले हफ्ते के लिए सलमान खान होस्ट के तौर पर वापस आ गए हैं। वीकेंड का वार में पहले हफ्ते ही खूब ड्रामा देखने को मिला है। अब इस एपिसोड के दूसरे दिन का प्रोमो सामने आ गया है। सलमान खान इस एपिसोड को होस्ट करते नजर आए। इस बार उन्होंने मंच पर कंगना रनौत का स्वागत किया। कंगना एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिनके साथ फ्लर्ट करने की हिम्मत किसी में नहीं होती। हालांकि, सलमान खान ने ऐसा करने की हिम्मत की है। वीकेंड का वार में कंगना रनौत ने बिग बॉस के सेट पर धमाकेदार एंट्री मारी है।



### भाषाओं की बाधाओं से परे एक सर्वव्यापक भावना है सिनेमा : संजय दत्त



**बॉलीवुड** सुपरस्टार संजय दत्त का मानना है कि भले ही सिनेमा को भाषाओं से अलग किया जा सकता है, लेकिन यह पूरी तरह से भावनाओं की एक सर्वव्यापक भाषा है जो दर्शकों को आकर्षित करती है। सुपरस्टार ने हिंदी सिनेमा में कुछ प्रतिष्ठित भूमिकाएं निभाई हैं जिनमें विशेष रूप से 1993 की ब्लॉकबस्टर 'खलनायक', 'सड़क', 'वास्तव', 'मुन्ना भाई' फ्रेंचाइजी, 'अग्निपथ' और कई अन्य फिल?में शामिल हैं। उन्होंने 'केजीएफः चैप्टर 2' में अधीरा की भूमिका के साथ गहरा प्रभाव छोड़ते हुए दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग में कदम रखा। सुपरस्टार सहजता से सैंडलवुड की दुनिया में घुल-मिल गए और एक बहुमुखी अभिनेता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली, जो क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर सकता था।

### सिद्धार्थ मल्होत्रा होंगे रोहित शेट्टी की पुलिस जगत पर बनी वेब सीरीज में अगला चेहरा



**निर्देशक** रोहित शेट्टी ने अपने अगले 'सिंघम' के रुप में अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा को लॉन्च किया है। रोहित शेट्टी की वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' की रिलीज डेट सामने आ गई है। जिसमें 'शेरशाह' अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा एक पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं। यह सीरीज रोहित की पिछली परियोजनाओं जैसे 'सिंघम', 'सिम्बा' और 'सूर्यवंशी' से जुड़ी होगी। रोहित शेट्टी और सिद्धार्थ मल्होत्रा दोनों ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने नवीनतम सहयोग, 'इंडियन पुलिस फोर्स' की रिलीज की तारीख की घोषणा की। सिद्धार्थ मल्होत्रा के पोस्टर में उन्हें एक सौम्य पुलिसकर्मी के रूप में दिखाया गया है, जो एक्शन में सबसे पहले कूदने के लिए तैयार है। अभिनेता बेजोड़ स्वैग के साथ वर्दी को सहजता से कैरी करते हैं। 'शेरशाह' अभिनेता ने अपने पोस्ट को कैप्शन दिया, "लोकेशन क्लियर, टारगेट लॉक्ड, फोर्स इनकमिंग! 'इंडियन पुलिस फोर्स' 19 जनवरी 2024 को प्राइम वीडियो पर आ रही है।"

## पहल

### देश भर में 4 करोड़ छात्र अंगदान को लेकर करेंगे बात

# जागरूकता से बचेगी मरीजों की जान

**एजेंसी। नई दिल्ली**




देश में चार करोड़ से अधिक छात्रों को अंगदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इनमें फिलहाल केवल उच्च शिक्षा यानि की कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हैं। इस महत्वपूर्ण मुहिम में 18 से 30 वर्ष तक आयु वर्ग के छात्रों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए विशेषज्ञ बताते हैं कि रोगियों के मुकाबले अंगदान करने वाले व्यक्तियों की संख्या 10 प्रतिशत भी नहीं है। इसका सीधा-सीधा अर्थ यह है कि भारत में 90 प्रतिशत से अधिक रोगी अंगों के प्रत्यारोपण की कमी के कारण मर जाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी स्थिति में ये छात्र न केवल स्वयं बल्कि अपने घर, रिश्तेदारों, दोस्तों व पास-पड़ोस के लोगों में अंगदान को लेकर व्याप्त भ्रांतियां दूर कर सकते हैं। यूजीसी ने इस मुद्दे पर देशभर के सभी विश्वविद्यालयों को एक आधिकारिक पत्र लिखा है। टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन और यूजीसी इंडिया द्वारा एक विशेष अभियान, 'ऑनलाइन अंग दान प्रतिज्ञा' देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को अंग दान के लिए प्रेरित करेगी। यूजीसी चेयरमैन प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हमारे देश में जरूरतमंद व्यक्तियों की तुलना में अंगदान करने वाले व्यक्तियों और उपलब्ध अंगों की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में अंगदान को सबसे बड़ा दान माना गया है। बावजूद इसके अंगदान की कमी के कारण कई मरीज जीवित नहीं रह पाते। चिकित्सा विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसी कई रिपोर्ट्स हैं जो बताती हैं कि भारत में हर साल दो लाख रोगियों को किडनी प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है, लेकिन केवल 12,000 किडनी दाता ही सामने आते हैं। लीवर ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में भी यही स्थिति है। हर साल जहां लगभग 50 हजार लीवर रोगियों को लीवर ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है, वहीं 4000 से भी कम लीवर ट्रांसप्लांट के लिए उपलब्ध हो पाते हैं। अगर हार्ट पेशेंट की बात की जाए तो भारत में बड़ी संख्या में लोगों को हार्ट ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ती है। विशेषज्ञों के मुताबिक 50 हजार से भी अधिक हार्ट पेशेंट में से केवल 200-250 रोगियों का ही हार्ट ट्रांसप्लांट हो पता है। अंगदान की भारी कमी को देखते हुए ही अब यूजीसी ने देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में 18 से 30 आयु वर्ग के छात्रों के माध्यम से जागरूकता फैलाकर अंगदान की कमी को दूर करने का फैसला लिया है। यूजीसी चेयरमैन का कहना है कि देश भर के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों, कॉलेज, विश्वविद्यालयों के छात्रों से अंगदान की शपथ के साथ इस मुद्दे पर जागरूकता फैलाने की अपील की जा रही है। यूजीसी का मानना है कि उनके इस अभियान से उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले चार करोड़ से अधिक छात्र इस महत्वपूर्ण अंगदान अभियान के रोल मॉडल बनेंगे। युवा अंगदान की शपथ के साथ आम लोगों को जोड़ने और उनकी भ्रांतियां दूर करने में मदद करेंगे। यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अंगदान की शपथ को लेकर पत्र लिखा है। अंगदान के विषय को युवाओं और जन-जन तक पहुंचाने के लिए विश्वविद्यालय से सेमिनार, वर्कशाप के माध्यम से छात्रों को अंगदान की नैतिक चिकित्सा, सामाजिक आयामों की जानकारी देने को कहा गया है। वरिष्ठ सर्जन डॉ पीएन सहाय के मुताबिक एक सामान्य स्वस्थ एक व्यक्ति, अपनी मृत्यु के उपरांत अंगदान के जरिए 8 व्यक्तियों का जीवन बचा सकता है। डॉ सहाय के मुताबिक मृत्यु के उपरांत किसी व्यक्ति के गुर्दे, यकृत, फेफड़े, हृदय, अग्न्याशय और आंत के अंगदान से आठ गंभीर रोगियों को उपचार और नया जीवन मिल सकता है।





# शारदीय नवरात्रि के अवसर पर 341 कुंवारी कन्याओं का पूजन किया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक संस्था एमआरएसश्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। रविवार को संस्था के सदस्यों के द्वारा सामुहिक रूप से 341 कुंवारी कन्याओं एवं 41 विनायक जी महाराज (श्री गणेश) जी का पूजन पूर्ण श्राद्धा और आस्था के साथ किया गया। 341 कन्या एव 41 गणेश जी महाराज के पूजन के साथ संस्था के द्वारा 115 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे में लगभग 2000 श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के सदस्यों द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष की तरह किया गया था संस्था ने 251 कन्या के पूजन का कार्यक्रम करने का व्यवस्था रखा था पर 341 कन्या आ गई थी। 41 छोटे लड़के विनायक जी महाराज (श्री गणेशजी) आ गये थे। उन सभी कन्याओं एवं विनायक जी महाराज ( श्रीगणेश) जी महाराज का पूजन कर सभी आये हुए कन्याओं एवं बच्चों को भोजन कराकर सभी बच्चों को तिलक कर सभी को नये वस्त्र, चुनरी, स्कूल बैग, कापी, लंच बाक्स, वाटर बोतल,पेन्सिल,पेन्सिल बाक्स,कलर पेन्सिल,फल मे सेव और संतरा, मिक्चर पाकेट एवं रू. 11 दक्षिणा देकर सभी आये हुए कन्याओं एवं बच्चों को संस्था के सदस्यों ने विदाई की। उन बच्चों के साथ आये हुए उनकी माताओं को संस्था के सदस्यों के द्वारा उनके बीच अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। सभी बच्चे एवं महिलाएं नवरात्री एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर तरह-तरह के समान मिलने से बहुत ही खुश हो रहे थे। निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर को माता के पूजन हेतु फुलो एव गुबारो से सजाया रहा है। निमार्णाधीन मंदिर की सजावट देखने लायक थी। संस्था के सदस्यों ने भजन सत्संग कर कार्यक्रम की शुरूआत की आज कन्या पूजन के साथ साथ निःशुल्क श्री कृष्ण अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति के सौजन्य से किया जया। महिला समिति के द्वारा किये गये अन्नापूर्णा भंडारे मू लगभग 2000 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के कन्या पूजन कार्यक्रम मे संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी ओमप्रकाश सरावगी विष्णु सोनी,नन्द किशोर चौधरी, दिलीपअग्रवाल,सुरेश चौधरी,सुशील गाड़ोदिया, कैलाश सिंघानिया,जयप्रकाश मित्तल एव संस्था के और भी बहुत से महिला-पुरुष सदस्य उपस्थित थे।

## रांची के देवी मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। शारदीय नवरात्र का रविवार को आठवां दिन है। आज शक्ति की देवी मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जा रही है। देवी मंदिर में मां दुर्गा के पिंड रूप की भी पूजा की जा रही है। शारदीय नवरात्र के आठवें दिन आज सुबह से ही राजधानी रांची के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी हुई है। अरगोड़ा के प्राचीन देवी मंदिर में खोइचा कर मां दुर्गा की पूजा की गयी, भक्त सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन जहां देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी हुई है, वहीं भक्त अलग-अलग पूजा पंडाल में दुर्गा मां की प्रतिमा की पूजा भी कर रहे हैं। पुजारियों के मुताबिक, आज शाम को ही संधि पूजा होगी। मान्यता है कि शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मां की कृपा से लड़कियों की शादी में आ रही बाधाएं दूर हो जाती हैं और देवी की कृपा से योग्य वर की प्राप्ति होती है। मां महागौरी की पूजा करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिलती है।

## गागर में सागर

### एचइसी में रावण दहन की तैयारी अंतिम चरण में



**रांची।** हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचइसी) परिसर स्थित शालीमार बाजार में 24 अक्टूबर को रावण दहन आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। विजयादशमी रावण दहन समारोह समिति के अध्यक्ष संजीत यादव ने रविवार को बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव होंगे। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव उपस्थित रहेंगे। अध्यक्ष ने बताया कि रावण और कुंभकरण का पुतला निर्माण अंतिम चरण में है।

### चेतना और श्रेष्ठ समृद्ध भावना मिलकर मनुष्य को संवेदनशील बनाता है : संजय सर्राफ



**रांची।** राष्ट्रीय सनातन एकता मंच एवं विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि चेतना तथा भावना का संयुक्त स्वरूप को संवेदना कहा जाता है। जीवंत एवं जागरूक, ग्रहण करने की क्षमता और अनुभूति का मिश्रण यदि व्यक्तित्व में समावेश हो तो वह व्यक्ति चैतन्य के श्रेणी में आता है वैसे तो प्राणी मात्र को सृष्टिकर्ता ने भावनाएं प्रदान की है। जैसे कोई भी मादा जानवर अपने शिशु के लिए भावुक होती है और नर जानवर सुरक्षा देने का कार्य करता है। उनका यह कार्य ईश्वर प्रदत्त भावनाओं के वशीभूत ही होता है। परंतु मनुष्य में अकूत भावनाएं ईश्वर ने प्रदान की है। नकारात्मक भाव और सकारात्मक भाव से हम या तो सकारात्मक कार्य करते हैं या फिर नकारात्मक कार्य करते हैं। जब भावनाएं सकारात्मक हो और उदारता की श्रेष्ठ भावना अंतस में कार्यरत हो तो व्यक्ति भावना से समृद्ध रहता है। चेतना और श्रेष्ठ समृद्ध भावना मिलकर मनुष्य को संवेदनशील बनाता है। संवेदना का अर्थ इस प्रकार समझा जा सकता है कि किसी के दुख में दुखी हो जाना और किसी के सुख में खुश हो जाना। दूसरे के अनुभूति का ध्यान रखने वाला व्यक्ति संवेदनशील व्यक्ति कहलाता है। जब हम अध्यात्मिक दृष्टि से अपने-अपने आराध्य से प्रार्थना, याचना और आराधना करते हैं तो वास्तव में उनकी संवेदना का आकांक्षी होते हैं। क्योंकि पराशक्ति अति संवेदनशील होती है और अपने उपासक की अनुभूति को अनुभव करती है। और उनकी संवेदना वरदान एवं आशीर्वाद के रूप में प्राप्त होता है। जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता और उसके स्थायीत्व का अनुपात हमारी संवेदना के समानुपात है। नवरात्रि के 9 दिनों में हम संवेदनशील होने का तप और साधना करते हैं और उसका प्रतिफल हमें आशीर्वाद के रूप में प्राप्त होता है।

### द विंग्स डांस स्टूडियो में आयोजित डांडिया नाईट में झूमें रांची वासी

**रांची।** द विंग्स डांस स्टुडियो द्वारा अमलताश बैंक्वेट हॉल में डांडिया एवं गरबा नाइट का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 400 लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अभिषेक सिंह उपस्थित हुए। संस्था के छात्रों द्वारा कार्यक्रम में बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया गया, दर्शकों ने नृत्य का खूब लुत्फ उठाया । कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। आयोजक स्वाति सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा हर वर्ष डांडिया का आयोजन किया जाता है। जो लोग यहां डांडिया और गरबा खेलने आये हैं वो सालों से हमारे साथ जुड़े हुए हैं और हमारी टीम के अथक प्रयास से यह डांडिया गरबा नाईट सफल करने में हमें कामयाबी मिली। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टूडियो के संचालक इरफान, स्वाति सिंह एवं टीम समीर, विराट, सन्नी, आकाश, शिवा, कन्हैया, लकी, राजा एवं संजय आदि का अहम योगदान रहा।

## रांची के मोरहाबादी मैदान में रावण दहन व आतिशबाजी का दिखेगा अनोखा नजारा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विजया दशमी के दिन रावण दहन का मुख्य कार्यक्रम मोरहाबादी मैदान में होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस वर्ष रावण 70 फीट, कुंभकर्ण 65 व मेघनाथ 60 फीट के बने हैं। इसे गया के मुस्लिम कारीगरों ने रूप दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रिमोट कंट्रोल से रावण का दहन करेंगे। पंजाबी हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, महासचिव राजेश मेहरा, सचिव कुणाल अजमानी, मीडिया प्रभारी अरुण चावला ने रविवार को कडरु स्थित लाला लाजपत राय स्कूल परिसर में बताया कि इस बार आतिशबाजी का अनोखा नजारा दिखेगा। इसके लिए कोलकाता की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भांगड़ा नृत्य : उन्होंने बताया कि रावण दहन कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये जायेंगे। इसमें नृत्यांगना रूपा डे, गायिका ज्योति साहू, चुमकी राय मुख्य रूप से शामिल होंगी। जमशेदपुर के परमजीत सिंह सन्नी व उनकी टीम भांगड़ा नृत्य पेश करेंगे। वहां गुरुनानक अस्पताल एवं पंजाबी हिंदू बिरादरी की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर एंबुलेंस की व्यवस्था होगी। गुरु सिंह सभा, गुरुद्वारा महात्मा गांधी मार्ग एवं मारवाड़ी युवा मंच की पहल पर पेयजल की व्यवस्था की गई है। मौके पर चेयरमैन रणदीप आनंद व कोषाध्यक्ष राहुल माकन मौजूद थे।

## राज्य के नौकरशाहों पर कानून की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को ट्वीट के माध्यम से कहा कि झारखंड के नौकरशाहों पर राज्य की बेहतरी के लिए कानून सम्मत कार्यान्वयन की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। आफ सभी ऐसे पिलर हैं जो ठीक से काम कर झारखंड को देश को उन्नत राज्यों की श्रेणी में शामिल करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों यह देखा गया है कि लालचवश कुछ अधिकारी सत्ता के टूल की तरह इस्तेमाल होकर आज ऐसे मुसीबतों का सामना कर रहे हैं जो न सिर्फ उनके लिये, बल्कि उनके पूरे परिवार, इष्ट मित्रों के लिये परेशानी का कारण बना हुआ है। ऐसे लोग आसन्न संकटों से बचने के लिये दर-दर भटक कर अपने-अपने सम्पर्कों के जरिये जुगाड़ लगाते फिर रहे हैं लेकिन कानून के सामने उनकी एक नहीं चल रही। पिछले दिनों कुछ अधिकारियों ने सत्ता के लिये लठैती करते हुए सत्ता के गलत कार्यों का विरोध करने वालों को काबू करने की गरज से दर्जनों फर्जी मुकदमे करवाये लेकिन उनका परिणाम क्या हुआ? अधिवक्ता राजीव कुमार पर भी एक के बाद एक कई एसटी एक्ट के मामले दर्ज कराये गये लेकिन ऐसे फर्जी मामले हाईकोर्ट से न सिर्फ खारिज कर दिये गये, बल्कि पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर टिप्पणी भी की गई। हेमंत सरकार की हिटलरी कार्यशैली, तानाशाही एवं दमनात्मक कार्रवाई के तहत लोगों पर किये गये ऐसे अनगिनत मुकदमे आज भी न्यायालय में लंबित हैं। मैं झारखंड के वैसे अधिकारियों के से पुनः अनुरोध करता हूं कि वे पिछले अनुभवों से सबक लें। किसी के बहकावे में कानून से हटकर ऐसा गलत काम न करें जो उनके लिये आने वाले समय में परेशानी और मुसीबत का कारण बने।

### झारखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज, हल्की बारिश होने की संभावना है

**रांची।** झारखंड में नवरात्र का उल्लास है। दुर्गा पूजा पंडालों में मां का दरबार सजा है। सतरंगी रोशनी से उत्सव की खुशियां देखते ही बन रही हैं। मां के मनोहारी रूप को देखने के लिए पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। लोग सपरिवार मेले का आनंद ले रहे हैं। मौसम विभाग ने इस बीच दशहरा को लेकर विशेष मौसम पूर्वानुमान जारी किया है। इस वेदर बुलेटिन की मानें, तो दुर्गा पूजा की नवमी यानी 23 अक्टूबर को झारखंड में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। मौसम शुष्क रहने की संभावना है। राजधानी रांची में दोपहर या शाम के समय आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। विजयादशमी यानी 24 अक्टूबर को झारखंड के पूर्वी एवं निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना है। राजधानी रांची में सामान्यतः आसमान में बादल छाए रह सकते हैं। हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड के चार देवी पीठों में होता...**

बदले 13 यानी एक अतिरिक्त मास होता है। इसे ही मलमास कहा जाता है। खास बात यह है कि इस मंदिर में पूजा-आराधना लगभग 500 साल पहले हस्तलिखित पुस्तक के अनुसार होती है। इस पुस्तक के पन्ने अभी भी पूरी तरह सुरक्षित हैं और अक्षर चमकदार हैं। पुस्तक को सुरक्षित रखने के लिए इसकी प्रतिलिपि बनाने की विधि भी उसी में दर्ज है। स्याही किस तरह तैयार की जाएगी, कैसे लिखी जायेगी, ये सभी विवरण इसी पुस्तक में हैं। इस मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए झारखंड के विभिन्न हिस्सों के साथ ही पड़ोसी राज्य बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ समेत कई अन्य राज्यों से श्रद्धालु यहां आते रहते है। मंदिर के पुजारी पंडित अखिलानंद मिश्र व पंडित विनय मिश्र बताते हैं कि 16 दिन पूजा के बाद विजयादशमी के दिन मां भगवती को पान चढ़ाया जाता है। आसन से पान गिरने पर माना जाता है कि भगवती ने विसर्जन की अनुमति दे दी। इस दौरान हर दो-दो मिनट पर आरती की जाती है। कभी-कभी तो पूरी रात पान नहीं गिरता और आरती का दौर निरंतर जारी रहता है। पान गिरने के बाद विसर्जन की पूजा होती है। इस मंदिर के साथ राजघराने की कहानियां भी जुड़ी हैं। बताते हैं कि तत्कालीन राजा आखेट के लिए लातेहार के मनकेरी जंगल में गये थे। जहां तोड़ा तालाब में पानी पीने के दौरान देवियों की मूर्तियां राजा के हाथ में आ जा रही थीं। लेकिन, राजा ने मूर्तियों को तालाब में डाल दिया। भगवती ने रात में राजा को स्वप्न दिया और मूर्तियों को महल में लाने को कहा। इसके बाद तालाब से मूर्तियों को लेकर राजा अपने महल में पहुंचे और आंगन में मंदिर का निर्माण कराया।

यह भी कहा जाता है कि मराठा रानी अहिल्याबाई भी मां उग्रतारा मंदिर में पूजा अर्चना करने आयी थीं। मंदिर की परंपराओं से मुसलमानों का भी गहरा संबंध है।

**एनटीए नहीं अब एपेक्स बोर्ड...**

वाले पहले चरण के जेईई मेन एग्जाम 24 जनवरी से 1 फरवरी 2024 तक ली जाएगी। इन परीक्षाओं का रिजल्ट 22 से 24 फरवरी के बीच जारी होगा। वहीं दूसरे चरण जेईई मेन परीक्षा 1 से 15 अप्रैल के बीच ली जाएगी। इसके रिजल्ट 8 से 11 मई 2024 तक जारी होगा।

**एक सिंडिकेट का थोक कारोबार पर हो...**

में लाइसेंस हासिल करने वाले पहले चरण के जेईई मेन एग्जाम 24 जनवरी से 1 फरवरी 2024 तक ली जाएगी। इन परीक्षाओं का रिजल्ट 22 से 24 फरवरी के बीच जारी होगा। वहीं दूसरे चरण जेईई मेन परीक्षा 1 से 15 अप्रैल के बीच ली जाएगी। इसके रिजल्ट 8 से 11 मई 2024 तक जारी होगा। वाले प्रशांत ट्रेडर्स को राममहल ट्रेडर्स से 10.74 लाख मिले थे।

- कोलकाता के डालमिया बंधुओं की कंपनी मनीष कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड से गोड्डा के लाइसेंसधारी मैहर होटल्स एंड रिसार्ट प्राइवेट लिमिटेड, दुमका, पाकुड व पूर्वी सिंहभूम के लाइसेंसधारी मैहर डेवलपर्स के खाते में 15 व 16 जून 2021 को चार करोड़ व 17 व 22 जून को क्रमशः चार करोड़ ट्रांसफर किए गए थे।
- मैहर डेवलपर्स और मैहर होटल्स एंड रिसार्ट प्राइवेट लिमिटेड को विक्रम फाइनेंस सर्विस लिमिटेड ने 11 व 14 जून 2021 को 6 करोड़ व 17 जून 2021 को 50 लाख की राशि दी। मैहर डेवलपर्स ने धनबाद के लाइसेंसधारी वासुकीनाथ इंटरप्राइजेज को 25.03 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे। बासुकीनाथ इंटरप्राइजेज ने देवघर के लाइसेंसधारी शरण एल्कोहल प्राइवेट लिमिटेड को 97.50 लाख की राशि 24 जून 2021 को दी थी। मैहर होटल्स को पांच लाख की राशि साहिबगंज के लाइसेंसधारी संजीत हेंब्रम से भी पांच लाख मिले थे।
- देवघर जिलें के लाइसेंसधारी शरण एल्कोहल प्राइवेट लिमिटेड को बोकारो जिले के लाइसेंसधारी गुप्ता ट्रेडर्स से 26 जून 2021 को 1 करोड़ 67 लाख 50 हजार मिले थे।
- खूंटी के लाइसेंसधारी घुमरो इंटरप्राइजेज व सरायकेला, गुमला के लाइसेंसधारी जेमिनी इंटरप्राइजेज को उमाशंकर सिंह ने 40- 40 लाख रुपनये 25 जून 2021 को दिए गथे।
- पलामू और पश्चिमी सिंहभूम की लाइसेंसधारी विश्वा इंटरप्राइजेज और लातेहार- गढ़वा की लाइसेंसधारी रूपुचाक इंटरप्राइजेज भी आपस में जुड़ी थीं, इन दोनों को सुनील कुमार यादव व मनोज कुमार देव के द्वारा 85 व 65 लाख की राशि दी गई थी।

**सत्ता और ब्यूरोक्रेसी के बड़े चेहरे...**

जुड़ी हैं। दरअसल झारखंड सरकार ने वर्ष 2021-22 में एक्साइज यानी शराब बिक्री की नई पॉलिसी लागू की थी और इसे जमीन पर उतारने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के साथ करार करते हुए उसे बतौर कंसल्टेंट नियुक्त किया था। इस कंसल्टेंट कंपनी की सलाह पर छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड सरकार ने शराब की खुदरा बिक्री अपने हाथ में लेते हुए प्लेसमेंट एजेंसियों को दुकानें चलाने का जिम्मा सौंपा था। यह काम छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन एमडी अरुण पति त्रिपाठी और उनके साझीदार सिद्धार्थ सिंघानिया की देखरेख में धरातल पर उतारा गया था। अब झारखंड के शराब घोटाले में उनकी भूमिका की जांच तेज होगी।

ईडी की छत्तीसगढ़ इकाई इस सिलसिले में झारखंड के दो आईएएस अफसरों विनय कुमार चौबे और करण सत्यार्थी को भी बीते अप्रैल महीने में तलब कर चुकी है। संभावना है कि ईडी की झारखंड इकाई भी अब इन दोनों अफसरों को नोटिस कर सकती है। विनय चौबे झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के सचिव भी हैं। ऐसे में मामले में जांच की आंच अंततः प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर सीएम तक पहुंच सकती है। इसके पहले एक हजार करोड़ के खनन घोटाले में ईडी राज्य के सीएम हेमंत सोरेन तक से पूछताछ कर चुकी है। जमीन घोटाले की जांच में भी उन्हें पांच बार समन किया जा चुका है। सोरेन इनमें से किसी समन पर उपस्थित नहीं हुए और ईडी के खिलाफ पहले सुप्रीम कोर्ट और उसके बाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हालांकि कोर्ट से उन्हें अब तक कोई राहत नहीं मिली है। संभव है कि ईडी इस मामले में उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई कर सकती है। सीएम हेमंत सोरेन खुद इस बात को लेकर आशंकित हैं और वह कह चुके हैं कि केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर उन्हें जेल भेजने की साजिश रची जा रही है। सोरेन मंत्रिमंडल के कांग्रेस कोटे के वरिष्ठ मंत्री आलमगीर आलम पर ईडी ने साहिबगंज जिले के बड़हरवा में टेंडर से जुड़े एक विवाद में पिछले साल ही एफआईआर दर्ज की है। इसकी भी जांच आगे बढ़ सकती है। सीएम सोरेन के प्रधान सचिव रहे सीनियर आईएएस राजीव अरुण एक्का के खिलाफ ईडी ने करीब 200 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार के सबूत पहले ही जुटाए हैं। एजेंसी इन सबूतों और ब्योरों पर एक रिपोर्ट राज्य सरकार और एंटी करप्शन ब्यूरो के साथ साझा करते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने को कह चुकी है। तय है कि इन तमाम मामलों में ईडी की जांच और कार्रवाई आने वाले महीनों में जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, राज्य की सत्ता और सियासत में बवंडर और तेज होगा।



# शमी के पांच विकेट व कोहली के अर्धशतक से हुई भारत की जीत

**एजेंसी। धर्मशाला**

मोहम्मद शमी के पांच विकेट के बाद विराट कोहली के बड़े अर्धशतक से भारत ने रविवार को यहां आईसीसी विश्व कप मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में जगह बनाने का दावा मजबूत किया। इस जीत से भारत ने पांच मैचों में पांच जीत से 10 अंक के साथ शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। न्यूजीलैंड पांच मैच में चार जीत से आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड के 274 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कोहली (104 गेंद में 95 रन, आठ चौके, दो छक्के) की श्रेयस अय्यर (33) के साथ तीसरे विकेट की 52, लोकेश राहुल (27) के साथ चौथे विकेट की 54 और रविंद्र जडेजा (44 गेंद में नाबाद 39) के साथ छठे विकेट की 78 रन की साझेदारी से 48 ओवर में छह विकेट पर 274 रन बनाकर जीत दर्ज की। कप्तान रोहित शर्मा ने भी (46) रन की उम्दा पारी खेली। न्यूजीलैंड की तरफ से लॉकी फर्ग्युसन ने 63 रन देकर दो विकेट चटकाए। मिशेल सेंटनर ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 37 रन देकर एक विकेट हासिल किया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। मिशेल ने इससे पहले 127 गेंद में पांच छक्कों और नौ चौकों की मदद से 130 रन की पारी खेलने के अलावा रचिन रविंद्र (75 रन, 87 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के साथ तीसरे विकेट के लिए 159 रन जोड़े लेकिन इसके बावजूद टीम 50 ओवर में 273 रन पर आउट हो गई। मिशेल और रविंद्र की साझेदारी इस मैदान पर किसी भी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ही बल्लेबाजों को भारतीय क्षेत्ररक्षकों ने जीवनदान भी दिया। भारत के लिए शमी सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 54 रन देकर करियर में तीसरी बार पांच विकेट चटकाए। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव महंगे साबित हुए। उन्होंने 73 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मोहम्मद सिराज (45 रन पर एक विकेट) और जसप्रीत बुमराह (45 रन पर एक विकेट) ने किफायती गेंदबाजी करते हुए एक-एक विकेट अपने नाम किया।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज पूरे टूनार्मेंट के दौरान पहली बार दबाव में दिखे। टीम अंतिम 13 ओवर में भारत की सटीक गेंदबाजी के सामने 68 रन ही बना सकी। विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 मैच में यह भारत की चौथी जीत है जबकि पांच मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच बेनतीजा रहा। भारत ने न्यूजीलैंड को विश्व कप में पिछली बार 20 साल पहले 2003 में सेंचुरियन में हराया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को रोहित शर्मा (46) और शुभमन गिल (26) की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत दिलाई। रोहित शुरू से ही अच्छी लय में दिखे। उन्होंने ट्रेंट बोल्ट पर चौके से खाता खोलने के बाद उनकी और मैट हेनरी की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। गिल ने सतर्क शुरूआत के बाद बोल्ट और हेनरी पर दो-दो चौके मारे और आठवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया।



## स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे | 0 | 9 | 0 | 0 |
| विल यंग | 17 | 27 | 3 | 0 |
| रचिन रविंद्र | 75 | 87 | 6 | 1 |
| डैरिल मिचेल | 130 | 127 | 9 | 5 |
| टॉम लेथम | 5 | 7 | 1 | 0 |
| ग्लेन फि लिप्स | 23 | 26 | 0 | 1 |
| मार्क चैपमैन | 6 | 8 | 0 | 0 |
| मिचेल सैंटनर | 1 | 2 | 0 | 0 |
| मैट हेनरी | 0 | 1 | 0 | 0 |
| लॉकी फर्ग्युसन | 1 | 5 | 0 | 0 |
| ट्रेंट बोल्ट | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 15, **कुल :** 273/10 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-9, 2-19, 3-178, 4-205, 5-243, 6-257, 7-260, 8-260, 9-273, 10-273 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** दिलशान मदुशंका 9.4-1-49-4, कसुन रजिता 9-0-50-4, चमिका करुणारत्ना 9-1-58-0, महीश थीक्षणा 10-0-44-1, दुशान हेमंता 8-0-42-0, धनंजय डीसिल्वा 4-0-13-0

| श्रीलंका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 46 | 40 | 4 | 4 |
| शुभमन गिल | 26 | 31 | 5 | 0 |
| विराट कोहली | 95 | 104 | 8 | 2 |
| श्रेयस अय्यर | 33 | 29 | 6 | 0 |
| के एल राहुल | 27 | 35 | 3 | 0 |
| सूर्यकुमार यादव | 2 | 4 | 0 | 0 |
| रवींद्र जाडेजा | 39 | 44 | 3 | 1 |
| मोहम्मद शमी | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 05, **कुल :** 274/6 (48 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-71, 2-76, 3-128, 4-182, 5-191, 6-269 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 10-0-60-1, मैट हेनरी 9-0-55-1, मिचेल सैंटनर 10-0-37-1, लॉकी फर्ग्युसन 8-0-63-2, रचिन रविंद्र 9-0-46-0, ग्लेन फि लिप्स 2-0-12-0

## वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 5 | 5 | 0 | 10 | +1.353 |
| न्यूजीलैंड | 5 | 4 | 1 | 8 | +1.481 |
| सा. अफ्रीका | 4 | 3 | 1 | 6 | +2.212 |
| ऑस्ट्रेलिया | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.193 |
| पाकिस्तान | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.456 |
| बांग्लादेश | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.784 |
| नीदरलैंड्स | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.790 |
| श्रीलंका | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.048 |
| इंग्लैंड | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.248 |
| अफगानिस्तान | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.250 |

# भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने भी उठाया भारत-न्यूजीलैंड मैच का लुत्फ



**एजेंसी। धर्मशाला**

धर्मशाला में भारत-न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे आईसीसी वर्ल्ड कप के मैच का लुत्फ लेने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सहित कई बड़ो हस्तियां मौजूद हैं। वहीं इनके अलावा बीसीसीआई के सचिव जय शाह और आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल भी मैच का मजा ले रहे हैं। खास बात यह है कि राजनीति में भले ही यह एक दूसरे के प्रतिद्वंद्वी हों लेकिन खेल के इस कुम्भ में सभी एक साथ बैठकर इस बड़े मुकाबले का आनंद ले रहे हैं। वहीं बीसीसीआई के उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला भी इस मैच को देखने के लिए धर्मशाला पंहुचे हैं।

वही इससे पूर्व दिन में दिल्ली से गगल एयरपोर्ट पर पंहुचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर सहित अन्य नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।




# झारखंड की मॉडर्न पेंटाथलॉन टीम गोवा नेशनल गेम्स में हिस्सा लेने के लिए रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नेशनल गेम्स गोवा-2023 में हिस्सा लेने के लिए झारखंड की मॉडर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन ऑफ झारखंड की राज्य टीम रविवार को राष्ट्रीय खेल गोवा के लिए रवाना हो गई। शशिकांत पांडेय ने बताया कि मॉडर्न पेंटाथलॉन प्रतियोगिता 26 से 29 अक्टूबर तक गोवा में आयोजित होगी, जिसमें लेजर रन (रनिंग शूटिंग) 26 अक्टूबर को, ट्रायथल (दौड़ शूटिंग तैराकी) 27 अक्टूबर को, बायथल (दौड़ तैराकी) 28 अक्टूबर को, टेट्राथलॉन (तैराकी, निशानेबाजी, तलवारबाजी, दौड़) 29 अक्टूबर को आयोजित होगी।

झारखंड दल को खेल निदेशक सुशांत गौरव, झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉक्टर मधु कांत पाठक, झारखंड दल प्रमुख शिवेंद्र दुबे, राज्य संघ के अध्यक्ष एस के पांडे, महासचिव शैलेंद्र पाठक, एवं धनबाद जिला मॉडर्न पेंटाथलॉन संघ के अध्यक्ष महावीर प्रसाद महतो महासचिव साकेत मुखर्जी, दिनेश यादव, ब्रह्मदेव यादव, अभिषेक कुमार पांडे, कौशल सिंह, संतोष सिंह, धनंजय, गौतम, आशीष जायसवाल, मुरारी बरनवाल, राजीव श्रीवास्तव व धनबाद पब्लिक स्कूल के खेल शिक्षक शशिकांत पांडे अन्य सभी संघ के अधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।



### झारखंड के इस दल में शामिल खिलाड़ी

- लेजर रन में विराट कुमार राय, रोशन कुमार यादव, शोभा महतो, काजल कुमारी।
- ट्रायथल में अभी कुमार चौधरी, सामिया कुमारी।
- बायथल में प्रेम कुमार महतो, अनुप मुंडा, नंदलाल राय, सामिया कुमारी, मोनिका कुमारी।
- टेट्राथलॉन में शामिल खिलाड़ी -विकास कुमार गोप, प्रेम कुमार महतो, अनुपमूंद शामिल हैं।
- टीम मैनेजर- रणवीर सिंह, हेड कोच- शिवा कुमार महतो, स्विमिंग कोच- उमेश कुमार पासवान, टी
- ऑफिशियल- अभिषेक कुमार पांडे टीम में शामिल हैं।


# मैक्स वेरस्टैपेन ने यूनाइटेड स्टेट्स ग्रां प्री में स्प्रिंट रेस जीती

**एजेंसी। ऑस्टिन (यूएस)**

मैक्स वेरस्टैपेन ने यूनाइटेड स्टेट्स ग्रां प्री में स्प्रिंट रेस जीती। 100 किमी की दौड़ में पोल से जीतने से पहले वेरस्टैपेन ने शूटआउट में सभी तीन सत्रों का नेतृत्व किया। शनिवार को सीजन की अपनी तीसरी स्प्रिंट जीत के लिए हैमिल्टन पर नौ सेकंड की बढ़त बनाने से पहले, वह शुरूआत में लेक्लेर से आगे रहे। ट्रैक सीमा पार करने के कारण क्वालीफाइंग में उनका पोल लैप हटा दिए जाने के बाद, वह रविवार को छठे स्थान से शुरूआत करेंगे, लेकिन अभी भी एक और जीत का लक्ष्य बना रहे हैं।

स्प्रिंट के शुरूआती हिस्से में वेरस्टैपेन अपने 2021 खिताब प्रतिद्वंद्वी हैमिल्टन के दबाव में दिख रहे थे। साथ ही उन्हें इंजन और ड्राइवेबिलिटी संबंधी समस्याओं की शिकायत करते सुना गया, लेकिन उनका कहना है कि यह सब नियंत्रण में था।

फॉमूर्ला 1 के हवाले से वेरस्टैपेन ने कहा, कुछ लैप्स के लिए यह हमेशा आठ, नौ दसवें हिस्से की




तरह था, लेकिन यह सब ब्रेकिंग जोन में नियंत्रित किया गया था। डीआरएस, इस ट्रैक पर इतने बड़े पंखों के साथ, काफी शक्तिशाली है। एक बार जब मैंने डीआरएस पास कर लिया, तो हम सभी अपनी-अपनी लय में आ गए और मुझे लगता है कि आज कार की गति बहुत अच्छी थी।"


हैमिल्टन ने शुरूआत में टर्न 1 से बाहर निकलने पर लेक्लेर को पीछे छोड़ दिया, और जब वह शुरूआत में वेरस्टैपेन की डीआरएस सीमा के भीतर रहे, तो उन्हें दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा, लेक्लेर ने अंत में लैंडो नॉरिस को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष तीन में अंतिम स्थान हासिल किया।

# इंग्लैंड लगातार अपने फैसले गलत ले रहा है : नासिर हुसैन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने जोस बटलर और उनकी टीम के फैसले की आलोचना की। वानखेड़े स्टेडियम में विश्व कप के लीग चरण के मैच में गत चैंपियन को दक्षिण अफ्रीका से 229 रन की रिकॉर्ड हार का सामना करना पड़ा। मुंबई में टॉस जीतकर कप्तान जोस बटलर ने फील्डिंग करने का फैसला किया। हालांकि, यह फैसला उल्टा पड़ गया और इंग्लैंड 400 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका के तेज आक्रमण के सामने 22वें ओवर में 170 रन पर ढेर हो गया। हुसैन को इस बात पर अफसोस है कि इंग्लैंड ने पिच की स्थिति को समझने के बजाय आंकड़ों पर भरोसा किया जिसके कारण शनिवार को उनकी हार हुई।

हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स पर कहा, इंग्लैंड लगातार अपने फैसले गलत ले रहा है। हमने टॉस और टीम का संतुलन गलत समझ



लिया। टीम में किए बदलावों ने इंग्लैंड को मुश्किलों में डाल दिया। मुझे टॉस का फैसला और आंकड़ों पर निर्भरता पसंद नहीं है। पिछली बार जब इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका दोनों खेले थे, तो वे लक्ष्य का पीछा करते हुए पिछड़ गए थे, इसलिए उन्हें सावधान रहने की जरूरत है कि वे कौन से आंकड़े देख रहे हैं। पूर्व कप्तान ने इंग्लिश क्रिकेटरों पर फिटनेस संबंधी चिंताओं के प्रतिकूल प्रभावों का भी उल्लेख किया, जिससे उनकी भूमिका में बटलर के सामने आने वाली मुश्किलें और बढ़ गईं।

पूर्व कप्तान ने आगे कहा, इंग्लैंड को मैदान के बाहर अपने फैसले सही लेने की जरूरत है। प्रदर्शन की गुणवत्ता काफी अच्छी नहीं थी, लेकिन मैदान के बाहर अपने फैसले सही से लेने की बहुत जरूरत है। मैंने सांख्यिकी के बारे में बहुत कुछ सुना है, और इयोन मोर्गन ने सांख्यिकी का उपयोग किया है, लेकिन वहां भी बहुत उत्साह था। आपको अपने निर्णय सही लेने की जरूरत है।

इस हार के कारण इंग्लैंड तालिका में नौवें स्थान पर खिसक गया, जबकि दक्षिण अफ्रीका तीसरे स्थान पर पहुंच गया। शीर्ष चार टीमें विश्व कप सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

इंग्लैंड का अगला मुकाबला 26 अक्टूबर को बेंगलुरु के एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रीलंका से होगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका 24 अक्टूबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बांग्लादेश से भिड़ेगी।

राष्ट्रीय ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

# झारखंड की बसंती ने 5000 मीटर में जीता कांस्य पदक

### झारखंड के एथलीटों ने 02 रजत और 03 कांस्य पदक जीता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवम पश्चिम चंडीगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में 20 से 22 अक्टूबर तक स्पोर्टस कांप्लेक्स,चंडीगढ़ में संपन्न 3री राष्ट्रीय ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के तीसरे दिन। पुर्वी सिंहभूम की बसंती कुमारी ने 5000 मीटर में 16:57:48 सेकंड का समय लेते हुए कांस्य पदक जीता।

इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक उत्तरप्रदेश की नेहा पवर एवम रजत महाराष्ट्र की प्राजक्ता ने जीता। इस उपलब्धि पर झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ. मधुकांत पाठक, सचिव सीडी सिंह, एसके पांडेय, डॉ. प्रभात शंकर, बिनोद



कुमार सिंह, आलोक मिश्रा, आशीष झा, सुखैर भगत, राकेश सिंह, बरूण कुमार, किरण रानी साहू, संजय त्रिपाठी, रविंद्र मुर्मू, बंधन टोप्पो, आशू भटिया, प्रभात रंजन तिवारी, सिकंदर महतो, अजीत साहू, अजय नायक, रनवीर सिंह, प्रभाकर वर्मा, अन्ना गोरेती मिंज, मुकुल टोप्पो, अरविंद कुमार, योगेश यादव, अशोक कुमार, शाशांक भूषण सिंह, समेत संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

टूर्नामेंट

झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2023

# जापान की टीम चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने रांची पहुंची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2023 में हिस्सा लेने के लिए रविवार को जापान की टीम रांची पहुंची। आयोजकों ने खिलाड़ियों को पारंपरिक गमछा और बुके देकर स्वागत किया। एयरपोर्ट पर पारंपरिक नृत्य और ढोल-नगाड़े के साथ खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया। झारखंडी गीतों पर जापानी खिलाड़ी भी खूब थिरके। इसके बाद खिलाड़ियों को सुरक्षा के साथ एयरपोर्ट से होटल चाणक्या बीएनआर पहुंचाया गया।

जापान की टीम के स्वागत के लिए रांची एयरपोर्ट पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, रजनीश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से सिटी एसपी राज कुमार मेहता, हटिया डीएसपी राजा मित्रा, डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद सहित कई जवान मौजूद थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर कहा कि जापानी महिला हॉकी टीम झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के लिए झारखंड में उतरी है और उनके आगमन पर खुशी और उत्साह के साथ स्वागत किया गया।



रांची के मोरहाबादी स्थित हॉकी मैदान में 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में कुल छह टीम हिस्सा ले रही हैं। ये टीम हैं कोरिया, मलेशिया, थाईलैंड, जापान, चीन और भारत। सभी टीम एक ही पूल में हैं। टॉप चार टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। अब तक तीन बार इस ट्रॉफी को कोरिया की टीम ने जीता है। उन्होंने 2010, 2011 और 2016 में यह ट्राफी जीती है। मेजबान भारतीय टीम से भी लोगों को काफी उम्मीद है। जीत की प्रबल दावेदार भी माना जा रहा है।

झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस-2023 को लेकर झारखंड के लोगों में भी काफी उत्साह है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद भी प्रतियोगिता की तैयारियों की देखरेख कर रहे हैं। वीमेंस एशियन चैंपियंस 2023 के ट्राफी का अनावरण भी जोर-शोर से हुआ। मेजबान भारत की टीम रविवार रात में रांची पहुंचेगी। कोरिया की टीम 23 अक्टूबर, मलेशिया की टीम 24 अक्टूबर, चाइना और थाइलैंड की टीम 25 अक्टूबर को रांची पहुंचेगी। भारत और कोरिया की टीम होटल पार्क प्राइम, जापान, थाइलैंड की टीम चाणक्या बीएनआर और मलेशिया तथा चाइना की टीम रेडिसन ब्लू होटल में रुकेंगी।